संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, गुरुवार, 20 अप्रैल 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 108 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मीडिया को संबोधित करते हुए हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर।

# 'चीन के अतिक्रमण से बढ़ सकता है तनाव'

## सशस्त्र बलों, विशेष रूप से भारतीय सेना को एलएसी की सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार अपनी सतर्कता रखनी होगी: राजनाथ सिंह

### कड़ी निगरानी की जरूरत

= सशस्त्र बलों से दुनिया भर में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर ध्यान देने और तदनुसार अपनी योजना और रणनीतियों को ढालने का आह्वान किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को सेना से चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कड़ी निगरानी रखने को कहा क्योंकि पीएलए सैनिकों की तैनाती के मद्देनजर उत्तरी क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। सूत्रों ने कहा कि सेना कमांडरों के सम्मेलन में अपने संबोधन में, राजनाथ सिंह ने बिना किसी विशेष संदर्भ के, सशस्त्र बलों से दुनिया भर में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर ध्यान देने और तदनुसार अपनी योजना और रणनीतियों को ढालने का आह्वान किया।
**देश की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता:** सूत्रों के मुताबिक,





"उत्तरी क्षेत्र में पीएलए सैनिकों की तैनाती के कारण स्थिति तनावपूर्ण है। हमारे सशस्त्र बलों, विशेष रूप से भारतीय सेना को एलएसी की सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार अपनी सतर्कता रखनी होगी।" राजनाथ सिंह की टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में तीन साल से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में आई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार की पूरी कोशिश है कि सीमा पर तैनात हर जवान को बेहतरीन हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाए। सेना कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन सोमवार से शुरू हुआ। यह चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श कर रहा है। जम्मू-कश्मीर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह शांति और स्थिरता देख रहा है और केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

### आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में काफी सुधार हुआ: राजनाथ सिंह



**जम्मू-कश्मीर** का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह शांति और स्थिरता देख रहा है और केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। राजनाथ सिंह ने कहा, "पूर्वोत्तर राज्यों में भी, भारतीय सेना द्वारा चलाए गए अभियानों के बाद आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में काफी सुधार हुआ है।"

### 'देश की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता'

सूत्रों के मुताबिक, "उत्तरी क्षेत्र में पीएलए सैनिकों की तैनाती के कारण स्थिति तनावपूर्ण है। हमारे सशस्त्र बलों, विशेष रूप से भारतीय सेना को एलएसी की सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार अपनी सतर्कता रखनी होगी।" राजनाथ सिंह की टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में तीन साल से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में आई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार की पूरी कोशिश है कि सीमा पर तैनात हर जवान को बेहतरीन हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाए। सेना कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन सोमवार से शुरू हुआ। यह चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श कर रहा है।

## मिजोरम देश का सबसे खुशहाल राज्य



**टीम एक्शन इंडिया/आइजोल**
**मिजोरम** को देश का सबसे ज्यादा खुशहाल राज्य घोषित किया गया है। यहां पर लड़कों और लड़कियों के बीच भेदभाव नहीं किया जाता है। यहां का सोशल स्ट्रक्चर यूथ को खुशी देता है। गुरुग्राम के मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में स्ट्रैटजी के प्रोफेसर राजेश के पिल्लानिया ने अपनी स्टडी में ऐसा दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मिजोरम जो भारत का दूसरा ऐसा राज्य है जिसने 100 प्रतिशत साक्षरता हासिल की है, अपने राज्य के स्टूडेंट्स को कठिन परिस्थितियों में भी विकास का मौका देता है। रिपोर्ट के मुताबिक मिजोरम हैप्पीनेस इंडेक्स 6 पैरामीटर पर आधारित है। इनमें परिवार के रिश्ते, काम से संबंधित मुद्दे, सामाजिक मुद्दे, धर्म, खुशी पर कोरोना का असर, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य शामिल हैं।

## ज्ञानवापी के पैरोकार पर इंजेक्शन अटैक




**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**ज्ञानवापी** मामले के पैरोकार और अखिल भारतीय वैदिक सनातन संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह विसेन पर दिल्ली में मंगलवार देर रात निडिल-सिरिंज से हमला हुआ। हमलावार विसेन को पीछे से कंधे पर इंजेक्शन चुभाकर भाग निकले। मौके पर चिल्लाता देखकर लोग उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने इलाज और पूरी जांच करने के बाद बताया कि उनकी बॉडी में इंजेक्शन से कोई वायरस या दवा डाली गई होगी। इसका असर कई बार सप्ताह भर बाद भी दिखता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है। इधर, ज्ञानवापी परिसर में कथित शिवलिंग की पूजा और राग-भोग के अधिकार से जुड़े मामले की आज सुनवाई होगी। 4 जून, 2022 को यह याचिका शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दाखिल की थी।

## पिता से शादी का खर्च पाना हर बेटी का अधिकार




**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम**
**केरल** हाईकोर्ट ने कहा है कि हर अविवाहित बेटी को अपने पिता से शादी का खर्च पाने का अधिकार है, भले वो किसी भी धर्म की हो। जस्टिस अनिल के. नरेंद्रन और पीजी अजीत कुमार ने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही। बेंच के सामने मुद्दा था कि क्या एक ईसाई बेटी अपने पिता की अचल संपत्ति या उससे होने वाले मुनाफे से शादी के खर्च हिस्सा हासिल कर सकती है। हालांकि बाद में याचिका खारिज कर दी गई। कोर्ट ने कहा, "किसी के धर्म के आधार पर यह दावा नहीं किया जा सकता है कि उसे कुछ नहीं मिलेगा, कुंवारी बेटी का अपने पिता से शादी का खर्च पाने का अधिकार कानूनी है।

## कर्नाटक चुनाव, बीजेपी ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की



**बेंगलुरु:** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत 40 नाम हैं। कर्नाटक में 224 सीटों के लिए 10 मई को वोट डाले जाएंगे। यहां नतीजों का ऐलान 13 मई को होगा। भाजपा अब तक 222 सीटों पर कैंडिडेट्स का ऐलान कर चुकी है। इस बीच, शिगगांव से नामांकन दाखिल करने के पहले सीएम बोम्मई ने हावेरी में रोड शो किया। जिसमें उनका सपोर्ट करने बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कन्नड़ एक्टर किच्चा सुदीप शामिल हुए। शो के दौरान नड्डा ने कांग्रेस के लिए कहा कि इस पार्टी का मतलब कमीशन, करप्शन और क्रिमिनलाइजेशन है।

## भारत बना दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश




### रिपोर्ट जारी

= भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो गई है। जबकि चीन की आबादी 142.57 करोड़ है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत चीन को** पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो गई है। जबकि चीन की आबादी 142.57 करोड़ है। गौरतलब है, संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार सुबह एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें कहा गया था कि भारत इस साल के मध्य तक दुनिया का सबसे आबादी वाला देश बन जाएगा। साथ ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला कि भारत 30 लाख से अधिक लोगों के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा।
**अमेरिका तीसरे नंबर पर:** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023 के जनसांख्यिकीय आंकड़ों का अनुमान है कि चीन की 142.57 करोड़ की तुलना में भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो अमेरिका 34 करोड़ की आबादी के साथ तीसरे नंबर पर है। यूएनएफपीए की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 25 प्रतिशत जनसंख्या 0-14 वर्ष के आयु वर्ग की है।

## नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेशनल क्वांटम मिशन के लिए मंजूरी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने दी है। इसके लिए 6,003 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। 2023-24 से 2030-31 तक का इसकी समयसीमा है। इस दौरान सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 पर भी बड़ा फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा



कि फिल्म जगत, कलाकारों और प्रशंसकों से जुड़ा हुआ निर्णय लिया गया है। बहुत समय से मांग थी कि पायरेसी पर कुछ किया जाए। आज कैबिनेट ने अनुमति दी है कि संसद के आने वाले सेशन में सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 लाया जाएगा।



एप्पल के सीईओ टीम कुक ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते हुए।

## शिक्षक भर्ती घोटाला, खुले में जलते मिले डॉक्यूमेंट्स

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल के चर्चित शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई और ईडी जांच कर रही है। इस बीच 24 परगना जिले के भांगर इलाके में कुछ जले हुए डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। जांच एजेंसियों को शक है कि कुछ अज्ञात लोगों ने घोटाले से जुड़े सबूत मिटाने की कोशिश की है। सीबीआई ने जले हुए डॉक्यूमेंट्स के सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए भेज दिए हैं। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि, हमें

### ईडी की जांच

= भांगर इलाके में कुछ जले हुए डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। एजेंसियों को शक है कि कुछ अज्ञात लोगों ने घोटाले से जुड़े सबूत मिटाने की कोशिश की है

अपने सूत्रों से जानकारी मिली थी। मौके से कुछ अधजले कागजात बरामद किए गए हैं। दस्तावेज किससे जुड़े हैं, यह अभी पता नहीं चल पाया। इसका वैरिफिकेशन होना बाकी है।
**बिहार के खनन व्यवसाय से जुड़े कागजात होने का भी शक:** सीबीआई के एक सीनियर अफसर का दावा है कि ये कागजात पड़ोसी जिले बिहार के कई क्षेत्रों में खनन व्यवसायों से संबंधित हो सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कुछ दस्तावेज पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले से संबंधित हैं? अधिकारी ने कहा, 'ऐसा तो नहीं लगता।'

## केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय में स्टाफ का टोटा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र सरकार के** स्वास्थ्य मंत्रालय में स्टाफ की भारी कमी है। मंत्रालय की विभिन्न डिवीजन और यूनिटों में पर्याप्त स्टाफ न होने की वजह से कर्मियों और अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के नियमों में बदलाव किया गया है। अब संबंधित कर्मचारी को प्रतिनियुक्ति का आवेदन देना, महंगा पड़ सकता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के 17 अप्रैल को जारी सर्कुलर में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि अगर किसी भी डिवीजन से प्रतिनियुक्ति का कोई आवेदन प्राप्त होता है, तो यह मान लिया जाएगा कि उस कार्मिक/अधिकारी की वहां पर जरूरत नहीं है। इसके बाद कार्मिक या अफसर को उस डिवीजन से बाहर कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में स्टाफ की कमी चल रही है। हालांकि इसके साथ ही मिशन मोड में नियुक्तियां देने की प्रक्रिया भी जारी है। अधिकांश मंत्रालय, अपने यहां पर स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए रिटायर्ड कार्मिकों को अवसर दे रहे

### भारी कमी

= यूनिटों में पर्याप्त स्टाफ न होने की वजह से कर्मियों और अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के नियमों में बदलाव किया

हैं। उन्हें बतौर सलाहकार, नियुक्त किया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने सर्कुलर में कहा है कि विभिन्न यूनिटों में स्टाफ की भारी कमी हो गई है। मंत्रालय ऐसी स्थिति में नहीं है कि वह अपने स्टाफ को प्रतिनियुक्ति पर भेजने की इजाजत दे। अगर इसके बावजूद किसी डिवीजन में ज्वाइंट सेक्रेटरी के माध्यम से प्रतिनियुक्ति पर जाने का आवेदन आता है, तो सक्षम प्राधिकारी यह मान लेगा कि उस डिवीजन में संबंधित कार्मिक की सेवाओं की जरूरत नहीं है।

## एनसीपी विश्वासघात करती है: शिवसेना प्रवक्ता

**टीम एक्शन इडिया/मुंबई**
**शिवसेना** प्रवक्ता संजय शिरसाट ने कहा कि एनसीपी एक ऐसी पार्टी है, जो विश्वासघात करती है। अगर अजीत पवार एनसीपी नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए, तो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना महाराष्ट्र में सरकार का हिस्सा नहीं होगी। शिरसाट ने यह बात मुंबई में मीडिया से कही।
**कांग्रेस-एनसीपी के साथ जाना पसंद नहीं था, इसलिए उद्धव की पार्टी**



**छोड़ी:** उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि एनसीपी सीधे भाजपा के साथ नहीं जाएगी। हमारी नीति इसके बारे में स्पष्ट है। हम सत्ता में भी एनसीपी के साथ नहीं होंगे। अगर भाजपा एनसीपी को अपने साथ लेती है, तो महाराष्ट्र इसे पसंद नहीं करेगा। हमने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पूर्व अविभाजित शिवसेना से बाहर निकलने का फैसला किया था क्योंकि लोगों को हमारा कांग्रेस और एनसीपी के साथ

### ठनी

= अजीत पवार भाजपा में शामिल हुए, तो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना सरकार का हिस्सा नहीं होगी

जाना पसंद नहीं आया था। शिरसाट ने कहा कि अजीत पवार ने कुछ भी नहीं कहा। इसका मतलब है कि वे एनसीपी में नहीं रहना चाहते हैं। हमने कांग्रेस-एनसीपी (जो पिछली महा विकास अघाड़ी सरकार का हिस्सा थे)।

## परीक्षा में आंसर लोकल लैंग्वेज में हों: यूजीसी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश की यूनिवर्सिटीज से कहा कि स्टूडेंट्स को लोकल लैंग्वेज में परीक्षा लिखने की अनुमति दें। भले ही कोर्स अंग्रेजी मीडियम में हो। टीचिंग लर्निंग प्रोसेस के लिए भी स्थानीय भाषा का इस्तेमाल करें। ओरिजनल राइटिंग के लिए ट्रांसलेशन को भी बढ़ावा दें। इसकी जानकारी यूजीसी के चेयरमैन जगदीश कुमार ने दी है। आयोग ने कहा कि हाईअर एजुकेशन इंस्टीटयूशन टेक्स्टबुक तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके

## पंजाब: जेल में मुख्तार को मिली थी वीवीआईपी ट्रीटमेंट

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदकोट**
**पंजाब की** जेल में बंद रहे उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर व नेता मुख्तार अंसारी को वीवीआईपी ट्रीटमेंट मिला। इसका खुलासा पंजाब पुलिस की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार मुख्तार अंसारी ने वीवीआईपी ट्रीटमेंट के लिए अधिकारियों को रिश्वत भी दी है। यह रिपोर्ट बुधवार को पंजाब सीएम भगवंत मान के पास पहुंच गई है। अब सरकार इस मामले में एक्शन लेने की तैयारी में है
**पुलिस ने चालान भी पेश नहीं किया:** अंसारी पंजाब की रूपनगर जेल में जनवरी, 2019 से अप्रैल 2021 के बीच में बंद था। रिपोर्ट के अनुसार जेल में बंद रहने के



दौरान न सिर्फ उसे विशेष सुविधाएं दी गई, बल्कि जिस मामले में पंजाब पुलिस उसको ट्रांजिट रिमांड पर लाई थी, उसका चालान भी पेश नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में पंजाब पुलिस के कुछ अधिकारी भी जिम्मेदार हैं।
**जेल में मुख्तार अंसारी को विशेष सुविधाएं:** 2020 में यूपी की पुलिस ने आरोप लगाया था कि रूपनगर जेल में गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके बदले में जेल अधिकारियों ने अंसारी से रिश्वत ली। इन आरोपों को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने सरकार बनने के 2 महीने बाद मामले की जांच के लिए एडीजीपी आरएन ढोके की अध्यक्षता में कमेटी गठित की।
इस कमेटी ने बुधवार को सीएम भगवंत मान को रिपोर्ट सौंपी है। बताया जा रहा है कि अंसारी को मदद पहुंचाने वाले वाले अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करने की सिफारिश की गई है। जल्द ही इस मामले में बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

**दीक्षांत समारोह** राज्यपाल ने एक धरती-एक परिवार-एक भविष्य की अवधारणा का संवाहक बनने का किया आह्वान

## राष्ट्रपति ने 26वें दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित 26वें दीक्षांत समारोह में 10 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर दीक्षांत समारोह को संबोधित भी किया और गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।
दीक्षांत समारोह में 99 विद्यार्थियों को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई, जिनमें 59 छात्राएं एवं 40 छात्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 111 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए,



जिनमें 34 छात्र एवं 77 छात्राएं शामिल हैं। इससे पहले, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सभी उपाधिधारकों और स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति की गरिमामयी उपस्थिति में इस दीक्षांत समारोह का आयोजन हम सबके लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षण संस्थान में ज्ञान अर्जित करना विद्यार्थी जीवन का एक महत्वपूर्ण अवसर है और

### पदक प्रदान किए

= ईमानदार प्रयासों से ही हासिल होती है जीवन में सफलता: मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

अब औपचारिक शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत वे इस ज्ञान को व्यावहारिक रूप से अपनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।
विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह खुशी की बात है कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा इस विश्वविद्यालय को पुनः ए-ग्रेड प्रदान किया गया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय देश का एक अग्रणी संस्थान है और समस्त भारत सहित देश-विदेश से भी विद्यार्थी यहां उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान कार्य के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का गौरवमयी इतिहास है और यहां से शिक्षा अर्जित करने के उपरांत विद्यार्थी राष्ट्र और विश्व स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टिकाऊ एवं मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ आज भारत विश्व के समृद्ध राष्ट्रों में शुमार होने की दिशा में अग्रसर हैं।

# हरियाणा पुलिस को मिले 515 कमांडो

## बुधवार को आरटीसी भोंडसी में हुई पासिंग आउट परेड, आईबी के निदेशक तपन कुमार डेका ने ली सलामी

**8 परेड के साथ ही हरियाणा पुलिस में 515 नेवल कमांडो पुलिस में शामिल हो गए**





**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**हरियाणा** पुलिस के लिए नेवल कमांडो के पहले बैच का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद बुधवार को दीक्षांत पासिंग आउट परेड हुई। इस परेड के साथ ही हरियाणा पुलिस में 515 नेवल कमांडो पुलिस में शामिल हो गए। पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) भोंडसी में आयोजित पासिंग आउट परेड में आईबी के निदेशक तपन कुमार डेका ने सलामी ली। कार्यक्रम में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। भोंडसी स्थित रेक्रूट ट्रेनिंग सेंटर के दीक्षान्त परेड स्थल में नेवल कमांडो के पहले बैच के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका ने दीक्षांत समारोह में परेड टुकडियों का निरीक्षण करने उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में दीक्षांत परेड एक गौरवशाली क्षण है। यह जीवन में केवल एक बार ही आता है। इसलिए वे प्रशिक्षण के दौरान बताई गई सभी बातों को अपने जीवन में अमल करें। उन्होंने कहा कि विगत दशकों में यह साबित हुआ है कि देश के हर कोने में पुलिस बलों ने अदम्य साहस और सूझ-बूझ से बड़ी-बड़ी समस्याओं का बखूबी सामना किया है, और उन पर विजय भी प्राप्त की है। फिर चाहे वो जम्मू-कश्मीर और उत्तर पूर्व में इनसरजेंशी का चैलेंज हो या फिर देश के मध्य भाग में लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिस्म की समस्या। राज्य के पुलिस बल, इन पुरानी और नई उभरती समस्याओं से निपटने के लिए निरंतर अपने आप को अपस्किल और री-स्किल करते रहते हैं। ऐसे में आज कमांडो विंग का अपना प्रशिक्षण पूरा कर हरियाणा पुलिस बल का हिस्सा बन रहे 515 जवानों से निश्चित ही हरियाणा के पुलिस बल की कार्यकुशलता में और बढ़ोतरी होगी।

**विकास रहे प्रथम स्थान पर:** आईबी निदेशक ने समारोह में बैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया। प्रथम स्थान विकास, दूसरा स्थान आकाश तथा तीसरा स्थान आशु को मिला, जिन्हें प्रशंसा पत्र व नकद इनाम की राशि भेंट कर पुरस्कृत किया गया। सिपाही अभिषेक को बेस्ट इन कमांड की उपलब्धि पर प्रशंसा पत्र व नकद इनाम की राशि भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

**515 में से 514 रैक्रूट हैं**

**अविवाहित:** भोंडसी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में तैनात अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ममता सिंह ने बताया कि रैक्रूट बेसिक कोर्स बैच नंबर एन-1 की पासिंग आउट परेड में 515 पुरुष रैक्रूट सिपाही पारंगत होकर देशसेवा के लिए समर्पित होने वाले इस बैच में 1 स्नातकोतर, 82 स्नातक, 1 डिप्लोमा धारक व 431 प्रशिक्षणार्थी बाहरवीं पास हैं। वहीं बैच में युवाओं की संख्या भी अच्छी खासी है। बैच में 514 प्रशिक्षणार्थी अविवाहित है।

# बचपन को बचाने के लिए ऑपरेशन मुस्कान कामयाबी की राह पर: एडीजीपी

**8 हिसार रेंज में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने 33 बिछड़ों को मिलाया अपनों से**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने रेंज में पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत 15 दिनों में किये गए कार्यों एवं मिली सफलता बारे समीक्षा की।
पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी वार्षिक कम्पेन कैलेंडर की अनुपालना में हिसार रेंज में इस माह मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। एडीजीपी ने बुधवार को बताया कि हरियाणा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत हिसार रेंज पुलिस ने 15 दिनों के अन्दर 33 बच्चों/व्यस्कों को उनके परिवारों से मिलवाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। ये किसी कारण से अपनों से बिछड़ गए थे। इनमें हिसार पुलिस द्वारा चार, पुलिस जिला हांसी से 13, जिला फतेहाबाद से एक, जिला जींद से सात व जिला सिरसा से आठ को रेस्कयू किया गया है। पुलिस द्वारा रेस्क्यू किए गए बच्चों के परिजनों को भविष्य में उन्हें सावधानी बरतने बारे कहा गया व बच्चे उन्हे सौंप दिए गए। ऑपरेशन स्माइल को ऑपरेशन मुस्कान के नाम से भी जाना जाता है। ये ऑपरेशन लापता बच्चों का पता लगाने और उनका पुनर्वास कराने के लिए एक योजना है। इस योजना के तहत लगातार एक महीने तक अभियान चलाया जाएगा, जिसमें पुलिस लापता बच्चों की पहचान कर, उन्हें रेस्क्यू करके उनके परिवारों से मिलाने का प्रयास करेगी। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को इस ऑपरेशन के तहत और अधिक तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

**8 रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को इस ऑपरेशन के तहत और अधिक तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं**

# पानीपत शहर को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर करेंगे सभी प्रयास: वीरेंद्र दहिया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने कहा कि पानीपत शहर को टैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए हर संभव सभी प्रयास किए जाएंगे। जिसके लिए पुलिस प्रशासन व अन्य संबंधित विभागों का भी सहयोग लिया जाएगा। वहीं डीसी के निर्देश पर एसडीएम वीरेंद्र ढुल व पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को शहर में स्थानीय सेक्टर 13-17 कट से लेकर जीटी रोड पर गांव सिवाह तक और गोहाना रोड व असंध रोड सहित विभिन्न जगहों पर जाम की स्थिति बनने वाले प्वाईंटों का जायजा लिया। इसी के साथ ही उन्होंने जाम लगने के कारण व अन्य बेहतर ट्रैफिक संचालन व्यवस्थाओं को लेकर भी जानकारी ली। इसके उपरान्त ट्रैफिक व्यवस्था की पूरी स्थिति की जानकारी उपायुक्त को दी गई। डीसी वीरेन्द्र दहिया ने कहा कि आमजन का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि वे भी ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए शहर को जाम मुक्त करने में सहयोग दें।

# परिचित बताकर वकील को लगाया डेढ़ लाख का चूना

**हिसार:** शहर के वयोवृद्ध वकील के साथ किसी ने परिचित बताकर लगभग डेढ़ लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। फोन करने वाले ने वकील के परिचित चिकित्सक का नाम बताकर दिल्ली में इलाज के लिए उसे ऑनलाइन पैसे भेजने की डिमांड की। जब वकील डॉक्टर के पास गया तो उसे धोखाधड़ी का पता चला। लगभग 77 वर्षीय वकील पृथ्वी सिंह सैनी ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। एसपी को दी शिकायत में वकील पृथ्वी सिंह सैनी ने बताया कि उसके पास अनजान व्यक्ति ने फोन पर कहा कि वह आपसे कई बार जाट कॉलेज के पास गोविंद नर्सिंग होम में मिला है।

# प्रदूष विभाग ने 50 राइस मिल मालिकों को थमाये नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
बुधवार को प्रदूषण विभाग ने गुहला चीका वह उसके आसपास खुशहाल माजरा के नजदीक चल रहे 50 राइस मिल मालिकों को नोटिस दिया है। जैसे ही राइस मिल मालिकों को नोटिस देने की कार्रवाई शुरू हुई तो हड़कंप मच गया। प्रदूषण विभाग को इन राइस मिल मालिकों के खिलाफ शिकायतें मिली थी। प्रदूषण विभाग के एसडीओ विकास हुड्डा ने बताया कि गांव खुशहाल माजरा के अमर सिंह, कुलवंत सिंह, जसबीर सिंह व स्वर्ण सिंह ने शिकायत की थी कि उनके घरों के आसपास भारी संख्या में राइस मिल बने हुए हैं और उनमें भारी अनियमितताएं हैं। राइस मिल चलने पर जो राख पैदा होती है। वह उड़कर उनके घरों व खेतों में गिर जाती है। जिससे उनका स्वास्थ्य तो खराब हो ही रहा है। वहीं दूसरी तरफ उनकी रोजमर्रा की जिन्दगी भी प्रभावित हो रही है। हुड्डा ने बताया कि ग्रामीण राइस मिलों से निकलने वाले गंदे पानी की सही निकासी ना होने से भी परेशान हैं। उनका आरोप है कि कई बार जन स्वास्थ्य विभाग की पाइपों के लीकेज हो जाने के कारण राइस मिलों का गंदा पानी उनकी रसोई तक भी पहुंच रहा है। जिस कारण लोग खुजली, पीलिया व अन्य बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। हुड्डा ने बताया कि जब जांच की गई तो राइस मिलों में खामियां पाई गई। जिसके बाद नोटिस देने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि राइस मिल मालिकों को 15 दिन का नोटिस देकर स्पष्ट रूप से आदेश दे दिए गए हैं कि वे राइस मिल में राखी को गिला रखने वाले उपकरण लगवाएं या फिर राखी को ढकने के सही इन्तजाम करें ताकि राखी उड़ ना सके। उन्होंने बताया कि प्रदूषित पानी के लिए अलग से बड़े टैंक बनाने व अन्य कोई व्यवस्था करने के आदेश दिए गए हैं।

# हथियारों के बल पर कार लूटने वाले गिरोह के सरगना सहित चार बदमाश गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने एसपी अजित सिंह शेखावत के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए हथियारों के बल पर कार लूटने वाले गिरोह का पदार्फास करते हुए गिरोह के सरगना सहित चार बदमाशों को मंगलवार रात को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि उनकी टीम मंगलवार रात को गश्त के दौरान गांव भापरा अड्डे पर मौजूद थी। टीम को सूचना मिली की गढ़ी छाजू मोड़ पर अवैध हथियारों से लैस 4 युवक बिना नंबर की एक टाटा पंच कार लेकर खड़े है। पुलिस टीम ने गाड़ी पर लगी बत्ती को उतार कर अंदर रख लिया और तुरंत गढ़ी छाजू मोड़ के नजदीक पहुंचे तो हथियारों से लैस चार युवक एकदम रोड पर आए और गाड़ी को रूकने का इशारा किया। ड्राइवर ईएसआई शमशेर ने गाड़ी रोक दी। गाड़ी के रूकते ही उनमें से एक आरोपी ने ड्राईवर शमशेर की तरफ पिस्तौल तान दी और गाड़ी से नीचे उतरने व जो कुछ सामान है, निकालने की धमकी दी। हालांकि पुलिस टीम ने सूझबूझ से कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक टाटा पंच कार, एक देसी पिस्तौल, एक डोगा गन, दो जिंदा रौंद, एक लोहा पंच व एक सरिया बरामद हुआ है। आरोपियों की पहचान नीरज निवासी गांव आटा पानीपत, रोहित निवासी पुरखास सोनीपत, शिवम निवासी नाथूबास भिवानी व सोनू निवासी ब्रह्मन वास अलवर राजस्थान के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने के लिए पुलिस टीम ने चारों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहा से चारों आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**8 आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहा से चारों आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया**

# टीम वर्क विभिन्न सरकारी विभागों के प्रयासों के परिमों को बढ़ाने की कुंजी है: एडीजी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**चंडीगढ़** द्वारा सेक्टर 6, चंडीगढ़ में यूटी स्टेट गेस्ट हाउस में इंटर-मीडिया प्रचार समन्वय समिति (आईएमपीसीसी) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त महानिदेशक (क्षेत्र) पीआईबी चंडीगढ़, श। राजेंद्र चौधरी.
बैठक विभिन्न विभागों के सदस्यों को उनकी योजनाओं और गतिविधियों के प्रभाव को बढ़ाकर उनकी गतिविधियों और पहलों को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए बुलाई गई है। बैठक सरकारी पहलों के बारे में विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करती है और सर्वोत्तम मीडिया कवरेज देने का प्रयास करती है। प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल और वेबसाइटों के माध्यम से जहां भी संभव हो सूचना और ग्राफिक्स के माध्यम से उनके कार्यक्रमों के लिए, और क्षेत्र में स्थानीय और राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस या मीडिया ब्रीफिंग की व्यवस्था करने में भी मदद करता है। बैठक के दौरान, राजिंदर चौधरी ने प्रेस सूचना ब्यूरो, चंडीगढ़ और केंद्रीय संचार ब्यूरो, चंडीगढ़ क्षेत्र के कामकाज पर प्रकाश डाला। चौधरी ने जोर देकर कहा कि क्षेत्र में सूचना और प्रसारण मंत्रालय, राज्य डीआईपीआर और केंद्र सरकार के विभागों की विभिन्न मीडिया इकाइयों के बीच अंतर-मीडिया संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने योजनाओं की बेहतर मीडिया कवरेज प्राप्त करने में सार्थक जानकारी और बेहतर मीडिया एकीकरण और तालमेल देने में विभागों के बीच सहयोग पर भी जोर दिया।

# पीला पंजा चलाकर अवैध कब्जे को गिराया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
उपमंडल के गांव शेखपुरा की ग्राम पंचायत की जमीन पर काटे गए खाद गढ़ो से प्रशासन ने हटाए अवैध निर्माण।बीडीपीओ कार्यालय में तैनात समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी जयभगवान ने बताया कि शेखपुरा गांव में पंचायत की जमीन पर काटे गए खाद गढो पर गांव के ही एक व्यक्ति ने चारदीवारी करके अवैध कब्जा कर रखा था। उन्होंने बताया कि बुधवार को तहसीलदार ड्यूटी मजिस्ट्रेट रविंद्र हुड्डा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ अवैध कब्जे को जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया । एसडीपीओ जय भगवान ने बताया कि शेखपुरा गांव में खाद गड्ढो पर एक व्यक्ति ने चारदीवारी निकाल कर अवैध कब्जा कर लिया था। जिसके बारे ग्राम पंचायत से रिपोर्ट तलब की गई तो उस पर अवैध कब्जे पाए गए आज पुलिस प्रशासन व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में अवैध कब्जों को पीले पंजे से ध्वस्त कर दिया गया है। जय भगवान ने बताया कि ग्राम पंचायत की जमीन पर किसी भी प्रकार का कोई कब्जा बर्दाशत नहीं होगा उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि किसी ने कब्जा करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सचिव कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# धन्ना भगत की जयंती को सफल बनाने को लेकर आजाद नेहरा ने ग्रामीणों को दिया न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य आजाद सिंह नेहरा गन्नौर विधान सभा के गाँव सांदल खुर्द मे धन्ना भगत की जयन्ती के लिए ग्रामिणो को न्यौता दिया। नेहरा ने कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए गांव गांव जाकर ग्रामीणों को न्यौता दिया है। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए नेहरा ने कहा कि 23अप्रैल को कैथल जिला के धन्नौरी गांव में हरियाणा सरकार की तरफ से धन्ना भगत की जयन्ती मनाई जा रही है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे । नेहरा ने बताया कि इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड विशिष्ट अतिथि के रुप मे शिरकत करेंगे और कार्यक्रम के सयोंजक भाजपा के पूर्व प्रधान सुभाष बराला भी लोगों को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर राजपुर मण्डल अध्यक्ष अमित सैनी,उपाध्यक्ष सतबीर प्रजापति ,पूर्व सरपंच महताब लाकडा , दिनेश मास्टर व अजीत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बहादुरगढ़ पहुंची परिवर्तन पद यात्रा का जनता ने किया जोरदार स्वागत

## हर वर्ग भाजपा गठबंधन सरकार की गलत नीतियों से बेहद परेशान है: चौ. अभय सिंह चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
"**परिवर्तन पदयात्रा** आपके द्वार" बुधवार को बहादुरगढ़ हलके के गांव सोलधा पहुंची। जिसके बाद बाइपास पर नया गांव चौक, बालोर चौक से होते हुए बालोर गांव पहुंची। जहां हनुमान मंदिर के पास यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। उसके बाद विशाल बाइक रैली की अगुवाई में यात्रा चम्पा गार्डन पहुंची और लोगों ने उत्साहपूर्वक चौ. अभय सिंह चौटाला का अभिनंदन किया। सैकड़ों बाइकों के काफिले के साथ यात्रा नजफगढ़ रोड पर शहीद भगत सिंह पार्क में आयोजित विशाल जनसभा में पहुंची। जनसभा में उपस्थित लोगों ने ताऊ देवीलाल अमर रहे, इनेलो पार्टी जिंदाबाद, अभय सिंह चौटाला जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए। इससे पूर्व गांव सोलधा में अभय सिंह चौटाला पत्रकारों से भी रूबरू हुए और उन्होंने यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों पर यदि अंकुश लगाना है तो सभी विपक्षी दलों को एकजुट होने की आवश्यकता है, नहीं तो भाजपा तानाशाही रवैया अपनाकर देश व प्रदेश की जनता को बर्बाद कर देगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में पेयजल का भारी संकट है, बिजली सुचारू रूप से लोगों को नहीं मिल रही है, वहीं स्कूलों व अस्पतालों में स्टाफ की कमी है। नई भर्तियों के नाम पर भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा है। सरेआम लोगों से नौकरी के नाम पर भाजपा नेता पैसों की मांग कर रहे हैं। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन शराब के नाम पर भारी घोटाले कर रहा है। जिसका कोई ब्यौरा विधानसभा में नहीं दिया जाता। शहीद भगत सिंह पार्क में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यात्रा जिस भी क्षेत्र में पहुंच रही है तो वहां कांग्रेस, जजपा व भाजपा से सैकड़ों लोग इन पार्टियों को छोड़ कर इनेलो का दामन थाम रहे हैं। इस यात्रा से इनेलो के कार्यकताओं में जोश ही नहीं बल्कि संगठन के लिहाज से भी इनेलो पहले से कहीं अधिक मजबूत होता दिखाई दे रहा है। अभय चौटाला ने कहा कि इस पदयात्रा के दौरान उन्हें जहां लोगों के बीच में रह कर हरियाणा की वास्तविक स्थिति को करीब से देखने का मौका मिला, वहीं जिस तरह से महिलाएं और युवा बड़ी तादाद में जनसभाओं में आ रहे हैं उससे एक बात तो तय है कि बदलाव निश्चित है।

# गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग की रेड, ईट भट्ठे को किया सील



**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के गाँव बरोना में गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग टीम ने भारी मात्रा में भट्ठों में प्रयोग किए जाने वाला अवैध काला कार्बन बरामद किया गया है। इस काला कार्बन को एक बंद पड़े भट्टे में स्टॉक के रूप में रखा गया था। जिन्हें अन्य भट्ठो को सप्लाई किया जा रहा था। सीएम उड़न दस्ते में शामिल सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, हैड कांस्टेबल राजेश, प्रदूषण विभाग एसडीओ प्रवीण कुमार, राहुल द्वारा मौके का मुआयना किया गया। जहां पर प्रतिबंधित इंधन काला कार्बन भारी मात्रा में बरामद किया गया। मौजूदा स्थान पर दो ट्रालियों में प्रतिबंधित इंधन के कट्टे लदे हुए पाए गए। दोनो ट्रालियों में लदे प्रतिबंधित इंधन को बरोना स्थित एक भट्ठे पर पहुंचाया जाना था। इसके बाद सीएम फ्लाइंग की टीम उक्त भट्ठे पर पहुंची। जहां पर लगभग 30 से 35 बोरे प्रतिबंधित काला कार्बन के मिले। उक्त भट्टे पर प्रतिबंधित काला कार्बन का प्रयोग किया जा रहा था। बंद पड़े भट्टे पर लगभग 5000 से 5500 बोरो का स्टॉक मिला है।

# दिव्यांगों की भी पीपीपी के माध्यम से ऑटोमेटिक बनेगी पेंशन

## सीएम ने प्रो एक्टिव दिव्यांग पेंशन सेवा सहित 3 नई ई-गवर्नेंस पहलों की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**ई-गवर्नेंस** से सुशासन की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 3 नई पहलें आरंभ की हैं। इनमें प्रो इन पहलों से लाभार्थी डिजिटल रूप रूप से और अधिक सशक्त बनेंगे। मुख्यमंत्री ने आज यहां आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ये तीन आईटी पहल निश्चित रूप से राज्य सरकार के पेपरलैस और पारदर्शी शासन के दृष्टिकोण में मील का पत्थर साबित होंगी

प्रो-एक्टिव दिव्यांग पेंशन सेवा के बारे में जानकारी देते हुए मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार सभी सरकारी सेवाओं को लोगों के घर द्वार पर पहुंचाने के लिए वचनबद्ध है। इसी कड़ी में अब हमने दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को ऑटोमेटेड



पेंशन का लाभ देने का फैसला किया है। आज से दिव्यांग पेंशन को भी परिवार पहचान पत्र से जोड़कर आटोमैटिक ढंग से पेंशन बनाने का काम शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिवार सूचना डेटा कोश में 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग के रूप में सत्यापित दिव्यांगों के प्रासंगिक डेटा को हर महीने हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। सत्यापन के बाद पात्र पाए गए ऐसे सभी दिव्यांगों का डेटा योजना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुसार सेवा विभाग के साथ साझा किया जाएगा। सेवा विभाग के जिला अधिकारी पेंशन शुरू करने के लिए इन नागरिकों की सहमति लेने के लिए उनके पास जाएंगे। सहमति प्रदान करने वाले सभी दिव्यांगों की अगले महीने से

**8 -एक्टिव दिव्यांग पेंशन सेवा, ताऊ से पूछो व्हाट्सएप बॉट और पीडब्ल्यूडी विश्राम गृहों की ऑनलाइन रूम बुकिंग सुविधा शामिल है**

पेंशन शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब ऐसे सभी लाभार्थियों को अपना लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**'ताऊ से पूछो' व्हाट्सऐप बॉट पर नागरिक पीपीपी से जुड़े अपने सवालों की जानकारी कर सकेंगे प्राप्त:** मुख्यमंत्री ने वेब बेस्ड चैट बॉट सॉल्यूशन के साथ-साथ ताऊ से पूछो नामक व्हाट्सएप बॉट का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान नंबर जारी करने के लिए हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण की स्थापना की हुई है। आज के डिजिटल युग में नागरिकों की विशाल संख्या के विभिन्न सवालों के जवाब देना एक बड़ा कठिन कार्य है। इसके समाधान के लिए हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण ने वेब बेस्ड चैट बॉट सॉल्यूशन के साथ-साथ ताऊ से पूछो' व्हाट्सएप बॉट बनाया है। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप के साथ एकीकृत ताऊ से पूछो नामक व्हाट्सएप बॉट नागरिकों के प्रश्नों का तुरंत जवाब देगा। यह सबके लिए आसानी से सुलभ होगा और नागरिक अपने घर बैठे सरलता से व्हाट्सएप पर संवाद कर सकेंगे। इस इंटीग्रेटेड डिजीटल प्लेटफॉर्म में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग जैसी तकनीकों को जोड़ा गया है।

# चालक और परिचालकों का बीमा भी 50 लाख करने की कोशिश: मूलचंद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार इस बात के लिए प्रयास कर रही है कि चालक और परिचालकों का बीमा भी पुलिस विभाग की तर्ज.पर 30 लाख की बजाय 50 लाख किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 1190 परिचालकों की भर्ती जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। मूलचंद शर्मा ने ये निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए। परिवहन मंत्री ने कहा कि 125+3 (पूरक) मिनी बसें आ चुकी हैं तथा अप्रैल माह के अंत तक 50 एचवीएसी बसें और आ जाएगी। गत मार्च माह तक विभिन्न डिपो में 404 बसें भेजी जा चुकी हैं तथा इस माह के अंत तक 150 और बसें आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इलैक्ट्रिक बसें भी खरीदी जाएगी। बैठक में बताया गया कि विभाग के 6 डिपो और 4 सब-डिपो में ई-टिकटिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि बाकी के डिपो में भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। वॉल्वों बसों में ऑनलाइन आरक्षण



सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा, 60-65 वर्ष की आयु के वरिष्ठ नागरिकों के बस पास जारी किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि सभी महाप्रबंधकों को ओवर टाइम शुरू करने बारे पत्र जारी कर दिया गया है। बैठक के दौरान परिवहन मंत्री को अवगत कराया कि विभाग में 8 पदों को ऑनलाइन स्थानांतरण पॉलिसी के तहत लाया जा रहा है। इन सभी पदों के लिए सारी प्रक्रियाएँ पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए ऑप्शन/प्राथमिकता माँगी जा रही हैं जोकि 26 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस अड्डों पर लोगों को सभी मूलभूत सुविधायें मिलनी चाहिए। हर बस अड्डे पर पीने के पानी की समुचित सुविधा होनी चाहिए और आरओ की मैंटिनेस का कार्य समय पर करवाया जाए।

बैठक में विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क और निदेशक अजय सिंह तोमर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।


# रोहतक पीजीआई में होगा लिवर ट्रांसप्लांट: अनिल विज

## विश्व लिवर दिवस पर मंत्री विज का ऐलान, चंडीगढ़-दिल्ली जाने से मिलेगा छुटकारा

**8 किडनी ट्रांसप्लांट करने के लिए भी पहले ही पीजीआई रोहतक को लिखा जा चुका है और उसकी भी तैयारियां की जा रही हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
हरियाणा के स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज ने विश्व लिवर दिवस पर बड़ा ऐलान लिया है। मंत्री विज ने कहा कि एक वर्ष के दौरान पीजीआई रोहतक में लिवर ट्रांसप्लांट की व्यवस्था कर दी जाएगी। किडनी ट्रांसप्लांट करने के लिए भी पहले ही पीजीआई रोहतक को लिखा जा चुका है और उसकी भी तैयारियां की जा रही हैं।

**मैं नहीं चाहता मरीजों को भटकना पड़े:** स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश वासियों को पर्याप्त मेडिकल सुविधाएं देने को लेकर प्रतिबद्ध है। वे चाहते हैं कि किसी भी बीमारी के लिए मरीज को भटकना न पड़े। विज ने कहा कि अभी तक पीजीआई रोहतक में लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट की फैसिलिटी मुहैया नहीं हो सकी। उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट के लिए पत्र लिखा हुआ है और लिवर ट्रांसप्लांट साल भीतर शुरू हो जाएगा।




**रोहतक से पहले पीजीआई चंडीगढ़ में सुविधा:** रोहतक **पीजीआइ** से पहले **पीजीआई** चंडीगढ़ और एम्स दिल्ली में लिवर ट्रांसप्लांट किया जा रहा है। यूपी में **पीजीआइ** लखनऊ में लिवर ट्रांसप्लांट किए जा रहे हैं। हालांकि, प्राइवेट की बात करें तो दिल्ली और मेदांता में भी लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा है, लेकिन सरकारी संस्थान के मुकाबले प्राइवेट में ज्यादा खर्च है।

**लिवर ट्रांसप्लांट क्या है ?:** लिवर ट्रांसप्लांट एक विकल्प है और लिवर शरीर का एकमात्र ऐसा अंग है जो फिर से बन सकता है। इससे मरीज पूरी तरह से ठीक हो जाता है। लिवर ट्रांसप्लांट में खराब हो चुके लिवर को सर्जरी द्वारा निकाल दिया जाता है। इसके बाद उसके स्थान पर पूर्ण हेल्दी लिवर या हेल्दी लिवर का आधा भाग मरीज को ट्रांसप्लांट कर दिया जाता है।

**किसे होती है जरूरत:** लिवर शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर के हानिकारक पदार्थों के डी-टॉक्सीफिकेशन के लिए जिम्मेदार होता है। लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता उन मरीजों को होती है, जिनका लिवर खराब हो चुका हो या बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो। ज्यादातर लिवर मृत दाताओं से प्राप्त किए जाते हैं। लेकिन एक हेल्दी व्यक्ति भी आधा लिवर दान कर सकता है। हेपेटाइटिस और सोरायसिस के कारण खराब हो चुके लिवर के रोगियों को भी लिवर प्रत्यारोपण की जरूरत पड़ती है।

# मंडियों से गेहूं उठान कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी: जय प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने अधिकारियों से कहा कि मौसम विभाग द्वारा आने वाले कुछ दिनों में बारिश की संभावना जताई जा रही है। धीमी उठान से मंडियों में आवक बढ़ रही है । ऐसे में उठान कार्यों से जुड़े अधिकारी गेहूं के उठान कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि मंडियों से गेहूं तत्काल उठाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कुछ उपाय करना अनिवार्य हो जाता है। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गेहूं उठाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सभी जिलों के उपायुक्तों और सभी जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों को आदेश जारी किए हैं।

# 'सामाजिक बुराइयों को दूर करने में संतों का अहम योगदान'

## 4 मई को महायोगी गुरु शिव गोरखनाथ की जयंती पर होगा भव्य समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने निवास संत कबीर कुटीर में जोगी समाज के लोगों के साथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने करनाल में अगले माह होने वाले महायोगी गुरु शिव गोरखनाथ समारोह की रूपरेखा पर जोगी समाज के लोगों के साथ बातचीत की। 4 मई को महायोगी गुरु शिव गोरखनाथ की जयंती पर करनाल में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के उत्थान व सामाजिक बुराइयों को दूर करने में संतों का अहम योगदान होता है। इसके साथ ही सरकार की ऐसी अनेक सामाजिक कल्याणकारी



योजनाएं होती हैं, जिनके सही क्रियान्वयन से संत लोगों का संदेश जन जन तक पहुचता है और उनकी अमृत वाणी समाज को एक दिशा देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पहली ऐसी सरकार है जिसने सर्व समाज के सभी संत महात्माओं एवं महापुरुषों की जयंतियाँ मनाना आरम्भ किया ताकि प्रदेश के लोग उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोगी समाज के

**8 वर्तमान राज्य सरकार पहली ऐसी सरकार है जिसने सभी संत महात्माओं एवं महापुरुषों की जयंतियाँ मनाना आरम्भ किया**

प्रतिनिधियों से अगले माह होने वाले महायोगी गुरु शिव गोरखनाथ समारोह आयोजित करने के सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि इस समारोह को भव्य और धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जोगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र जोगी, जोगी समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश जोगी तथा प्रदेशभर से आए जोगी समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 60 हजार रुपए रिश्वत लेता डीड राइटर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने तहसील सोहना में प्लाटों की सेल डीड रजिस्ट्रेशन करवाने के नाम पर 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते डीड राइटर को अरेस्ट किया है। आरोपी डीड राइटर द्वारा नायब तहसीलदार सोहना के नाम पर रिश्वत की यह राशि ली जा रही थी। नायब तहसीलदार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-38 गुरुग्राम निवासी शिकायतकर्ता ने तहसील सोहना में गौरव, डीड राइटर के खिलाफ प्लाटों के सेल डीड रजिस्ट्रेशन के एवज में

**8 आरोपी डीड राइटर द्वारा नायब तहसीलदार सोहना के नाम पर रिश्वत की यह राशि ली जा रही थी। नायब तहसीलदार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है**

78500 रुपये की रिश्वत मांगने संबंधी शिकायत दर्ज करवाई थी। पैसे की मांग नायब तहसीलदार सतबीर सिंह के नाम पर की गई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की एक टीम ने रेड कर डीड राइटर को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ ब्यूरो थाने में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

**2000 रुपये रिश्वत लेते इंस्पेक्टर हुआ अरेस्ट:** एक अलग मामले में एसीबी की टीम ने नारनौल में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक इंस्पेक्टर को राशन डिपो चलाने के एवज में 2000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। शिकायतकर्ता गांव खरानी जिला महेंद्रगढ़ निवासी ने आरोपी इंस्पेक्टर नीरज के खिलाफ राशन डिपो चलाने के एवज में रिश्वत मांगने की शिकायत दी थी।

# नीमका जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में हुई कैदी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**जिला नीमका जेल में बंद एक** 44 वर्षीय कैदी की बुधवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला सिविल अस्पताल में भिजवा गया है। शव लेने पहुंचे परिजनों ने जेल प्रशासन व पुलिस पर मृतक को अधिक टॉर्चर करके उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है। दरअसल मामला होडल का है, जहां घनश्याम नामक व्यक्ति अपने बेटे विनय, बेटियों व पत्नी के साथ रहता था। बताया जाता है कि 6 अप्रैल को विशाल नामक युवक उनके घर में आया, जहां उसने घनश्याम की बेटी के साथ छेडखानी की, जिस पर वहां मारपीट हुई और विशाल की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने घनश्याम व उसके बेटे विनय पर हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

परिजनों ने बताया कि मृतक विशाल के परिजन दबंग किस्म के लोग है, जिनकी पुलिस में भी सांठगांठ है, जिसके चलते उन्होंने उसके पति-बेटे के साथ जेल में मारपीट करवाई और उन्हें उनसे मिलने भी नहीं दिया।

# माफियाओं को कांटा लगने पर दर्द कुछ राजनेताओं को भी होता है: अनिल

## जब देश में इमरजेंसी लगी थी और मौलिक अधिकारों का हनन हुआ था, तब शरद पवार क्यों नहीं बोले: अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया कैथल**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बुधवार को अतीक अहमद की हत्या व कानून व्यवस्था को लेकर किए जा रहे सवालों पर विपक्षियों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनेताओं का माफिया के साथ प्रेम है। अगर माफिया को सुई या कांटा लगता है तो दर्द इन राजनेताओं को होता है। अनिल विज बुधवार को अंबाला में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने विपक्षी पार्टियों द्वारा उठाए



गए सवाल सत्ताधारी ताकतें संविधान और कानून की अनदेखी करेंगी तो हम गलत रास्ते पर चले जाएंगे का जवाब देते हुए कहा कि शरद पवार जी इमरजेंसी में लोगों को दोनों से उठाकर जेलों में ठूंस दिया गया था। तब आप कहां थे।

**8 शरद पवार जी तब आप कहां थे जब मौलिक अधिकारों को बुलडोजर से कुचल दिया गया था**

शरद पवार जी तब आप कहां थे जब मौलिक अधिकारों को बुलडोजर से कुचल दिया गया था। पवार जी आप तब भी राजनीति में थे तब यह ज्ञान इंदिरा गांधी को क्यों नहीं दिया। विज ने कहा जो कुछ हो रहा है कोर्ट के माध्यम से हो रहा है, कोर्ट में हर आदमी को अपनी बात रखने का अधिकार है। कोर्ट सबके पक्ष सुनने के बाद फैसले दे रही है। अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या पर यूपी कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि चैराहे पर तो तालिबानी मारे जाते हैं। ये तालिबानी हुकूमत नहीं चलेगी। इसका जवाब देते हुए हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कुछ राजनेताओं की माफिया के साथ प्रेम प्रसंग है।

# अस्पताल में 18 घंटे बिजली गुल रहने पर डीसी ने मांगा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
सेक्टर-10 स्थित जिला नागरिक अस्पताल में दो दिन पहले 18 घंटे तक बिजली बाधित होने के मामले में डीसी निशांत कुमार यादव ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बिजली आपूर्ति बाधित होने के मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की है। कमेटी में एसडीएम गुरुग्राम, सीएमओ व एक्सईएन सिटी को शामिल किया गया है। बता दें कि सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में 16 अप्रैल की रात को बिजली बाधित हुई थी। अगले दिन तक यानी 18 घंटे तक यह बाधा बनी रही। इस दौरान मरीज, स्टाफ तो परेशान रहे ही, साथ में अस्पताल में विभिन्न विभागों में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। बताया गया कि अस्पताल में आपात व्यवस्था के लिए जेनरेटर की भी सुविधा उपलब्ध थी, लेकिन इस दौरान जेनरेटर को भी चालू नहीं किया गया। जिससे अस्पताल में चिकित्सकों व मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आवश्यक टेस्ट व अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्य प्रभावित हुए।

# अनीता कुंडू अब 8481 मीटर ऊँची चोटी माउंट मकालू पर चढ़ाई करेंगी

**8 नेपाल में स्थित 8481 मीटर ऊँची चोटी माउंट मकालू पर चढ़ाई करेंगी और भारतीय तिरंगा फहराएंगी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से उनके निवास संत कबीर कुटीर पर विश्व विख्यात पर्वतारोही अनीता कुंडू ने मुलाकात की और अपने अगले लक्ष्य के लिए मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। मनोहर लाल ने अनीता कुंडू को सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। विश्व विख्यात पर्वतारोही, तीन बार दुनियाँ के सबसे ऊँचे शिखर माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा



लहराने वाली हिंदुस्तान की बहादुर बेटी अनीता कुंडू ने बताया कि अब वे नेपाल में स्थित 8481 मीटर ऊँची चोटी माउंट मकालू पर चढ़ाई करेंगी और भारतीय तिरंगा फहराएंगी। अपनी इस महत्त्वपूर्ण यात्रा से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में अनीता कुंडू को राष्ट्रपति की ओर से एडवेंचर के सबसे बड़े अवॉर्ड तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# गुरुग्राम में भी अतीक व पत्नी के नाम अरबों की संपत्ति

## अरबों का रियल एस्टेट कारोबार गुरुग्राम में फैला, अतीक की पत्नी व बिजनेस पार्टनर्स पर यूपी एसटीएफ की पैनी नजर

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**आतंक** का बड़ा चेहरा माफिया डॉन रहे अतीक अहमद का गुरुग्राम से भी कनेक्शन है। पता चला है कि गुरुग्राम में अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से अरबों रुपये का कारोबार है। यह ज्यादा काम उनका यहां रियल एस्टेट कंपनियों के नाम पर है। शाइस्ता परवीन के भाइयों यानी अतीक के सालों के नाम पर भी बनाई गई कंपनियों में अरबों के निवेश का खुलासा हुआ है। गुरुग्राम से संचालित इन कंपनियों पर यूपी एसटीएफ की पैनी नजर है और इन पर शिकंजा कसने की तैयारी हो रही है। माफिया डॉन अतीक अहमद राजनीति में रहते



हुए भी अपराध की दुनिया से संलिप्त रहा। यूपी में वे 5 बार विधायक रहे और एक बार सांसद बने थे। अतीक अहमद ने अपनी काली कमाई से अरबों रुपये का कारोबार खड़ा किया। उन्होंने यूपी से हरियाणा के गुरुग्राम तक अपना साम्राज्य फैलाया। काली कमाई को उन्होंने रियल एस्टेट में ही खर्च करके उससे कई गुणा पैसा बनाया। अतीक अहमद ने गुरुग्राम में फना एसोसिएटेड प्रा. लि. कंपनी अपने नाम से शुरू की। फिर उन्होंने फना एसोसिएटेड प्रा. लि. से दूसरी कंपनी शुरू की, जो कि उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से पंजीकृत है। मैसर्ज जाफरी स्टेट

**8 पता चला है कि गुरुग्राम में अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से अरबों रुपये का कारोबार है**

लिमिटेड कंपनी के माध्यम से उनका गुरुग्राम में रियल एस्टेट का कारोबार है। यह कंपनी शाइस्ता परवीन के नाम पर है। अतीक की पत्नी शाइस्ता के भाई यानी अतीक के साले फारूख और जकी के नाम से भी गुरुग्राम में कंपनियां पंजीकृत हैं। इनमें एमजे इंफ्रा लैंड एलएलपी, एमजे इंफ्रा ग्रीन प्रा. लि., एमजे इंफ्रा हाउसिंग, एमजे इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

# अब रसोई क्वीन अर्चना सोनी बता रही शुद्ध के लिए युद्ध के मायने

## रोगों से लडने के लिए हमारे शरीर में वह सब होना जरूरी, जिससे वर्तमान पीढ़ी पूरी तरह अंजान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अब ग्रामीण** महिलाओं के लिए शुद्ध के लिए युद्ध करने की कवायद रसोई की रानी यानी रसोई क्वीन नाम से विख्यात अर्चना सोनी ने छेड़ दी है। वे ग्रामीण महिलाओं से मिलकर रसोई में शुद्धता के मायने तो बता ही रही हैं, साथ ही प्रेक्टिकल करके ये भी बता रही हैं कि हमारी रसोई में धीरे-धीरे वह सब गायब क्यों हो गया, जो हमारी नानी दादी के जमाने में बीमारियों से लडने की अचूक दवा हुआ करती थी। वन मैन आर्मी के रूप में पहचानी जानी वाली अर्चना सोनी ने ग्रामीण महिलाओं को जड़ी-बूटियों की महता इस तरह बताई कि वे दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो गई और उन्हें सही मायनों में लगा कि हमारी रसोई में अब वह सब गायब है जो हमारी नानी दादी के जमाने में हुआ करता था। बड़ी इलायची, जयफल, छोटी इलायची, लौंग आदि की उपयोगिता



महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं और इस बात का वादा करती हैं कि वे अपनी रसोई में धीरे-धीरे उन सब चीजों का इस्तेमाल करेंगी, जिससे बीमारियां तो दूर भागेंगी ही, हमारा शरीर भी तदुंरूस्त होगा और हम स्वस्थ, जिंदगी जी कर देश की संपत्ति के रूप में काम करेंगे, क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही सबल और मजबूत आत्मा का वास होता है। पानीपत हो या करनाल के गांव, ग्रामीण महिलाओं को अर्चना सोनी हर उस चीज का महत्व समझाती हैं जिसका उन्होंने खुद अनुभव किया है। कोरोना काल का उदाहरण देते हुए अर्चना सोनी कहती हैं कि शरीर की आतंरिक शक्ति कितनी जरूरी है। यदि हमारा शरीर रोगों से लडने की क्षमता नहीं रखता तो फिर हम किसी काम के नहीं। इसलिए कहा जाता है कि पहला सुख निरोगी काया। रोगों से लडने की क्षमता के लिए हमारी रसोई में वह सब होना जरूरी है, जिससे हमारी वर्तमान पीढ़ी पूरी तरह अनभिज्ञ है।

अर्चना सोनी कहती हैं कि अश्वथा, केसर, इलायची, इलायची वाला मिल्क बूस्टर, चाय मसाला, डिटोक्स काढ़ा, टरमरिक लाटे, मसाला चाय और इंडियन हर्बल सब्जी मसाला सहित कई शुद्ध व प्राकृतिक उत्पाद इंसान की जिंदगी में नवजीवन का संचार कर रहे हैं। मसलन, छोटी इलायची खुशबू के साथ साथ शीतल प्रकृति की होती है। चाय, खीर, मिठाइयो में तो इसका इस्तेमाल होता ही है, साथ ही ये मुंह की दुर्गंध दूर कर स्लाइवा को शुद्ध कर हमारी पाचक क्षमता और याददाश्त बढ़ाती है। स्वाद बिगड़ते ही लोग इसे मुंह में रख लेते हैं।

छोटे बच्चे से लेकर हर आयु वर्ग के व्यक्ति के लिए यह अत्यंत उपयोगी है, लेकिन दुख की बात यह है कि आज कई घरों में इलायची ढूंढे से नहीं मिलती। अब हम नानी दादी के 150 मसालों को छोडकर केवल 6 मसालों मसलन हल्दी, नमक, लाल मिर्च, लहसून, अदरक, गर्म मसाला तक ही सीमित हो गए हैं।

**ग्रामीण महिलाओं में खोज रहीं प्रतिभाएं:** रसोई क्वीन अर्चना सोनी आयुवेर्दाचार्य आरके लंकेश के साथ ऐसी प्रतिभावान महिलाओं की खोज कर रही हैं, जिन्हें रसोई की सारी आवश्यक वस्तुओं के साथ-साथ उन्हें देहात का ज्ञान है। यानी भारतीय मसालों को अपने भोजन में अपनाकर हमारे पूर्वज कैसे अपने आप को स्वस्थ रखकर लंबी आयु हासिल करते थे।

वे गांव-गांव जाकर महिलाओं को आत्मनिर्भरता से जीना सिखाती हैं, क्योंकि हर स्त्री शक्ति स्वरूप है। दिल्ली चांदनी चौंक में पली बढ़ी भोजनालय किंग पिता बलबीर सिंह सोनी की बेटी अर्चना सोनी अपने पिता को अपना आदर्श मानती हैं और उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर आज समाज को प्राकृतिक और शुद्ध चीजें उपलब्ध करा रही हैं, जो समय की सबसे बड़ी चुनौती शुद्धता, भोजन की, विचारों की और सबसे महत्वपूर्ण हमारे कर्मों की है।

# आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना दायित्व: अनीश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल द्वारा जनता और प्रशासन के बीच की खाई को कम करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के अधिकारियो को अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करने के निर्देश दिए है। इन निदेर्शो की अनुपालना को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने बुधवार को अपने कार्यालय में आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण किया।

उपायुक्त ने जन सुनवाई के दौरान जहां अपने कार्यालय से सम्बधित आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया, वहीं अन्य शिकायतों के निवारण के लिए सम्बधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों का आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना दायित्व बनता है ऐसे में सभी अधिकारी सरकार के दिशा निर्देश अनुसार अपने-अपने कार्यालयों में लोगों की शिकायते सुनें और उनका समाधान करे।

## एक व्यक्ति से ऑनलाइन हुई 84 हजार की ठगी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** ऑनलाइन डॉक्टर से मिलने का समय दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 84114 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल की जरनैली कालोनी निवासी सौरभ नागपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई का डॉक्टरी इलाज करवाना चाहता था। जिसको लेकर वह गूगल से डॉक्टर का नंबर निकाल रहा था। जिसमें डॉ मुकेश जैन मुजफ्फरनगर यूपी का नंबर उसे मिला। उसने उस नंबर पर फोन किया। नंबर पर बात होने पर उन्होंने उसके पास एक लिंक में फॉर्म भेजा और कहा कि इस फॉर्म को भर दो।

इस दौरान उसके बैंक खाते से फॉर्म की फीस 5 रुपए काट ली और 19 अप्रैल की डॉक्टर के साथ अपॉइंटमेंट तय हो गई। पीडित ने शिकायत में बताया कि अगले दिन यानी 18 अप्रैल की शाम करीब साढ़े 5 बजे उसके फोन पर बैंक खाते से 44444 रुपए कटने का मैसेज आया। उसके तुंरत बाद ही उसी बैंक खाते से 1 रुपए, फिर 5 रुपए और आखिर में 396664 रुपए उसके खाते से कट गए। साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से कुल 84114 रुपए उड़ा लिए। पीड़ित ने बताया कि जैसे उसके बैंक खाते से पैसे कट रहे थे तो तुरंत उसने बैंक को फोन कर अपने खाते को बंद करवया। अगर समय रहते बैंक द्वारा खाते को बंद न किया जाता तो उसके खाते से साइबर ठग सारे पैसे निकाल लेते। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर बुधवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## नीलाखेड़ी में मिठाई की दुकान में लगी आग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
कस्बा नीलोखेड़ी में हलवाई की दुकान में आग लग गई। दुकानदार ने एक दिन पहले ही नया फ्रिज खरीदा था, जिसमें शॉट सर्किट की वजह से आग लगी।



हलवाई के भाई संदीप ने बताया कि बीती रात को उसका भाई दुकान बंद करके गया था। रात को 1 बजे उसके पास नीलोखेडी चौकी में तैनात पुलिस कर्मी का फोन आया। उसने बताया कि दुकान में आग लगी हुई है। सूचना पाकर वह अपने भाई के साथ मौके पर पहुंच गया। दुकान से धुआं निकल रहा था। पहले तो खुद उन्होंने आग पर काबू पाने की कोशिश की। जब सफलता हासिल नहीं हुई तो फायर ब्रिगेड को फोन किया गया। उसने बताया कि 8 लाख रुपए का लोन लेकर उसने दुकान खोली थी। मंगलवार को ही वह दुकान में पेय पदार्थ रखने के लिए के लिए 23 हजार रुपए का फ्रिज लेकर आया था। उसी फ्रिज में शॉट सर्किट होने की वजह से दुकान में आग लगी है।

## राष्ट्रीय सम्मलेन एवं इंटरनेशनल जैम अवार्ड समारोह 7 मई को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय निदेशक डॉ बलबीर सिंह की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक में फाउंडेशन द्वारा 7 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मलेन एंव इंटरनेशनल जैम अवार्ड के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। नरेंद्र अरोड़ा एंव डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा 7 मई को प्रभात रॉयल रिसोर्ट, मंडी गोबिंदगढ़, पंजाब में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता को समर्पित राष्ट्रीय सम्मेलन एवं



इंटरनेशनल जैम अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें फिल्म जगत के महान अभिनेता रजा मुराद, अवतार गिल, राकेश बेदी, विजय टंडन एवं महाभारत फेम अर्जुन व द्रोणाचार्य सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय मुख्य निदेशक रणजोध सिंह एंव राष्ट्रीय निदेशक डॉ बलबीर सिंह करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहे एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के टॉप लीडर्स को इंटरनेशनल जैम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सम्मलेन में सभी राज्यों के मुख्य पदाधिकारी शिरकत करेंगे एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन अभियान को अपने राज्यों में आगे बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग हासिल करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से स्टडी अब्रॉड सैल के अंतर्राष्ट्रीय प्रेजिडेंट राकेश सचदेवा, प्रदेश चेयरमैन उत्तर प्रदेश गौरव गाबा, राष्ट्रीय निदेशक दीपक शर्मा, कानूनी सलाहकार राहुल शर्मा, इंवेंट मैनेजर संदीप भाटिया एंव जॉनी भाटिया उपस्थित रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

## बीमारियों से शरीर को बचाने के लिए योग सर्वोत्तम साधन : नवीन संदूजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हमारा** मिशन स्वस्थ भारत के संचालक व मुख्य योग शिक्षक नवीन संदूजा के नेतृत्व में कर्ण पार्क में संचालित योग कक्षा में बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए योग और प्राणायाम की क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। मौसम में अचानक बदलाव होने से बीमारियां शरीर को घेर लेती हैं। ऐसे में बीमारियों से शरीर को बचाने के लिए योग सर्वोत्तम साधन है। मुख्य योग शिक्षक नवीन संदूजा ने कहा कि शरीर तंदरूस्त रखने के लिए जरूरी है कि पहले हम अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं। इसके लिए नियमित योग करना आवश्यक है। उन्होंने



कहा कि जंक फूड के सेवन से परहेज करें। जंक फूड शरीर में मोटापा बढ़ाने का काम करता है। बॉडी की एनर्जी का लेवल बहुत कम कर देता है। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि योग को दिनचर्या में शामिल कर नियमित अभ्यास करें।

इस अवसर पर संजय दहिया, राजीव, सुमित आहूजा, प्रेम सिंह, दलबीर, गरिमा, वरना, मीनाक्षी मित्तल, नीलम मदान, जितेंद्र पसरीचा, अशोक, पुरषोत्तम, प्रवीण दहिया, बिल्लू, कविता, आशा चौधरी व सिमरण मौजूद रहे।

## पिंगली स्थित डेयरी कॉम्पलैक्स में प्लॉटों की अलॉटमेंट का ड्रा 26 को : अरूण भार्गव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर के** जिन डेयरी मालिकों ने पिंगली स्थित डेयरी कॉम्पलैक्स में प्लॉटों की अलॉटमेंट के लिए 30 हजार रुपए की धरोहर राशि के साथ नगर निगम में आवेदन पत्र दिए थे, उनकी संख्या 30 है। अब इनके प्लॉटों की अलॉटमेंट के लिए आगामी 26 अप्रैल को प्रातः 11 बजे डेयरी कॉम्पलैक्स स्थल पर ड्रा निकाला जाएगा।

उपरोक्त सभी डेयरी आवेदक 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे तक अपनी रसीदें लेकर ड्रा में शामिल होने के लिए मौके पर पहुंचने का कष्ट करें, ताकि उनकी उपस्थिति में ड्रा की कार्रवाई सम्पन्न की जा सके।

## निगम के दो रेंट दुकानदार बने दुकानों के मालिक: अभिषेक मीणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** के रेंट दुकानदारों की मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक देने की स्कीम में शहर के कर्ण पार्क के साथ लगती दुकान नम्बर 50 व 51 के दुकानदार निर्मल तलवार, फुल पेमेंट के बाद रजिस्ट्री करवाकर मालिक बन गए हैं।

निर्मल तलवार ने दोनों दुकानों के मात्र 10 लाख 80 हजार 988 रुपए (5 लाख 40 हजार 494 रुपए प्रत्येक दुकान) की पेमेंट नगर निगम कार्यालय में जमा करवाई थी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर के अलग-अलग एरिया के 17 अन्य ऐसे दुकानदार हैं, जिनमें से 13 ने मालिकाना हक लेने के लिए नगर निगम में फुल पेमेंट जमा करवा दी है। निगमायुक्त ने इन दुकानदारों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी रजिस्ट्री करवा लें। उन्होंने शेष 4 दुकानदारों से भी अपील की है कि वे भी फुल पेमेंट जमा करवाकर अपनी रजिस्ट्री करवाएं और दुकान के मालिक बने। निगमायुक्त ने आगे बताया कि आवेदक या दुकानदार द्वारा कन्वेंस डीड की एनओसी के लिए, नियमानुसार दुकान की भूमि से सम्बंधित विकास शुल्क, जल सीवरेज उपयोग शुल्क तथा ठोस अवशेष शुल्क को ऑनलाईन नगर निगम कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि डिमांड



नोटिस प्राप्त होने उपरांत कुल राशि का 25 प्रतिशत भुगतान 15 दिनो के अंदर-अंदर जमा करवाने के बाद शेष राशि का पूर्ण भुगतान 3 माह के अंदर-अंदर जमा करवाना होता है। इसके अलावा कन्वेंस डीड पर आने वाले रजिस्ट्रेशन व स्टैम्प ड्यूटी तथा अन्य खर्चे भी आवेदक द्वारा वहन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा योजना से सम्बंधित व नगर निगम कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निदेर्शों की पालना के लिए आवेदक बाध्य होंगे। भविष्य में कार्यालय नगर निगम करनाल की ऑडिट ब्रांच तथा चण्डीगढ़ मुख्यालय पर ए.जी. ऑडिट द्वारा पोस्ट ऑडिट के दौरान यदि कोई शुल्क या अन्य देय राशि नियमानुसार सम्बंधित भूमि को लेकर बकाया निकलती है, तो उसे भी 15 दिनो के अंदर-अंदर भरने के लिए आवेदक बाध्य होंगे।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर होगी सख्ती

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**गलत** साईड से ओवरटेक करने तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर सख्ती होगी। ऐसे लोगों के ज्यादा से ज्यादा चालान किए जाएंगे। शहर में करीब 7 हजार की संख्या पार कर चुकी सडकों पर बेतरतीब दौडकर दुर्घटनाओं को अंजाम देती ई-रिक्शा के भी रजिस्ट्रेशन और लाईसेंस न होने पर चालान किए जाएंगे। बुधवार को जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने पुलिस विभाग के डीएसपी वीर सिंह और आर.टी.ए. सचिव विजय देशवाल को यह निर्देश देते



कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक सघन अभियान चलाया जाए। एडीसी ने मीटिंग में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अच्छा हो अधिकारी, अपने-अपने विभागों से सम्बंधित सडकों में दुर्घटनाओं का कारण बनने वाली खामियों का खुद ही संज्ञान लेकर उनका समाधान करें, ताकि ऐसी शिकायतें एजेंडा में न आएं, सडक सुरक्षा जैसा अहम विषय तभी सार्थक होगा। मीटिंग में प्रस्तुत एजेंडा में सडकों पर गढ्ढ़ों के कई बिन्दू शामिल थे। एक बिन्दू दून वैली कॉलेज के आगे से होकर ब्रह्मद्दानंद चौक तक जाने वाली सडक पर खुले सीवर मेन होल को लेकर था। इस पर एडीसी ने नाराजगी दिखाते कहा कि यह एजेंडा में ही नहीं आना चाहिए था, वैसे भी आर.टी.एस. में प्रावधान है कि ऐसे होल को दो घण्टे के अंदर ढक्कन से कवर कर देना चाहिए, ताकि कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने नगर निगम की कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि खुले मेन होल पर आज ही ढक्कन लगवाएं। सडकों पर गढ्ढे के बिन्दूओं में अधिकांश अधिकारियों ने वर्क डन की रिपोर्ट दी। आई.डी.टी.आर. से सम्बंधित एक बिन्दू में जानकारी दी गई थी कि उक्त संस्थान की ओर से भिन्न-भिन्न केटेगरी के 125 वाहन चालकों को बीते मार्च में प्रशिक्षण दिया गया और 115 को सर्टिफिकेट जारी किए गए।

## अवैध देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
सीआईए वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर इंद्री अनाज मंडी गेट से आरोपी सोयब अली पुत्र युसूफ अली वासी गांव गढ़ी बीरबल जिला करनाल को काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पहनी हुई पेंट की जेब में से एक अवैध देसी पिस्तौल 315 बोर और पिस्तौल के अंदर से एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी को



हथियार रखने का शौक है और आरोपी ने उपरोक्त पिस्तौल अपने किसी जानकार से शौक के तौर पर अपने पास रखने के लिए ली थी। आरोपी से अभी गहनता से पूछताछ जारी है व आरोपी जिस व्यक्ति से अवैध पिस्तौल लेकर आया था, उस व्यक्ति की भी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## पीजी से लड़कियों के कपड़े चोरी, गार्ड पर लगा आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मॉडल** टाउन स्थित गर्ल्स पीजी में रहने वाली लड़कियों ने सिक्योरिटी गार्ड पर अश्लील हरकत करने और उनके कपड़े चोरी करने के आरोप लगाए हैं। इतना ही नहीं, लड़कियों ने सीसी टीवी के एक्सेस को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। लड़कियों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गार्ड पर मामला दर्ज किया है। मॉडल टाउन में बने एक मकान में पीजी चल रहा है। इस पीजी में 30 से 35 लड़कियां रहती है। लड़कियों का आरोप है कि पिछले एक महीने से उनके कपड़े गायब हो रहे हैं। जब उन्होंने परेशान होकर सीसी टीवी कैमरे चेक किए तो सिक्योरिटी



गार्ड रात के समय कपड़े चोरी करते हुए दिखाई दिया। पीजी में रहने वाली लड़कियों ने आरोप लगाया कि उन्हें शक है कि उनके बाथरूम की जाली में सुराख बना हुआ है। वहां लगे हुआ पेपर का टुकड़ा भी खिसका हुआ है। ऐसे में उन्होंने गार्ड पर अश्लील वीडियो बनाने का शक जाहिर किया है। बताया गया है कि गार्ड एजेंसी के द्वारा नहीं, बल्कि मकान मालिक द्वारा लगाया गया है। पीजी की संचालक रेणु ने भी माना है कि गार्ड लड़कियों के कपड़े चुराता था। गार्ड को पूछताछ के लिए बुलाया गया तो वह फरार हो गया। पीजी का मेन गेट 10 बजे बंद हो जाता है, लेकिन मकान मालिक के घर की ओर से आने वाले रास्ते की कुंडी भी नहीं लगाई गई है तथा गार्ड भी उसी रास्ते से रात के समय पीजी में एंट्री करता था।

पीजी में सीसी टीवी लगे हुए हैं, लेकिन उसका एक एक्सेस मकान मालिक को भी दे रखा है, जबकि यह सिर्फ पीजी मालिक के पास ही होना चाहिए। गार्ड के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे दी है, लेकिन मकान मालिक के खिलाफ कोई शिकायत नहीं दी गई है। लड़कियों ने बताया कि बीते दिन 3 लोग भी पीजी आए थे। उन्हें ऐसा शक है कि वह सबूत मिटाने के लिए वहां पहुंचे थे।

## संपादकीय

# सामाजिक समरसता पर सहज अमल

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है। उसकी यह यात्रा सामाजिक समरसता और संगठन पर आधारित है। इसका निरन्तर विस्तार हो रहा है। समाज के चिंतन और व्यवहार में व्यापक बदलाव आ रहा है। राष्ट्र को सर्वोच्च मानते हुए कार्य करने की प्रेरणा संघ से मिल रही है। भेदभाव से मुक्त समाज का विचार प्रबल हो रहा है। संघ ने यह विलक्षण कार्य अत्यंत सहज और स्वाभाविक रूप में किया है। संघ की शाखाएं इसी भावभूमि पर चलती हैं। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार युगदृष्टा थे। शाखाओं में जाने मात्र से भेदभाव का विचार तिरोहित हो जाता है। इसीलिए कहा गया कि संघ को समझने के लिए शाखाओं में जाना अपरिहार्य है। यहां समरसता का स्वाभाविक वातावरण होता है। यहां होने वाले कार्यक्रम या सहभोज आदि समरसता के अघोषित उपकरण हैं। इनसे लोगों के विचार मनोवैज्ञानिक रूप में समरसता के अनुकूल हो जाते हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने धर्म संस्कृति सम्मेलन और डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति के कार्यक्रम में इसी को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा भी है संघ सम्पूर्ण समाज को अपना मानता है। एक दिन यह बढ़ते-बढ़ते समाज का रूप ले लेगा। तब संघ का यह नाम भी हट जाएगा। हिंदू समाज ही संघ बन जाएगा। वह मानते हैं कि सामाजिक समरसता का भाव रहना चाहिए। उपासना पद्धति में अंतर होने से भी इस विचार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारत में तो प्राचीन काल से सभी मत पंथ व उपासना पद्धति को सम्मान दिया गया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ही भारत की विचार दृष्टि है। निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता भारत की विशेषता रही है। सेवा कार्य में कोई भेदभाव नहीं होता। दर्शन में किसी सम्प्रदाय से अलगाव को मान्यता नहीं दी गई। विविधता के बाद भी समाज एक है। भाषा,जाति, धर्म,खानपान में विविधता है। उनका उत्सव मनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग विविधता की आड़ में समाज और देश को बांटने की कोशिश में जुटे रहते हैं। लेकिन भारतीय चिंतन विविधता में भी एकत्व संदेश देता है। हमारी संस्कृति का आचरण सद्भाव पर आधारित है। यह हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम परिवारों के भीतर भी यह भाव साफ देखा जा सकता है। एक सौ तीस करोड़ का समाज भारत माता का पुत्र है। हमारा बंधु है। क्रोध और अविवेक के कारण इसका लाभ लेने वाली अतिवादी ताकतों से सावधान रहना है। सेवा समरसता आज की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए। इसी से श्रेष्ठ भारत की राह निर्मित होगी। वर्तमान परिस्थिति में आत्मसंयम और नियमों के पालन का भी महत्व है। समाज में सहयोग सद्भाव और समरसता का माहौल बनाना आवश्यक है। भारत दूसरे देशों की सहायता करता रहा है। क्योंकि यही हमारा विचार है। समस्त समाज की सर्वांगीण उन्नति ही ही संघ का एकमात्र लक्ष्य है। संघ प्रमुख मानते हैं कि जब हिंदुत्व की बात आती है तो किसी अन्य पंथ के प्रति नफरत, कट्टरता या आतंक का विचार स्वतः समाप्त हो जाता है। तब वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव ही जागृत होता है। भारत जब विश्व गुरु था, तब भी उसने किसी अन्य देश पर अपने विचार थोपने के प्रयास नहीं किये।

# माफिया का अंत और बिलखते सेक्युलर

मृत्युंजय दीक्षित

> माफिया अतीक पर इस समय 101 व उसके भाई अशरफ पर 52 मुकदमे चल रहे थे जिनमें से एक मुकदमे में उसको आजीवन कारावास की सजा हो चुकी थी और अन्य मामलों में उसे सजा दिलवाने के लिए रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की जा रही थी और सूत्रों की मानें तो वह दोनों सजा के भय से कुछ राज बेपर्दा भी कर रहे थे। वह राजनीतिक रूप से संरक्षण प्राप्त माफिया था और स्वयं भी एक बार सांसद और चार बार विधायक भी रह चुका था। एक कुख्यात माफिया अपने कुकर्मों के चलते मार दिया गया और इस बात पर देश तथा प्रदेश के तथाकथित सेक्युलर दल तथा जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं हैं उन राज्यों के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार को घेरने के लिए तरह- तरह के सवाल उठा रहे हैं और यही नहीं इन दलो के नेता आंसू बहा रहे हैं

**प्रदेश** का कुख्यात माफिया अतीक जिसने राजनीति में भी हाथ आजमाया था अपने भाई अशरफ के साथ मिट्टी में मिल चुका है यद्यपि अपराध में उसके दो प्रमुख साझीदार शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम अभी फरार हैं और हजारों करोड़ रुपयों का काला साम्राज्य अभी भी जीवित है। आतंक व भय के पर्याय बन चुके अतीक व अशरफ की अब केवल कहानियां ही शेष रह गई हैं किंतु यह हत्याएं अपने पीछे कई राज भी दफन कर गई हैं और कई नयी आशंकाएं भी पैदा कर गई हैं।

जब अतीक व अशरफ की हत्या का समाचार मीडिया में आया तब एकबारगी लगा कि पुलिस हिरासत व सुरक्षा के बीच इस प्रकार से यह घटना नहीं घटित होनी चाहिए थी और यह भी लगा कि यह तो पुलिस प्रशासन और खुफिया एजेसिंयों की घोर लापरवाही है किंतु जैसै -जैसे समय आगे बढ़ रहा है तथा इनकीआपराधिक कहानियां व दर्दनाक घटनाएं सामने आ रही है उससे जन सामान्य स्वाभाविक रूप से कह रहा है कि जो हुआ वह अच्छा हुआ। माफिया अतीक पर इस समय 101 व उसके भाई अशरफ पर 52 मुकदमे चल रहे थे जिनमें से एक मुकदमे में उसको आजीवन कारावास की सजा हो चुकी थी और अन्य मामलों में उसे सजा दिलवाने के लिए रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की जा रही थी और सूत्रों की मानें तो वह दोनों सजा के भय से कुछ राज बेपर्दा भी कर रहे थे। यह भी एक कड़वा सत्य था कि क्या सभी 101 मामलों में उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलती क्योंकि वह राजनीतिक रूप से संरक्षण प्राप्त माफिया था और स्वयं भी एक बार सांसद और चार बार विधायक भी रह चुका था। एक कुख्यात माफिया अपने कुकर्मों के चलते मार दिया गया और इस बात पर देश तथा प्रदेश के तथाकथित सेक्युलर दल तथा जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं हैं उन राज्यों के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार को घेरने के लिए तरह- तरह के सवाल उठा रहे हैं और यही नहीं इन दलो के नेता ठीक उसी प्रकार से आंसू बहा रहे हैं जिस प्रकार से कभी कांग्रेस की नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने बाटला हाउस एनकाउंटर पर आंसू बहाये इस बात मे कोई संदेह नहीं लग रहा है कि अतीक व अशरफ की हत्या एक सुनियोजित साजिश के तहत की गई है क्योंकि पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से उनसे लिंक खुलने प्रारम्भ हो गये थे और जिसके तार विपक्ष के कुछ बहुत बड़े नेताओं से जुड़ सकते थे। साजिशकताओं ने अतीक व अशरफ की हत्या कराकर एक



बहुत बड़ा खेल खेलना चाहा था किंतु अब वह खेल विरोधी दलों व साजिषकताओं के खिलाफ ही जा रहा है। यह लोग सोच रहे थे कि अतीक व अशरफ की हत्या के बाद पूरा प्रदेश दंगों की आग में झुलस उठेगा और फिर योगी सरकार कमजोर होगी तथा वह नैतिक आधार पर इस्तीफा देगी, प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगेगा किंतु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदियानाथ की तत्परता और प्रशासनिक कुशलता के कारण प्रदेश में कहीं कोई तनाव नहीं है वरन हर जगह शांति और संतोष का वातावरण है। अतीक व अशरफ की मौत पर रो रहे निहित स्वार्थी व विकृत विचारधारा वाले सेक्युलर राजनैतिक दल कुख्यात माफिया अतीक अहमद के लिए ह्वजीह्ल शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। एआईएमआईएम पार्टी के नेता असद्दुदीन ओवैसी जैसे लोग माननीय मुस्लिम सांसद कहकर उस खतरनाक अपराधी का महिमामंडन कर रहे हैं और उसकी आड़ में अतीक के गुनाहों को कम करने का भी अपराध करते हुए अपनी राजनैतिक रोटियां सेंक रहे हैं। इन सभी राजनैतिक दलों को लग रहा है कि ऐसा करने से वह प्रदेश में योगी सरकार की छवि को खराब करने में सफल हो जायेंगे जबकि सच्चाई यह है कि इन दलों की ऐसी हरकतों से भाजपा मजबूत हो रही है और योगी जी की छवि एक सख्त प्रशासक के रूप में सामने आ रही है। प्रदेश का जनमानस आज प्रसन्न है क्योंकि उसे लग रहा है कि बहुत दिनों बाद प्रदेश में एक ऐसी सरकार आई है जो अपराधियों व माफियाओं को मिट्टी में मिला रही है। आज अतीक, अशरफ व उसके गुर्गो के एनकाउंटर व धरपकड़ से समाज का वह वर्ग खुशी मना रहा है जो कभी इन लोगों की प्रताड़ना का शिकार हुआ था। अतीक अहमद ने वर्ष 2005 में दलित नेता व बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल की हत्या केवल इसलिए करवाई थी क्योंकि वह अतीक के भाई अशरफ के खिलाफ चुनाव जीतकर विधायक बने थे और एक बहुत ही साधारण परिवार से आए थे। राजू पाल ने विधायक बनने के बाद अतीक से आशीर्वाद लेने के लिए अतीक को फोन किया और कहा कि भइया विधायक बन गये तो अतीक ने जवाब दिया था कि विधायक तो बन गये लेकिन अब जिंदा रहकर दिखाओ। राजू पाल की आखिरकार एक दिन हत्या हो ही गई और फिर अब उसके गवाह उमेश पाल की भी हत्या कर दी गई। बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल का परिवार 18 साल से न्याय मांग रहा था और इस बीच सपा और बसपा दोनों ही दलों की सरकारें आईं किंतु पिछड़ों और दलितों के नाम पर वोट मांगने वाले इन दलों ने कभी भी राजू पाल के परिवार के साथ न्याय नहीं किया।

अतीक अहमद एक दुर्दांत अपराधी था विरोधियों को शांत करने के लिए वह हत्या और अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देता था। अतीक ने खौफ का साम्राज्य स्थापित किया था। इनका खौफ इतना अधिक था कि हाईकोर्ट में केस जाने के बाद जस्टिस तक अतीक मामले की सुनवाई करने से इंकार कर देते थे। आज कोई कुछ भी कह रहा हो लेकिन मन ही मन यह जज लोग भी कहीं न कहीं खुश हो रहे होंगे। इसी अतीक अहमद है ने अपने घर के आसपास के हिंदुओं को मकान खाली कराने का आदेश दिया था। उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव थे।अतीक का कहना था कि हिंदुओं ने कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिये हैं।अतीक के फरमान का मामला लेकर घरों के मालिक पुलिस के पास गये थे कोई कार्रवाई नहीं हुई थी प्रयागराज व उसके आसपास के जिलों के निवासियों का कहना है कि सपा सरकार के समय अतीक व उसके गुर्गों का खौफ इतना अधिक बढ़ गया था कि बहन बेटियां उनके इलाकों से जाने में डरती थीं क्योंकि यह लोग हिंदू समाज की बहन बेटियों के साथ ही नहीं अपितु मुस्लिम सामज की बेटियों के साथ भी छेड़छाड़ तथा बलात्कार जैसी जघन्य वारदातों को अंजाम देते थे और उन निरीह बच्चियों की कहीं कोई सुनवाई नहीं होती थी। आज उन बेटियों को सही और सच्चा न्याय मिल गया है और वह जहां भी होंगी वहां आनंद का उत्सव मना रही होंगी। लेकिन जन भावनाओं से परे तथाकथित सेक्युलर दल लगातार रो रहे हैं और अतीक के नाम पर अपना मुस्लिम वोट बैंक बटोरने का असफल प्रयास कर रहे हैं। यह वही दल हैं जो पालघर में पुलिस कस्टडी में साधुओं की हत्या पर गूंगे हो गए थे। यह वही दल हैं जो लखनऊ में घर में घुसकर कमलेश तिवारी की हत्या पर चुप रह जाते हैं और निंदा तक नहीं करते। राजस्थान में कन्हैयालाल से लेकर महाराष्ट्र में उमेश कोल्हे तक की हत्या पर रहस्यमयी चुप्पी साधे रहते हैं किंतु यही दल अतीक व अशरफ जो खतरनाक मुजरिम थे उनके लिए जी और माननीय मुस्लिम सांसद जैसे शब्दों का प्रयोग कर उनका महिमामंडन केवल अपने वोट बैंक के लिए कर रहे हैं जो अब सफल नहीं होने वाला है। अखिलेश का तो ठीक है लेकिन उत्तर प्रदेश में बसपा नेत्री मायावती ने जिस प्रकार से अतीक व अशरफ की हत्या पर दुख जताया है और निंदा की है वह तो बहुत ही आश्चर्यजनक है क्योंकि यह वही अतीक अहमद था जिसने मायावती के खिलाफ गेस्ट हाउस कांड की रचना की थी और अतीक की हत्या से उन्हीं की पार्टी के विधायक राजू पाल के परिवार को नैसर्गिक न्याय मिल गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ बता दिया है कि प्रदेश में अब कानून का राज है। योगी का साफ कहना है कि पहले जो माफिया प्रदेश के लिए संकट थे अब वे स्वयं संकट में हैं। बात सच है क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में 2012 से 2017 तक के 700 से अधिक दंगे हुए जबकि 2002 से 2007 के बीच में 364 से अधिक दंगे हुए लेकिन योगी जी के शासन सँभालने के बाद 2017 से 2023 तक प्रदेश में कहीं कोई दंगा नहीं हुआ और न ही कहीं कर्फ्यू लगा।

## कविता

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ
उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने ,
प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजामसंजीव-नी।
आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ दूँ,।

हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,
मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूँ,।

आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,
गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूँ.।

मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,
आओ इन शब्दों को आज नया पैगाम दूं।

इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से खत्म ।
तू ही बता संजीव इसे क्या नाम दूं।

संजीव ठाकुर

## पुस्तकालयों, पत्र-पत्रिकाओं के प्रति उदासीनता क्यों ?

**सुनील कुमार महला**

**आज** का युग सूचना प्रौद्योगिकी व संचार का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी व संचार के युग के साथ ही आज हम सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट, फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम में ही अधिक रम-बस गए हैं। हमें कोई भी सूचना, जानकारी प्राप्त करनी होती है तो हम इंटरनेट पर उसे सर्च करने लगते हैं और इंटरनेट के माध्यम से तमाम जानकारियां, सूचनाएं पल झपकते ही प्राप्त कर लेते हैं। पुस्तकों को तो जैसे इस युग में हम नजरअंदाज ही कर चुके हैं। आज विरले ही कोई व्यक्ति किसी पुस्तकालय में पढ़ने जाता होगा, अथवा पुस्तकालय(लाइब्रेरी) का विजिट करता होगा। एक जमाना था, जब आपको बहुत से स्थानों पर सार्वजनिक पुस्तकालय देखने को मिल जाते थे। आज कहीं बड़ी मुश्किल से ही सार्वजनिक पुस्तकालय देखने को मिल सकते हैं। पुस्तकालयों का जीवन में अपना महत्व है और अगर सच में भारत को प्रगति व उन्नति के पथ पर अग्रसर करना है तो देश में सार्वजनिक शौचालय और पुस्तकालय दोनों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्थापित करने, उन्हें बनाने के बारे में हमें सोचना होगा, इसके लिए काम करना होगा। लेकिन आज यह विडंबना ही है कि लाइब्रेरी व पत्र- पत्रिकाओं के प्रति उदासीनता घर करती जा रही है। सच तो यह है कि लाइब्रेरी(पुस्तकालय) पत्र-पत्रिकाओं के प्रति आज रूचि का ही जैसे अभाव सा हो गया है।आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी, संचार तकनीक के आने के बाद से लोगों की जीवनशैली में आमूल चूल परिवर्तन आए हैं। आज हमारी युवा पीढ़ी का अधिकतम समय सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बीतता है, वे लाइब्रेरी, पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाओं को पढ़ते नजर नहीं आते अथवा इनका अध्ययन करते कम ही नजर आते हैं। एक समय में बच्चे लाइब्रेरी जाया करते थे, पुस्तक, पत्र-पत्रिकाएं निर्गमित करवाकर वे इन्हें पढ़ते थे,आज सूचना तकनीक के साथ वह समय लदता चला जा रहा है। आज कागज का इस्तेमाल कम है, स्क्रीन टाइम का इस्तेमाल ज्यादा है। पुरानी लाइब्रेरी को देखिए आपको वहां बहुत पुरानी पत्र-पत्रिकाएं, किताबें आज भी सहेजी हुई मिल जाएंगीं लेकिन बहुत कम लोग ही आज पुस्तकालयों को खोजते नजर आते हैं। वह भी एक दौर था जब हर छोटी-बड़ी जगह एकाध लाइब्रेरी हुआ करती थी। शांति से बैठकर अध्ययन करते थे, यहाँ तक कि खाना-चाय-पानी तक भी लाइब्रेरी में ही हो जाता था। स्कूलों में भी लाइब्रेरी के प्रति एक अलग सा ही हमारा दृष्टिकोण था, और लाइब्रेरी में जाने पर एक अलग ही आनंद व सुख की अनुभूति होती थी, स्कूलों के बुक बैंक आज भी बहुत से लोगों को याद होंगे। युवा पीढ़ी इनके बारे में शायद नहीं जानती हों, ऐसा संभव हो सकता है, क्यों कि आज की युवा पीढ़ी सीधे बाजार से ही पुस्तकों को लेतीं हैं, खरीदती हैं। अब वे दिन हवा हो चले हैं जब हमें कस्बों, शहरों के बस-स्टैंड और रेलवे स्टेशन के बुक स्टॉल पर हमें पत्रिकाएं बहुत ही आसानी से मिल जाया करती थीं।

## विचार

# मेडिकल टूरिज्म में छलांग लगाता भारत

**आर.के. सिन्हा**

**भारत** को मेडिकल टुरिज्म के हब के रूप में स्थापित करने को लेकर जो कोशिशें बीते कुछ सालों से चल रही हैं उनके सुखद परिणाम अब सामने आने भी लगे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्रीपद नाईक ने हाल ही में गोवा में आयोजित जी-20 से जुड़े के एक कार्यक्रम में बताया कि पिछले साल भारत में 14 लाख विदेशी पर्यटक मात्र इलाज के लिए भारत आए। जाहिर है, इनमें वे भी शामिल हैं जो रोगियों के साथ आए थे। यह आंकड़ा ही साबित करता है कि भारत की मेडिकल सुविधाओं को लेकर दुनिया में भरोसा बढ़ रहा है। यह तो अभी शुरूआत है। अभी तो भारत को बहुत सी मंजिलों को पार करना है। आप दिल्ली,चंडीगढ़,मुंबई वगैरह के किसी भी प्रतिष्ठित अस्पताल में खुद जाकर देख लें। वहां आपको अनेक विदेशी रोगी और उनके परिजन बैठे मिल जाएंगे। इनमें अफ्रीकी और खाड़ी देशों के रोगियों की तादाद भी खासी रहती है। भारत में ओमन,इराक, मालदीव, यमन, उज्बेकिस्तान, सूडान वगैरह से भी रोगी आ रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान के संबंध सुधर जाएँ तो हर साल सरहद के उस पार से भी हजारों रोगी हमारे यहां इलाज के लिए आने लगेंगे। कुछ सीरियस मरीज तो अब भी आते हैं। कहना नहीं होगा कि इन रोगियों के भारत में आने से देश को अमूल्य विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती है। जब भी एक रोगी भारत आता है तो उसके साथ दो-तीन रोगी की देखभाल के लिए सहयोगी भी आते हैं। ये महीनों होटलों में रहते हैं। भारत में हृदय रोग, अस्थि रोग, किडनी, लिवर ट्रांसप्लांट, आंखों और बर्न इंजरी के इलाज के लिए सबसे अधिक विदेशी रोगी आते हैं। दुनियाभर में बसे भारतवंशी भी अब यहां पर इलाज के लिए आने लगे हैं। राजधानी के अपोलो अस्पताल से जुड़े हुए मशहूर प्लास्टिक सर्जन डॉ. अनूप धीर कहते हैं कि उनके पास हर महीने कुछ विदेशी रोगी इलाज के लिए आ जाते हैं। अगर हमारे यहां भी इलाज सस्ता होता रहे तो यकीनन देश मेडिकल टुरिज्म के क्षेत्र में लंबी सफल छलांग लगाने की स्थिति में होगा। भारत के पास अत्यधिक योग्य चिकित्सा पेशेवर और अत्याधुनिक उपकरण हैं। इसके अलावा, भारत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से समझौता किए बिना अमेरिका और ब्रिटेन की तुलना में कम खर्चीला उपचार विकल्प प्रदान करता है। भारत में इलाज का खर्च अमेरिका के मुकाबले करीब एक चौथाई है। यदि हम इस मोर्चे पर संभल कर चले तो फिर इलाज के लिए रोगी थाईलैंड, सिंगापुर, चीन और जापान जैसे देशों की बजाय भारत का ही रुख करने लगेंगे। ये सभी देश विदेशी रोगियों को अपनी तरफ खींचने की चेष्टा तो कर ही रहे हैं। मेडिकल टुरिज्म सालाना अरबों डॉलर का कारोबार है। इस पर भारत को अपनी पकड़ मजबूत बनानी होगी। इस क्षेत्र में भारत के सामने तमाम संभावनाएं हैं। दरअसल अब सारी दुनिया के लोग बेहतर इलाज के लिए अपने देशों की सरहदों को लांघते हैं। लेकिन, अपने यहाँ भारत के अस्पतालों की साफ-सफाई और नर्सिंग व्यवस्था में सुधार तो करना ही होगा। भारत में इलाज की बेहद कम लागत, उत्तम चिकित्सा तकनीकों और उपकरणों की उपलब्धता के चलते विदेशी मरीज यहां पर इलाज के लिए आते हैं। उन्हें यहां पर भाषा की समस्या से भी ज्यादा जूझना नहीं पड़ता। यहां पर अंग्रेजी बोलने वाले हर जगह मिल ही जाते हैं। यानी विदेशों से आए रोगियों के लिए भारत एक उत्तम स्थान है। कोरोना के आने से पहले भारत में मेडिकल टुरिज्म का बाजार 9 अरब डॉलर यानी 68 हजार 400 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान था। लेकिन, कोरोना ने इस पर ब्रेक लगा दिया। जानकारों का कहना है कि दुनियाभर में हर साल एक-सवा करोड़ से ज्यादा लोग इलाज के लिए दूसरे देशों में जाते हैं। अब हमें मेडिकल टुरिज्म को और मजबूत गति देनी होगी। हमें अपने मेडिकल क्षेत्र में फैली बहुत सी कमियों में सुधार भी करना होगा। हमारे यहां के कुछ सरकारी तथा निजी अस्पतालों में मेडिकल लापरवाही और मरीजों और उनके सम्बन्धियों के साथ दुर्व्यवहार के केस बढ़ते ही जा रहे हैं। निजी अस्पतालों में इलाज भी तेजी से क्रमशः महंगा होता जा रहा है। अब लगभग हर दूसरे दिन किसी अस्पताल में रोगियों के परिजनों और डॉक्टरों में मारपीट के समाचार भी मिलते रहते हैं। डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा कर्मी और बाउंसर भी रखने चालू कर दिए हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# महाराष्ट्र अवॉर्ड समारोह में 13 लोगों की मौत, जिम्मेदार कौन ?

**अशोक भाटिया,**

**हाल** ही में हुई नवी मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान भीषण गर्मी से 13 लोगों की मौत के बाद सवाल उठ रहे हैं। खारघर इलाके के सेंट्रल पार्क में आयोजित महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार के दौरान हजारों की भीड़ जुटी थी। प्रचंड गर्मी और लू की वजह से तकरीबन सवा सौ लोग बीमार हो गए हैं। 24 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया । घटनास्थल पर बदइंतजामी को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद थे। रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार समारोह में महाराष्ट्र के दूरदराज के इलाकों से हजारों लोग पहुंचे थे। इसके अलावा मध्य प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात से भी लोग आए थे। लोग कई घंटे तक तेज धूप के नीचे खड़े थे। आयोजकों की ओर से भीड़ को धूप से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किये गए थे। सीधे धूप की चपेट में आकर 120 से ज्यादा लोग बीमार पड़े, जिसमें कल ही 13 लोगों की जान चली गई, जबकि आज एक व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। गर्मी और लू लगने से इस कार्यक्रम में 13 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में आठ महिलाएं भी शामिल हैं। शवों को परिवार वालों के हवाले कर दिया गया है। रायगढ़ जिला सूचना अधिकारी के अनुसार, खारघर के आसपास पांच अस्पतालों में 44 लोगों को भर्ती कराया गया था। इनमें से 20 का अब भी इलाज चल रहा है और अन्य को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है। पनवेल निगम आयुक्त गणेश देशमुख ने कहा कि सभी शवों की पहचान कर ली गई है और डॉक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया है। शवों को अंतिम संस्कार के लिए उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया है। पनवेल नगर निगम के उपायुक्त विठ्ठल डाके ने कहा कि कमोठे के एमजीएम अस्पताल में आठ मरीजों का इलाज जारी है, जबकि एक व्यक्ति दूसरे अस्पताल में भर्ती है।सभी मरीजों की हालत स्थिर है। बाकी मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। नवी मुंबई पुलिस की आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि कोई भगदड़ नहीं हुई।

## एमएनसी कंपनी के चोंचले

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एमएनसी कं**पनियों में काम करने वालों को वीकेंड तक रुकना पड़ता है। एमएनसी कर्मचारी होना एक बात है तो सॉफ्टवेयर इंजीनियर होना उसमें भी अलग बात है। मैं एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूँ। नाम से सॉफ्ट और भावनाओं से बिल्कुल हार्ड हो गया हूँ। आप समझ गए होंगे कि मेरी पढ़ाई कहाँ हुई होगी। नहीं समझे? मिक्सर-ग्राइंडर रट्टा रटाऊ हाई स्कूल और कॉलेज में। यहाँ की पढ़ाई इतने हाई लेवल की होती है कि हर दिन मन करता था कि जाऊँ कह दूँ पिता जी से कि मैं मजदूरी कर लूँगा लेकिन वहाँ पढ़ाई कतई नहीं। लेकिन मेरी सोच कथनी से और कथनी करनी से दूर-दूर रहा करती थी। सो पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं हुई। महीने में चार बार सूर्यवंशम देख-देखकर मेरा सिर इतना पक गया कि उधर फिल्म में अमिताभ बच्चन की बहू कलेक्टर बनी और इधर मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर। मैं लेखक बनना चाहता था इसके लिए मेडिसिन की पढ़ाई की। बाद मैं पता चला कि ऐसा करने से मैं डॉक्टर बन जाऊँगा, जो कि मुझे कतई पसंद नहीं था। लेकिन माँ की खुशी के लिए पढ़ता गया। बाद मैं एमबीए किया। क्यों किया, पता नहीं। मेरी पढ़ाई का सिंपल सा फंडा था। कुछ भी पढ़ो। कैसे भी पढ़ो। कुछ न कुछ बन ही जाओगे। सो सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन गया। मुझे नौकरी का पहला दिन आज भी याद है। सभी कर्मचारी कंप्यूटर में सिर घुसाए रोबो बने बैठे थे। मैं मैनजेर के पास गया। पूछा मुझे क्या करना है। उसने कहा झ्र हाई एंड डेटा एनालिसिस विथ इंटिग्रिटेड लॉजिस्टिक्स। इतना सुनना था कि मेरा माथा ठनठना गया। ससुरा सब्जेक्ट सुनकर बाल खड़े हो गए। काम करूँगा तो क्या हाल होगा। हर दशरथ मांझी को पहाड़ तोड़ने के लिए फगुनिया मिलती है मुझे भी एक फगुनिया मिल गई। उसने मुझे एक अच्छी बात सिखाई। उसने कहा झ्र जैसे रेल से मंजिल पर पहुँचने के लिए पहले स्टेशन जाना पड़ता है ठीक उसी तरह ऐसी कंपनियों में काम करने के लिए कहीं ट्रेनिंग लेकर आना पड़ता है। मैंने फगुनिया को धन्यवाद किया और जीवन की सबसे बड़ी सीख यह सीखी कि शहर में सहायता का मतलब दीवार से सिर पीटना है। मुझे समझ आ गया था कि इस कंपनी में काम करने के लिए प्रशिक्षण लेना जरूरी है।

# मदान ने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा

## शहर के लाइन पार क्षेत्र में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत मिलने पर वाटर वर्क्स पहुंचे मेयर निखिल मदान, मौके पर वाटर वर्क्स के निरीक्षण में मिली अनियमितताओं को लेकर मेयर निखिल मदान ने निगम अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम मेयर निखिल** मदान ने बुधवार को महलाना रोड़ वाटर वर्क्स का दौरा किया। मौके पर मुआयना करते हुए पेयजल आपूर्ति के कार्य में मिली कुछ अनियमितताओं को लेकर मेयर ने निगम अधिकारियों से जवाब तलब किया। साथ ही पेयजल आपूर्ति के काम में लगी संबंधित एजेंसी पर कठोर कार्यवाही करने के आदेश निगम अधिकारियों को दिए। मेयर निखिल मदान ने मौके पर निगम आयुक्त से बात कर संबंधित एजेंसी पर स्थानीय निकाय विभाग चंडीगढ़ से भी विभागीय कार्यवाही करने की अनुशंसा की। मेयर



निखिल मदान ने बताया कि उन्हें लाइन पार क्षेत्र के लोगों ने उनके घरों में दूषित पेयजल आपूर्ति होने की शिकायत दी थी। उसी का संज्ञान लेते हुए वो आज निगम पार्षदों और अधिकारियों के साथ महलाना रोड़ वाटर वर्क्स पहुंचे है। निरीक्षण के दौरान उन्हें कुछ अनियमितताएं मिली हैं। जिसमे पानी साफ करने के कार्य में लगी कुछ मोटर खराब पाई गई है, साथ ही वाटर स्टोरेज टैंक में पेड़ पौधों के पत्ते और कुछ जगह मिट्टी जमी मिली है। इन सभी अनियमितताओं

**8 पेयजल आपूर्ति के काम में लगी संबंधित एजेंसी पर कठोर कार्यवाही करने के आदेश निगम अधिकारियों को दिए**

को जल्द से जल्द दूर करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को सख्त आदेश दिए है। साथ ही इस वाटर वर्क्स का कार्य देख रही एजेंसी पर वित्तीय और अन्य विभागीय कार्यवाही करने के आदेश भी उन्होंने दिए है। मेयर निखिल मदान ने इसके उपरांत निगम कार्यालय में निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा और संबंधित निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। जिसमे निगम आयुक्त ने सभी अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सभी जरूरी कदम उठाने के आदेश दिए। मौके पर मौके पर नगर निगम सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ,निगम पार्षद एडवोकेट मोनिका, निगम पार्षद नवीन तंवर, राजेश दहिया,अनिल नागर रहे मौजूद। साथ ही निगम के अधीक्षण अभियन्ता अशोक कुमार रावत, कार्यकारी अभियंता निजेश कुमार, कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, एस डी ओ नरेंद्र कुमार एस डी ओ मंजीत दहिया मौजूद रहे।

# 'बाहर की अपेक्षा भवन के अंदर हो सकता है ज्यादा प्रदूषण'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कई** बार हमें पता नहीं चल पाता है कि बाहर की अपेक्षा हमारे भवन के अंदर ज्यादा प्रदूषण होता है। जिसके कारण हमें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भवन के आंतरिक प्रदूषण के कारण हमारे स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ना प्रारंभ हो जाता है। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल की शोधार्थी डा.वंदना ने 2 डी सेंसिंग मटेरियल बनाया है जिसके माध्यम से हम भवन के अंदर प्रदूषण का पता लगा सकते हैं। डीसीआरयूएसटी,मुरथल में ऊर्जा एवं पर्यावरण अध्ययन के लिए उत्कर्ष केंद्र में एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यपाल नेहरा के दिशा निदेर्शों में इंडोर पॉल्यूशन को डिटेक्ट करने में सक्षम 2 -डी मटेरियल बेस्ड स्मार्ट सेंसर के डिजाइन एवं डेवलपमेंट पर शोध किया गया। अनुसंधानकर्ता वंदना चौधरी ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की इंस्पायर फैलोशिप के अंतर्गत ऊर्जा एवं पर्यावरण प्रबंधन में यह शोध कार्य पूर्ण किया है। हम अपना अधिकतम समय बाहरी वातावरण की तुलना में घर या कार्यालय के अंदर के वातावरण में व्यतीत करते हैं। प्रदूषण का स्तर बाहर की अपेक्षा भवनों के अंदर में ज्यादा होता है। इंडौर प्रदूषण के कारण हमें अधिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड रहा है। जिसका मुख्य कारण आमतौर पर भवनों में उपयोग में आने वाली वस्तुएं जैसे पेंट, वार्निश, सफाई उत्पाद, रूम फ्रेशनर, सौंदर्य प्रसाधन, फोटोकॉपी के काम आने वाली मशीने इत्यादि में बेंजीन, जाइलीन,ऐसीटोन,टोलवीन इत्यादि वाष्पशील यौगिकों का उत्सर्जन होता है, जो दीर्घकाल में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। इसी संदर्भ में किए गए शोध कार्य में अत्यधिक संवेदनशील और तीव्र प्रतिक्रिया पर आधारित मोलिब्डेनम ट्राइऑक्साइड-मेजो पोरस ग्रेफाइट कार्बन नाइट्राइड एवं प्लेटिनम-मोलिब्डेनम ट्राइऑक्साइड बेस्ड मेजो पोरस ग्रेफाइट कार्बन नाइट्राइड का संश्लेषण किया गया और पाया कि सामान्यतः



इनडौर वातावरण में पाये जाने वाले बेंजीन, जाइलीन,ऐसीटोन,टोलवीन इत्यादि की तीव्र सांद्रता के लिए कम तापमान पर निर्भर संवेदी प्रतिक्रिया करते हैं। शोध निर्देशक असिस्टेंट प्रोफेसर सत्यपाल नेहरा ने कहा कि वर्तमान में 2 डी आधारित सेंसिंग मेटीरियल क्षेत्र में शोध की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में शोध करके हम प्रदूषण की मॉनिटरिंग करके समय रहते आवश्यक कदम उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह शोध कार्य कई अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं जैसे माइक्रो पोरस एवं मेसो पोरस मैटेरियल, डॉल्टन ट्रांजैक्शन इत्यादि में प्रकाशित हो चुका है। इस तरह का शोध कार्य एम स्वच्छ पर्यावरण के साथ-साथ स्वस्थ जीवन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।
अनुसंधान से बनाया जा सकता है देश को आत्मनिर्भर : कुलपति प्रो.अनायत कुलपति प्रो.राजेंद्रकुमार अनायत ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व के वहीं देश समृद्ध व आत्मनिर्भर है, जहां पर अधिक से अधिक अनुसंधान किए गए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कार्य ज्ञान पैदा करना होता है। विश्वविद्यालयों में अधिक से अधिक अनुसंधान करके हम अपने देश को आत्मनिर्भर बनाकर देश को आर्थिक तौर पर समृद्ध बना सकते हैं। कुलपति प्रो.अनायत ने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया जाता है, यही कारण है कि डीसीआरयूएसटी में किए गए शोध को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया जाता है।

# गर्मी के चलते समुचित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चत करें अधिकारी: डीआरओ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला राजस्व अधिकारी (डीआरओ) हरिओम** अत्री ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है इसलिए जिला के सभी गांवों में शहरों में समुचित पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगर कही पर जल आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की परेशानी आ रही है तो इसकी सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दें ताकि लोगों को पेयजल से संबंधित कोई समस्या न आए। डीआरओ की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में जल आपूर्ति की व्यवस्था को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।
डीआरओ ने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और सिंचाई विभाग के अधिकारी आपस में तालमेल रखे और जिला में समुचित पेयजल आपूर्ति की योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल जरूर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां पर जल आपूर्ति की व्यवस्था नहरों द्वारा की गई है ऐसे स्थानों पर नहरों में पानी छोड? के शेड्यूल की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारी जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को अवश्य देना सुनिश्चि करें ताकि जब नहर में पानी न छोड़ा छाए उस समय पहले ही पानी को स्टोर किया जा सके और जल आपूर्ति समय पर पूरी हो सके।
डीआरओ ने कहा कि जिला के सभ्झी जलघरों में पेयजल के फिल्टर सिस्टम सही होने चाहिए ताकि लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पानी मिले। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार से फिलीबिलीटी आड़े नहीं आएगी। इस मौके पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई एसपी जोशी, सिचाई विभाग के एसई आरके बोधवाल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक्सईएन जेएस हुड्डद्दा, मोहित, फूल सिंह, सिंचाई विभाग के एक्सएईन पुनीत सोनी सहित दोनों विभागों के एसडीओ व जेई मौजूद रहे।

# लिटल एंजल्स स्कूल के हॉकी खिलाड़ियों ने सब-जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में जीता खिताब

**टीम एक्शन इंडिया सोनीपत/रमेश कुमार**
**15 अप्रैल,** 2023 से 18 अप्रैल, 2023 तक हिसार में आयोजित सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में सोनीपत का प्रतिनिधित्व करते हुए लिटल एंजल्स की हॉकी खिलाड़ी ईशिका, वैभवी, भव्या, हर्षिता, प्रियंका, तमन्ना, खुशी, निधि, साक्षी, रिया, रितिका, रितिका मान व वंशिका ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुवे रोहतक की टीम को सेमीफाइनल मुकाबले में 6-



0 के गोल स्कोर से हराकर फाइनल मैच में हिसार की टीम से कड़ा मुकाबला करते हुए 2-0 के गोल स्कोर से स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में राज्य भर से लगभग 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के आधार पर खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए चयनित किये जाएंगे। यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप 4 मई से 12 मई तक राऊकेला (उड़ीसा) में आयोजित की जायेगी। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

# भव्य होगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव: ब्राह्मण एकता शक्ति संगठन

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार) ब्राह्मण एकता** शक्ति संगठन ने अंबाला शहर नजदीक परशुराम चौक स्थित होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें पूर्व प्रिंसिपल सुरेंद्र मोहन वत्स ने बताया कि 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव ब्राह्मण सभाओं एवं संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। आने वाली 22 अप्रैल को ओरियंन पैलेस नारायणगढ़ रोड बलदेव नगर अंबाला शहर में इस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष छिबर व वरिष्ठ अतिथि संजीव भारद्वाज, संजय शर्मा भाजपा मीडिया



प्रभारी, नरेंद्र शर्मा पूर्व विधायक पंजाब सरकार व समाजसेवी ओंकार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे । इस कॉन्फ्रेंस में सुरेंद्र मोहन ने बताया कि हमारी संस्था के चेयरमैन जय भगवान शर्मा ,वरिष्ठ उप चेयरमैन विद्या प्रकाश शर्मा, कोऑर्डिनेटर राजेंद्र कौशिक ,महासचिव सुरेंद्र मोहन वत्स, डॉक्टर अश्वनी शर्मा जो कि हमारी संस्था के कोषाध्यक्ष है और काफी समय से हमारे सदस्यों की टीम ब्राह्मण समुदाय के लोगों को एकत्रित कर भिन्न-भिन्न स्थानों पर भिन्न भिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाती हैं।

# के पी ए के महाविद्यालय में मनाई गई महात्मा हंसराज जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) के.पी.ए.के.** महाविद्यालय में आज प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी जी की अध्यक्षता में महात्मा हंसराज जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज जी के समाज के प्रति योगदान को दशार्ते हुए भाषण प्रस्तुत किए, कविताएं सुनाईं.इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज पर स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग क्रियाकलाप में भी भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन श्री अनिल गुप्ता जी व मैंनेजर डॉ० विकास कोहली जी ने विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज जी की शिक्षाओं पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज फ्लैश

### जिला जेल में किया गया जेल लोक अदालत का आयोजन

**सोनीपत: हरियाणा राज्य** विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निदेर्शानुसार तथा श्री प्रमोद गोयल, माननीय जिला ० सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत के मार्गदर्शन में, श्री रमेश चन्दर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत के द्वारा जिला कारागार, सोनीपत में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 केसों को सुनवाई के लिए रखा गया ० 02 केस का निस्तारण किया गया ` इसके अतिरिक्त श्री रमेश चन्दर , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव , जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा जिला जेल का निरीक्षण भी किया गया` इस दौरान श्री राजेंदर सिंह, अधीक्षक, जिला कारागार, सोनीपत भी मौजूद रहे

### पानीपत के गांव जाटल में आग लगने से करीब 3 एकड गेहूं व 10 एकड़ फांस जले

**पानीपत: पानीपत** के गांव जाटल में 33 केवी पॉवर हाउस के पास गेहूं के खेतों में आग लग गई। जिससे करीब तीन एकड़ गेहूं की खड़ी फसल व करीब 10 एकड़ गेहूं के फांस जल गये। फायर बिग्रेड की दो गाडि?ं ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि



किसानों ने ट्रैक्टर से हैरो चलाकर आग को आगे फैलने से बचा लिया नहीं तो और भी गेहूं की फसल जल सकती थी। किसानों का कहना है कि खेतों व गांव की बिजली तो बंद रहती है लेकिन पॉवर हाउस में इंडस्ट्री वाली हॉट लाईन चालू रहती है। आरोप है कि पॉवर हाउस में हॉट लाईन में किसी फाल्ट के चलते चिंगारी निकली और वहां पर नीचे खडे कबाडे में आग लग गई। जिससे आग फैलती हुए गेहूं के खेतों तक पहुंच गई और जिससे गेहूं की फसल व फांस जल गये है। जानकारी के अनुसार किसान भगत सिंह के 8 एकड़ के फांस, अनुप सिंह की आधा एकड़ गेहूं की फसल,सेवा नंद के दो एकड़ फांस व एक एकड़ गेहूं जली है। जबकि हुकम सिंह के एक एकड़ गेहूं की फसल जली है। वहीं किसान रणबीर सिंह का कहना है कि पॉवर हाउस की चार दीवारी भी टूटी हुई है और उसकी मरम्मत करवाने की मांग कर रहे है लेकिन आज तक भी उसको ठीक नहीं करवाया गया।

### पानीपत शुगर मिल में ट्रालियों पर लगाये गये रिफ्लेक्टर

**पानीपत: पानीपत** के गांव डाहर स्थित नये शुगर मिल में अब तक करीब 66 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई हो चुकी है। पानीपत जिला के किसानों के तो सारे गन्ने की पिराई हो चुकी है पर पानीपत शुगर मिल में अभी भी करनाल, गोहाना,



सोनीपत व रोहतक के शुगर मिलों का गन्ना आ रहा है। वहां से किसान अपने ट्रैक्टर ट्रालियों से गन्ना लेकर आ रहे है और अनेकों ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर नहीं लगे हुए थे। जिस पर पानीपत शुगर मिल के एमडी नवदीप सिंह नैन दूसरे जिलों से आने वाले ट्रालियों पर स्वयं रिफ्लेक्टर लगवा रहे है।
एमडी नवदीप सिंह नैन ने डाहर शुगर मिल में ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाये। उन्होंने कहा कि सडक हादसों से बचने के लिये रिफ्लेक्टर या टेप लगा होना जरूरी है। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर राजकुमार, चीफ केमिस्ट बलबीर सिंह हुड्डा, कैन मैनेजर कर्मबीर सिंह बडौली,इंजीनियर रवि मान, सिक्योरिटी ऑफिसर ईश्वर सिंह व पीए विजय राठी आदि मौजूद रहे।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
मुरलीधर डीएवी सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे विद्यालय का स्थापना दिवस व महात्मा हंसराज जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाये गए कइस उपलक्ष्य मे छात्रों द्वारा महात्मा हंसराज जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया कछात्रों द्वारा बधाई सामूहिक गान प्रस्तुत किया गया क महात्मा हंसराज जी के त्याग व कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए उन्हें सादर नमन किया गया ककक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों व कोऑर्डिनेटर श्रीमती वंदना द्वारा इस उपलक्ष्य मे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी का



अभिनन्दन किया व उनके द्वारा केक काटा गया कसभी छात्रों को ऋषि प्रसाद वितरित किया गया क छात्रों द्वारा डीएवी गान प्रस्तुत किया गया व एक छात्र ने हंसराज जी के जीवन पर कविता सुनाई कएस आर एल रैनबैक्सी डाइग्नोस्टिक ग्रुप के सौजन्य से मेडिकल कैंप लगाया गया ककक्षा चौथी के छात्रों द्वारा हवन किया गया साथ ही विद्यालय के जूनियर विंग मे भी नन्हे मुन्हे छात्र इस अवसर पर रंग-बिरंगी पोशाकों मे सजे हुए आये क नन्हे मुन्हे छात्रों द्वारा ओउम धवनि के उच्चारण से सारा वातावरण मंत्रमुग्ध हो गया कबच्चो द्वारा एक नृत्य की प्रस्तुति की गई ककक्षा पहली का गुरकीरत महात्मा हंसराज जी के स्वरूप मे आया कविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी का जूनियर विंग की कोऑर्डिनेटर श्रीमती शमा शर्मा द्वारा स्वागत किया गया कडॉ सूरी ने छात्रों को महात्मा हंसराज जी व विद्यालय के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए महात्मा हंसराज जी के जीवन व शिक्षाओं के क्षेत्र मे उनके योगदान, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा के बारे मे बताते हुए उसी मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया कइस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री प्रीतम पाल जी व विद्यालय के प्रबंधक डॉ विवेक कोहली ने अनेक शुभकामनायें प्रेषित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि यह डी ए वी विद्यालय एक वट वृक्ष की भांति फलता फूलता रहे व दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति करता रहे।

# प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव को लेकर इनसो ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**छात्र** संगठन इनसो के छात्र नेता बलराज देशवाल एवं इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में बुधवार को छात्रों ने हरियाणा में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर उपायुक्त वीरेंद्र दहिया को मुख्यमंत्री मनोहरलाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने बताया की इनसो ने ही लंबा संघर्ष करके प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव की बहाली करवाई थी और उस समय सरकार ने विद्यार्थियों से वादा किया था कि प्रत्यक्ष रूप से चुनाव करवाए जाएंगे। बलराज देशवाल ने कहा कि कोरोना काल के दौरान काफी समय तक



शिक्षण संस्थान प्रभावित रहे लेकिन अब इनसो चुनाव करवाने की मांग सरकार से कर रही है। सरकार को इसी वर्ष में प्रत्यक्ष रूप से छात्र संघ चुनाव करवाने चाहिए। छात्र नेताओं ने कहा कि चुनाव करवाने की मांग लेकर इनसो सडक पर उतरेगी और सरकार के जन प्रतिनिधियों से भी बातचीत की जाएगी।

# सेंट जोसफ में 33वीं वर्षगाँठ पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) शहर** स्थित सेंट जोसफ स्कूल की 33वीं वर्षगाँठ के अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गयो स्कूल की डायरेक्टर किरण बैनर्जी ने दीप प्रज्वलित कर दिवगंत चेयरमैन सर को श्र-सुमन समर्पित किऐ इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया` जिसमें विधार्थियों द्वारा गीत गायन व मनमोहक डांस प्रस्तुत किए गऐ इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सीनियर विद्यार्थियों द्वारा अपनी सेंट जोसफ की स्कूली शिक्षा के सफर की खट्टी- मीठी यादों व अनुभवों को सभी के साथ सांझा करना था` स्कूल की 33वीं वर्षगाँठ की केक कटिंग के दौरान बेबी आयत ने अपना भरपूर सहयोग देते हुए केक कटिंग के साथ साथ नाच गाने का भी आनंद उठाया` यह स्कूल की डायरेक्टर मैम



की अकथ मेहनत का ही परिणाम है कि स्कूल आज भरपूर सफलता के साथ अपनी 33वीं वर्षगाँठ मना रहा है` कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर मैम श्रीमती किरण बैनर्जी, डिप्टी डायरेक्टर मैम आशिमा किरण बैनर्जी, सीनियर मैनेजर अभिजीत सर व प्रिंसीपल मैम श्रीमती अमिता सचदेवा ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापिकाओं को स्कूल की 33वीं वर्षगाँठ की हार्दिक बधाई दी तथा विद्यार्थियों को संदेश दिया कि यदि व्यक्ति पूरी मेहनत के साथ अपने कार्य को निभाता चला जाए और हमेशा खुश रहें।

# 'पंचायत ने दी थी बस अड्डा बनाने के लिये स्टेडियम वाली जगह'

## हमारा बस अड्डा बनाने वाली दी गई जमीन से कोई लेना देना नहीं है: रणदीप

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** का नया बस बड्डा गांव सिवाह में बनाया जा रहा है और नया बस अड्डा तकरीबन बन कर तैयार भी हो चुका है। लेकिन नये बस अड्डे के गेट के ले आउट प्लान को लेकर पानीपत डिपो के अधिकारियों ने इसी 13 अप्रैल को बस अड्डे की जमीन की पैमाइश करवायी तो बस अड्डे की दीवार के साथ लगती करीब 74 फीट भूमि परिवहन विभाग की निकली है। इसी भूमि पर ही गांव की मैन गली है और कुछ लोगों की दुकान व मकान बने हुए है। वहीं बस अड्डे की भूमि में ही यह गली और कुछ दुकानें व



मकान आने पर अब गांव में एक दूसरे पर आरोप लग रहे है। गांव सिवाह के कुछ लोग तो कह रहे है तत्कालीन सरपंच खुशदील कादियान को बस अड्डे को जमीन देने से पहले सारे नंबरों की जांच करनी चाहिये थी। वहीं गांव के ही कुछ लोग मौजूदा सरपंच सुनीता कादियान और उनके पति रणदीप कादियान पर आरोप लगा रहे है कि वे उनकी दुकानें व मकानों को तुड़वाना चाहते है। इसी मामले में बुधवार को मौजूदा सरपंच सुनीता कादियान और उनके पति आर्य रणदीप कादियान ने गांव सिवाह में अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस की। सरपंच सुनीता कादियान व पूर्व सरपंच रणदीप कादियान ने बताया कि इस मामले में उनका कोई लेना देना नहीं है।
उन्होंने कहा कि उनसे पहले वाले सरपंच ने गांव के स्टेडियम वाली करीब साढे 6 एकड़ भूमि को बस अड्डा बनाने के लिये दी थी और उसने ही इस जमीन के नंबर दिये थे। वहीं रणदीप कादियान ने बताया कि गांव में तत्कालीन सरपंच सुबेदार कर्ण सिंह ने अपने 2006-10 के कायार्काल में गांव में राजीव गांधी खेल स्टेडियम बनाने के लिये करीब 6 एकड़ जमीन दी गई।

# एलजी ने 1500 लोगों को सौंपा नियुक्ति पत्र

## दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े किए

### नौकरी की सौगात

= 7-8 सालों में दिल्ली सरकार के अलग-अलग विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कोई नियुक्ति नहीं हुई, जो शर्मनाक है: एलजी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के नव**नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े किए। उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 सालों में दिल्ली सरकार के अलग-अलग विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कोई नियुक्ति नहीं हुई, जो शर्मनाक है। दिल्ली के विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित समारोह में एलजी ने कहा कि उन्हें दिल्ली का एलजी बने 10 महीने पूरे हो गए हैं। पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात के समय उन्होंने सबसे पहले यही पूछा था कि दिल्ली में कितने पद खाली है? तब मैंने करीब 35 हजार पद खाली होने की बात कही थी। एलजी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इन पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति करने की बात कही थी। आगे एलजी ने कहा कि इसको लेकर मुख्य सचिव के साथ मीटिंग की गई, जिसके बाद नियुक्तियों को लेकर शुरू हुई प्रक्रिया में तेजी आई थी। 10 महीने के अंदर 15 हजार लोगों को नौकरी दी गई। उन्होंने नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा कि यह नियुक्ति पत्र नहीं शपथ पत्र है। जिन्हें भी नियुक्ति पत्र मिला है, वह सरकार का हिस्सा बनने जा रहे हैं। कोई भी पद छोटा नहीं होता। उस पद पर बैठने वाला व्यक्ति उसे छोटा या बड़ा बनाता है। हमारी कोशिश थी कि परीक्षा बिल्कुल पारदर्शी तरीके से हो। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले फरवरी में 1,200 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया था। यह संभव हो सका क्योंकि मुख्य सचिव और दिल्ली अधीनस्थ चयन सेवा समिति ने मेहनत से काम किया। सरकारी नौकरी सिर्फ आजीविका का साधन नहीं होना चाहिए। यह समाज की सेवा करने का एक मौका है। उन्होंने नियुक्त पत्र पाने वाले लोगों को बधाई देते हुए कहा कि हमें ईमानदारी से काम करने के लिए किसने रोका है। यह नियुक्ति पत्र साधारण नहीं है। समारोह में उन्होंने बताया कि दिल्ली दमकल सर्विस में 2014 के बाद 500 कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है। इससे सेवा और सुदृढ़ होगी और फायर सर्विस के बल में वृद्धि होगी। इन सबकी नियुक्ति पहले ही होनी चाहिए थी। वहीं, दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्रिंसिपल के पद 2010 से खाली थे, जिनके 324 पदों पर नियुक्ति हुई है। एलजी ने कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रिंसिपलों का नहीं होना चिंता का विषय है। दुख की बात है कि 2010 के बाद प्रिंसिपलों की बहाली नहीं हुई थी। आज उन्हें नियुक्ति पत्र देते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है।

# घर-घर फ्री में पौधे और गमले देने जा रही केजरीवाल सरकार

### टीम का गठन

= लोगों के दरवाजे पर मुफ्त में छोटे पौधे और गमले उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। इसके लिए हर वार्ड में सर्वे किया जा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अरविंद** केजरीवाल सरकार हरियाली को बढ़ाने के लिए लोगों को फ्री में छोटे पौधे और गमले देने जा रही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि लोगों के दरवाजे पर मुफ्त में छोटे पौधे और गमले उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। इसके लिए हर वार्ड में सर्वे किया जा रहा है।
**प्रजातियों की पहचान के लिए टीम का गठन:** पीटीआई के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि पौधों की प्रजातियों की पहचान करने के लिए एक टीम का गठन किया जा रहा है, जिनकी रोपाई के बाद उच्च मृत्यु दर होती है और उनकी उत्तरजीविता दर में सुधार के लिए स्थानांतरित पेड़ों पर मिट्टी के प्रकार और अन्य कारकों के प्रभाव का पता लगाया जाता है।
**दिल्ली में बढ़ा हरित वातावरण:** बता दें कि भारती के नवीतम वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली का हरित वातावरण इसके भौगोलिक क्षेत्र के 21.88 प्रतिशत से बढ़कर 23.06 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, गोपाल राय ने कहा कि सरकार शहरी खेती जैसी वैकल्पिक मॉडल की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि वन विभाग और दिल्ली नगर निगम घर-घर फ्री में पौधे और गमले उपलब्ध कराने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहा है।
**हर वार्ड में हो रहा है सर्वे:** गोपाल राय ने आगे कहा कि हम वार्ड वाइज सर्वे कराकर पूछ रहे हैं कि उन्हें किस प्रकार के पौधे चाहिए। मैंने अपने विधानसभा क्षेत्र में सर्वे करवाया है। अगर प्रोजेक्ट सफल हो गया तो ग्रीन बेल्ट के लिए विकल्प तैयार करने में सफल होंगे। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि कुछ प्रजातियों के पौधों की जीवित रहने की दर बहुत कम है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में मिट्टी वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि उन प्रजातियों के पौधे की पहचान के लिए एक टीम बनाई जा रहे है, जिनकी रोपाई के बाद जीवित रहने की दर बहुत कम है।

# अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पु**लिस की अपराध शाखा ने एक अंतरराज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 52 किलो उच्च मानक वाले गांजे और अपराध में इस्तेमाल की गई कार को जब्त किया है। आरोपित की पहचान बिहार के रहने वाले नीरज कुमार (28) के रूप में हुई। अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बुधवार को बताया कि नारकोटिक्स पदार्थ (गांजा) युक्त खेप की डिलीवरी के संबंध में एनआर-1, अपराध शाखा के एएसआई संदीप के द्वारा जानकारी इकट्ठा करने के बाद इस बात के पुख्ता सबूत मिले कि गांजे की एक बड़ी खेप दिल्ली स्थित भलस्वा पहुंचने वाली है। अधिकारी ने बताया कि इसके तत्काल बाद छापेमारी के लिए कई एक टीम का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त एक टीम आगरा पहुंची और दिल्ली

### काबू

= भलस्वा झील के पास सर्विस रोड पर ट्रैप लगाकर संदिग्ध कार को रोक लिया और गहन पूछताछ कर चालक को गिरफ्तार कर लिया

एनसीआर की ओर जाने वाले वाहनों पर नजर रखने का काम शुरू कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि एसआई नरेंद्र और एएसआई संदीप के प्रयास से नोएडा के पास संदिग्ध कार और उसके पंजीकरण नंबर की पहचान की गई। दूसरी टीम ने भलस्वा झील के पास सर्विस रोड पर ट्रैप लगाकर संदिग्ध कार को रोक लिया और गहन पूछताछ कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही कार की तलाशी के दौरान 52 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि चंदन उर्फ अरविंद कुमार (खरीददार/रिसीवर) ने उसे अपनी कार दी थी।

# अवैध संबंध के विरोध करने पर कर दी पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने पत्नी की हत्या कर फरार आरोपित पति को भाभी के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि अवैध संबंधों का विरोध करने पर उसने पत्नी की हत्या की थी। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, बीते बुधवार को नरेला स्थित एक डीडीए फ्लैट से बदबू आने की कॉल मिली थी।

# भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर लगाया गंभीर आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा पावर डिस्कॉम को दी गई पावर सब्सिडी के सीएजी एंपैनलमेंट ऑडिटरों से ऑडिट का दिल्ली सरकार का फैसला एक बहुत बड़ा छलावा है और दिल्ली की जनता और भाजपा इसे स्वीकार नहीं करेगी। सचदेवा ने कहा है कि गत 8 साल से अधिक अरविंद केजरीवाल सरकार पावर डिस्कॉमों को बिजली सब्सिडी बिना किसी ऑडिट मैकेनिज्म के देती रही है। सचदेवा ने आगे कहा कि सच यह है कि पावर डिस्कॉम में दिल्ली सरकार एवं निजी कंपनियां बराबर की भागीदार हैं और पावर डिस्कॉम बोर्ड में आम आदमी पार्टी नेताओं की नियुक्ति की पोल खुलने के बाद से यह सवाल उठता रहा है कि पावर डिस्कॉमों को दी गई सब्सिडी का एक हिस्सा क्या किसी ना किसी रूप में आम आदमी पार्टी को वापस मिलता है। सचदेवा ने कहा कि गत 6 साल से पावर डिस्कॉम के ऑडिट को लेकर दिल्ली सरकार का एक मामला माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। जिस पर तारीख ही नहीं पड़ रही है। केजरीवाल सरकार ने आज तक उसमें तारीख लगवाने के लिए कोई कानूनी प्रयास नहीं किया। प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि बिजली कंपनियों का ऑडिट कराने के लिए बिजली अधिनियम 2003 की धारा-108 लागू की जानी चाहिए थी, ताकि ऑडिट अनिवार्य हो जाए, लेकिन सरकार ने आज तक उस धारा को लागू नहीं किया। बिधूड़ी ने कहा कि अगर सीएजी ऑडिट होता, तो यह सच्चाई सामने आती कि बिजली चोरी रुकने से कंपनियों का कितना लाभ हुआ है और उसका लाभ जनता तक पहुंचना चाहिए था।



### सरकार को घेरा

= सीएजी एंपैनलमेंट ऑडिटरों से ऑडिट का दिल्ली सरकार का फैसला एक बहुत बड़ा छलावा है: बीजेपी




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

# मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में बुधवार सुबह तड़के अपराध शाखा और बदमाशों के बीच सिंधिया रोड के पास बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। वहीं इस मुठभेड़ में अपराध के एसआई हेमंत को गोली लगी है। गनीमत रही की यह गोली उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई।
जवाबी कार्रवाई में अपराध शाखा ने भी गोली चलाई। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। आरोपित की पहचान सचिन निवासी जींद हरियाणा के रुप में हुई है।

# श्रद्धा हत्याकांड की नार्को टेस्ट की रिपोर्ट प्रसारित करने पर रोक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने श्रद्धा मर्डर केस में चार्जशीट से जुड़े कंटेंट जैसे नार्को टेस्ट का ऑडियो और सीसीटीवी फुटेज को न्यूज चैनल्स पर चलाने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका पर केंद्र सरकार और एक न्यूज चैनल को नोटिस जारी किया। जस्टिस रजनीश भटनागर की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वो ये सुनिश्चित करे कि कोई भी चैनल श्रद्धा मर्डर केस की चार्जशीट और नार्को टेस्ट की ऑडियो और सीसीटीवी फुटेज से जुड़े कंटेंट को प्रसारित नहीं करे। दरअसल, साकेत कोर्ट ने न्यूज चैनल्स पर कंटेंट के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए हाई कोर्ट जाने की छूट दे दी थी। उसके बाद दिल्ली पुलिस ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था साकेत कोर्ट ने 10 अप्रैल को इस मामले के आरोपित आफताब के नार्को टेस्ट की रिकॉर्डिंग का प्रसारण करने से एक न्यूज चैनल को अस्थायी तौर पर रोकने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर राम सिंह ने दायर याचिका में कहा है कि संबंधित न्यूज चैनल आरोपित के नार्को टेस्ट की रिकॉर्डिंग के प्रसारण से न केवल कोर्ट की कार्यवाही को प्रभावित करेगा, बल्कि ये आरोपित और पीड़िता के परिवार को भी प्रभावित करेगा। इस प्रसारण से कानून-व्यवस्था की भी स्थिति पैदा हो सकती है, क्योंकि लोगों की भावनाएं इस केस से जुड़ी हुई हैं। याचिका में कहा गया है कि नार्को टेस्ट की रिकॉर्डिंग अब कोर्ट के रिकॉर्ड में है और कोर्ट के रिकॉर्ड की किसी चीज का इस्तेमाल बिना कोर्ट की अनुमति के नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर व्यापक सुनवाई की जरूरत है।

### नोटिस

= कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका पर केंद्र सरकार और एक न्यूज चैनल को नोटिस जारी किया

# अब मोबाइल एप सिखाएगा बच्चों को दांतों को साफ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मोबाइल एप की मदद से बच्चे अपने दांतों को स्वस्थ और स्वच्छ रख सकेंगे। एप उन्हें बताएगा कि दांतों को कैसे साफ रखना है, किस तरह से ब्रश करना है। ऐसा करने से भविष्य में होने वाली दंत रोगों को पहले ही रोका जा सकेगा। इसके लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने हेल्दी स्माइल नाम से द्विभाषी एप तैयार किया है। इस एप का अपडेट वर्जन बच्चों को मुंह की स्वच्छता के बारे में बताया जाएगा। साथ ही उन्हें दिन में दो बार अच्छी तरह से ब्रश करने के लिए प्रेरित करेगा। इस एप में दो मिनट का ब्रशिंग टाइमर, प्रेरक गीत, बच्चों के सभी आयु




समूहों के लिए निवारक दंत चिकित्सा युक्तिया, ब्रश प्रदर्शन वीडियो, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और गर्भावस्था के दौरान मुंह की देखभाल की जानकारी दी जाएगी। इस एप को बाल दंत चिकित्सा विभाग से डॉ. कल्पना बंसल, डॉ. विजय माथुर, डॉ. राहुल मोरनकर, डॉ. नितेश तिवारी सहित अन्य ने विकसित किया है।
**40% से 50% बच्चों में समस्या:** दांतों की समस्या बच्चों में गंभीर है। एम्स के आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 40 से 50 फीसदी तक बच्चों में दांतों की समस्या पाई जाती है। इसके पीछे जागरूकता व शिक्षा की कमी है। साथ ही उचित दंत चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। इसके अलावा बच्चों में ब्रश करने की खराब आदतें, गलत खान-पान की आदत, देखभाल के ज्ञान की कमी से दिक्कत बढ़ जाती है।
**दूर हो सकती है समस्या:** दंत क्षय और मसूड़े में सूजन के मामले आम बात हैं। ऐसा देखा गया है कि बच्चों को चीनी युक्त स्नैक्स व अन्य खाने के लिए दिए जाते हैं, जो दांतों के लिए समस्या बनाते हैं।
**एप में सुविधा:** इस एप में तीन साल से कम उम्र के बच्चों के माता-पिता के लिए ब्रशिंग वीडियो और तीन साल से अधिक उम्र के बच्चों के लिए ब्रश करने की जानकारी दी गई है।

# 16 वर्षीय किशोर की हत्या, यमुना खादर में मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर पूर्वी** दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में 16 वर्षीय किशोर की हत्या कर दी गई है। किशोर का शव यमुना खादर से बरामद हुआ है। शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि किशोर मंगलवार रात खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से निकला था और बुधवार सुबह लोगों ने उसकी लाश देखी। मृतक के पिता मुस्तफा ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10:00 बजे खाना खाने के बाद वो टहलने के लिए निकला था, लेकिन देर रात वह नहीं लौटा। वह लोग सारी रात उसे ढूंढते रहे। रिश्तेदारों और दोस्तों से उसके बारे में पूछा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बुधवार सुबह किसी ने फोन करके उन्हें बताया कि आलम का शव उस्मानपुर जीरो पुस्ता यमुना खादर में पड़ा है।

### जांच जारी

= शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है

# वैज्ञानिकों का कमाल: कृत्रिम हाथ बनेगा दिव्यांगजनों के लिए वरदान

## अब हाथ की कमी महसूस नहीं होने देंगे सीएसआईआर,` दिव्यांग अपने दैनिक कार्यों को स्वयं करने में सक्षम होंगे: एनपीएल के वैज्ञानिक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा कृत्रिम हाथ विकसित किया है, जो दिव्यांगों के लिये वरदान साबित होगा। वैज्ञानिकों का दावा है कि यह कृत्रिम हाथ दिव्यांगों के जीवन को सहज बनाएगा। इस परियोजना से जुड़े एनपीएल के वैज्ञानिक डॉक्टर आलोक प्रकाश ने खास बातचीत में कहा कि उनकी टीम ने एक कृत्रिम हाथ बनाया है, उससे लोगों की समस्याएं निश्चित रूप से कम होंगी। इसके माध्यम से दिव्यांग अपने दैनिक कार्यों को स्वयं करने में सक्षम होंगे। बातचीत के दौरान डॉक्टर आलोक ने कहा कि अभी कृत्रिम हाथ बनाने की दिशा में जो कंपनियां काम कर रही हैं,



वह बहुत महंगी दरों पर कृत्रिम हाथ बना रही हैं। एक ऑटोमेटिक कृत्रिम हाथ की कीमत दो लाख रुपये से भी अधिक है। आगे वे कहते हैं कि इस चुनौती को स्वीकार कर एनपीए ने काफी सस्ता कृत्रिम हाथ तैयार किया है, जिसे हैदराबाद की एक कंपनी के साथ मिलकर अगले एक वर्ष के भीतर बाजार में उतार दिया जाएगा। डॉ. आलोक ने कहा कि इस परियोजना में अनुराग कटियार, मांगेराम सहित संस्थान के कई अन्य वैज्ञानिकों ने सहयोग दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में करीब डेढ़ करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके शरीर का कोई-न-कोई अंग कटा हुआ है। इनमें 45 लाख लोग ऐसे हैं, जिनके बांह का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त है। ऐसे लोगों की मदद के लिये एनपीएल की पहल सराहनीय है। इसी संदर्भ में एक सवाल का जवाब देते हुए डॉक्टर आलोक ने कहा कि कृत्रिम हाथ ठीक वैसे कार्य करता है, जैसे हमारे हाथ काम करते हैं। कृत्रिम हाथ को चलाने के लिए एनपीएल ने हॉल मायोग्राफी नामक सेंसर तैयार किया है, जो कटे हुए हाथ के बचे हिस्से में ऐसी जगह लगाया जाता है, जहां संकुचन होता है। यह यंत्र मांसपेशियों के संकेत को समझकर कृत्रिम हाथ के संचालित होने में मदद करता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि शरीर के संचालन का अपना तंत्र है। इस तंत्र को समझने और उसका पालन कराने के लिए हॉल मायोग्राफी यंत्र बनाया गया है। डॉ. आलोक ने बताया कि रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) दिमाग का संदेश शरीर के अन्य अंगों खासकर हाथों और पैरों तक पहुंचाती है। ऐसे में हाथ जहां से कटा होता है, वहां के बचे हिस्से के ऊतकों तक स्पाइनल कॉर्ड दिमाग का संदेश पहुंचाता है।

### करिश्मा

= रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) दिमाग का संदेश शरीर के अन्य अंगों खासकर हाथों और पैरों तक पहुंचाती है

# आबकारी घोटाला: अमनदीप ढल को तीन दिनों की सीबीआई हिरासत

### शिकंजा

= स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। सीबीआई ने अमनदीप ढल को आज ही गिरफ्तार किया था



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आब**कारी घोटाला मामले के आरोपित अमनदीप ढल को तीन दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। सीबीआई ने अमनदीप ढल को आज ही गिरफ्तार किया था। पेशी के बाद सीबीआई ने तीन दिनों की हिरासत की मांग की। गौरतलब है कि 10 अप्रैल को कोर्ट ने अमनदीप से सीबीआई को जेल में पूछताछ की अनुमति दी थी। ईडी ने 1 मार्च की रात में अमनदीप को गिरफ्तार किया था। अमनदीप ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है। दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में सीबीआई की एफआईआर के मुताबिक अमनदीप विजय नायर, मनोज राय और समीर महेंद्रू के साथ आबकारी नीति बनाने में सक्रिय रूप से शामिल था।

## न्यूज फ्लैश

### महिला के हाथ से नकदी, आभूषण व मोबाइल से भरा बैग झपटा

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मॉडल टाउन स्थित फ्रेंडस पार्क के पास स्कूटी सवार दो युवक महिला के हाथ से पर्स झपटकर भाग गए। महिला बेटी संग सुभाष चौक से तारा नगर स्थित अपने घर जा रही थी। पर्स में नकदी, चांदी की अंगूठी व मोबाइल था। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

शहर के तारा नगर निवासी सरोज ने बताया कि वह मंगलवार रात करीब नौ बजे काम के सिलसिले में बेटी डिंपी के साथ सुभाष चौक पर आई थी। वहां से वह पैदल की मॉडल टाउन होते हुए अपने घर की तरफ जा रही थी। जब वह फ्रेंडस पार्क के सामने पहुंची तो अचानक एक स्कूटी पर दो युवक उनके पास आए। इससे पहले की वह कुछ समझ पाती युवक उनके हाथ से पर्स झपटकर भाग गए। पर्स में सात हजार रुपये की नकदी, चांदी की तीन अंगूठी व मोबाइल था। वह झपटमारों की स्कूटी का नंबर नहीं देख सकी। उन्होंने परिजनों को अवगत कराया। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### शटर उखाड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दुकान का शट्र उखाड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है। सुबह मंडी में जा रहे दुकानदार ने शट्र उखड़ा देखा तो उसी दौरान तीन संदिग्ध दुकान से निकलकर भागने लगे। राहगीरों की मदद से तीनों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। माडल टाउन निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उसने ओल्ड डीसी रोड पर मित्तल किरयाणा स्टोर के नाम से दुकान कर रखी है। गत 18 अप्रैल को दुकान बंद करके घर चला गया। अगले दिन सुबह करीब 4 बजे मंडी में सामान लेने के लिए निकला। उसने देखा कि दुकान का शट्र उखड़ा हुआ है। उसने अंदर जाकर देखा तो तीन लड़के दुकान से निकलकर भागने लगे। उसने चोर-चोर का शोर मचाया। उनके पीछे भागने लगा। एक युवक भागते-भागते गिर गया। जिसे मौके पर ही काबू कर लिया। राहगीरों की मदद से दो अन्य युवकों को काबू कर लिया। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों की पहचान सोहनपाल, सुबोध, व राहुल निवासी दिल्ली के रूप में हुई। आरोपितों ने 2500 हजार रुपये की नकदी दुकान का शट्र उखाड़र की है। जांच अधिकारी एसआई नरेद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोर्ट में पेश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### एल्गी ने हनोवर मेसे 2023 में एडवांस्ड कॉम्प्रेस्ड एयर सोल्यूशंस पेश किये

**नई दिल्ली।** एयर कम्प्रेसर बनाने वाली दुनिया की प्रमुख कंपनी, एल्गी ने आज हनोवर मेसे में अपने ऑयल-फ्री, ऑयल लुब्रिकेटेड कम्प्रेसर्स और एक्सेसरीज का अनावरण किया। ये प्रोडक?ट्स कम




रखरखाव वाली लागत के कम्प्रेस्ड एयर सोल्यूशंस की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। इस ट्रेड शो में हॉल नंबर 4 में एल्गी के स्टैंड डी31 पर इंटिग्रेटेड हीट रिकवरी सिस्टम के साथ एल्गी के ऑयल फ्री स्क्रू एयर कम्प्रेसर और ऊर्जा की कम लागत में चलने वाले ऑयल लुब्रिकेटेड स्क्रू कम्प्रेसर्स को नई स्थायी मैग?नेट की समकालीन मोटर के साथ प्रदर्शित किया गया था। एल्गी के पहली दो चरणों के ऑयल-लुब्रिकेटेड स्क्रू एयर कम्प्रेसर का भी शो में प्रीमियर किया गया। इससे इंडस्ट्री में कम लागत वाले कम्प्रेसर का स्वामित्व विश्वसनीयता के साथ हासिल करने में उपभोक्ता सक्षम होंगे। ट्रेड शो में एल्गी इक्विपमेंट्स के प्रबंध निदेशक डॉ. जयराम वरदराज ने कहा, आज हनोवर मेसे में प्रदर्शित किए गए हमारे पोर्टफोलियो ने ऊर्जा दक्षता की दिशा में बदलाव के लिए उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने में एक अग्रणी भूमिका निभाने को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दोहराई है। स्थिरता और नेट जीरो परिचालन के सफर की दिशा में उपभोक्ताओं की जरूरतें ऊर्जा की कम खपत से लेकर उपकरणों के रखरखाव की कम लागत के आकलन तक उभरी है। एयर कम्प्रेसर यूरोप में इंडस्ट्री की संपूर्ण विद्युत ऊर्जा की मांग के 10 फीसदी हिस्से को पूरा करते हैं। 70 फीसदी से अधिक कम्प्रेसर की रखरखाव की लागत संचालन के दौरान इस्तेमाल की गई ऊर्जा से निकलती है। 60 साल से भी अधिक समय से हम कम्प्रेस्ड एयर सोल्यूशंस का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो स्वामित्व की कुल लागत को कम करते हैं। इसके साथ ही यह अपनी श्रेणी में ऊर्जा दक्षता, प्रक्रिया में सुधार के साथ प्रॉडक्ट्स और नई प्रक्रियाओं के विकास की दिशा में योगदान देते हैं। इसके अलावा हमारे कम्प्रेस्ड एयर के विशेषज्ञ अपने हर फैसले और हर गतिविधि में उपभोक्ता को केंद्र में रखते हैं, जिससे एल्गी कम्प्रेसर्स के पूरे जीवनकाल में उपभोक्ताओं को #हमेशा बेहतर अनुभव मिलता है। यूरोप में एल्गी कम्प्रेसर्स के प्रेसिडेंट क्लिंग रिंगलस्टेटर ने कहा, हम अपने यूरोपियन उपभोक्ताओं के साथ भागीदारी करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं। आजकल उपभोक्ता ऊर्जा की बढ़ती लागत, नियामक और कम उत्सर्जन के लिए मूल्य श्रृंखला की बढ़ती मांग जैसी समस्याओं का सामना कर रहे है। इसके साथ ही संचालन लागत को कम करने के साथ कम से कम ऊर्जा की खपत जैसी उपभोक्तों की जरूरतें बढ़ती जा रही है।

# विज ने किया मिलेट मेले का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) इंटरनेशनल इयर** ऑफ मिलेट-2023 के तहत आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी में मोटा अनाज मेला का आयोजन किया गया। आज इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट-2023 के तहत आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी में वूमेन सैल, एन.एस.एस., आत्मनिर्भर भारत कमेटी तथा टूगेदर वी केन फाउंडेशन अम्बाला के संयुक्त तत्वावधान में आज मिलेट मेला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न संस्थाओं द्वारा स्टाल बनाते हुए लोगों को मोटा अनाज खाने के प्रतिजागरूक किया गया। कार्याक्रम का शुभारंभ हरियाणा के गृह मंत्री



अनिल विज ने किया। उन्हानें कालेज को 25 लाख रूपए देने की भी घोषणा की। अनिल विज ने कहा कि विश्व में मोटे अनाज को दोबारा अपनाने के लिए दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी ने आवहन किया है। और यूएनओं द्वारा 2023 को मिलेट वर्ष भी बनाया जा रहा है। उन्होनें कहा कि हमें खुशी है कि इस आह्वान में आर्य गर्ल्स कालेज में पहल की है। उन्होनें आज यहां कार्याक्रम आयोजित कर लोगों को इसके महत्व व इसे न अपनाने के नुकसान के बारे में बताया है। उन्होनें कहा कि आज आर्य गर्ल्स कालेज से उठी यह लहर सारे हरियाणा में जाएगी तथा हम अपने 7 हजार साल पुरानें खान-पान को अपनाए।

वहीं डॉ. जोगिन्द्र सिंह, सिविल अस्पताल, अम्बाला छावनी ने छात्राओं को मोटा अनाज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपनी जीभ के स्वाद के लिए बाजार से फास्ट फूड खाना बंद करना होगा। अपनी दिनचर्या में बड़ा अनाज, फल सब्जियां, दूध शामिल करें तथा मोबाइल का कम से कम उपयोग करें क्योंकि यह सेहत के लिए हानिकारक है। मोटा अनाज खाने से होने वाले स्वास्थ्य लाभ आपको कुछेक महीनों में देखने को मिल सकते हैं। कॉलेज की प्राचार्य डा.अनुपमा आर्य ने बताया कि इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट-2023 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मोटे अनाज को वापिस लाने और घरेलू और वैश्विक मांग बनाने और लोगों को पोषण संबंधी भोजन देने के लिए 2021 में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र को 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव दिया। भारत के इस प्रस्ताव को 70 से अधिक देशों का समर्थन मिला और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में घोषित किया उन्होंने बताया कि भारत मोटे अनाज का प्रमुख उत्पादक है जो एशिया के उत्पादन का 80 प्रतिशत और वैश्विक उत्पादन का 20 प्रतिशत हिस्सा है।

> 8 अपनी दिनचर्या में बड़ा अनाज, फल सब्जियां, दूध शामिल करें तथा मोबाइल का कम से कम उपयोग करें

## डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई महात्मा हंसराज जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। डी.ए.वी पब्लिक** स्कूल में महात्मा हंसराज जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश ने सभी विद्यार्थियों अध्यापकों व अभिभावकों को महात्मा हंसराज जयंती की बधाई दी। स्कूल में हवन-यज्ञ, भजन-गायन, भाषण एवं कविता-गायन आदि अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने महात्मा हंसराज द्वारा दिखाए गए मार्ग का पथ- प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया एवं सच्चाई का रास्ता अपनाने तथा मानव सेवा पर बल दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मानव सेवा के रूप में पर्यावरण प्रदूषण को बचाने हेतु विद्युत का कम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि विद्युत का अतिरिक्त प्रयोग पर्यावरण को भीषण नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि जब भी आवश्यकता न हो विद्युत उपकरण बंद करने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए स्व अध्ययन एवं स्वचिंतन करने के लिए प्रेरित किया।

> 8 प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश ने सभी विद्यार्थियों अध्यापकों व अभिभावकों को महात्मा हंसराज जयंती की बधाई दी

## लूट के पीड़ित व्यापारी से मिले व्यापारी प्रतिनिधि



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** व्यापार मंडल सोनीपत का प्रतिनिधि मंडल आज बुधवार 19 अप्रैल 2023 को सुबह 11 बजे जिस दुकान पर मंगलवार शाम 8 लाख रुपए की लूट हुई थी शक्ति ट्रेडर्स, दिल्ली रोड सोनीपत पर पहुंचा और लूट की घटना की जानकारी ली तथा जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने मौके पर ही सेक्टर 27 एस एच ओ रविंद्र कुमार को बुलाया और केस की प्रगति के बारे पूछा तो उन्होंने बताया कि इस केस का जाँच अधिकारी ए एस आई अमरजीत को बनाया गया है और पुलिस की चार टीम इस केस पर कार्य कर रही है और शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा, संजय सिंगला ने कहा कि तीन दिन के अंदर अगर पुलिस अपराधियों को नही पकड़ती तो जिला व्यापार मंडल दोबारा मीटिंग कर आगे की रणनीति तय करेगा, इस मौके पर शक्ति ट्रेडर्स के यशपाल, राजकुमार व व्यापार मंडल के हिमांशु कुकरेजा, कमल हसीजा, जतिन डेम्बला, राकेश चोपड़ा,रोहित नारंग, राजबीर सैनी, वरुण कत्याल ,महाबीर ,नवीन गर्ग आदि मौजूद रहे

### महिला ने पुत्रवधू पर लगाया पिटाई का आरोप

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला ने पुत्रवधू पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित पुत्रवधू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव नांदनौर निवासी शीला ने बताया कि उसकी आयु करीब 55 साल है। उसके पति की करीब 28 साल पहले मौत हो चुकी है। उसके बड़े बेटे की शादी हो चुकी है। बड़े बेटे की पत्नी उसके साथ झगड़ा करती रहती है। जिसके चलते वह अपने छोटे बेटे के पास रहती है। उसके पौत्र को चोट लग गई। जिसके चलते ने उसे बेटे का ध्यान रखने के लिए पुत्रवधू से कहा।

## अंबाला सेंट्रल जेल में पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** सेंट्रल जेल में भी पुलिस ने गैंगस्टरों पर प्रहार किया है। आज सुबह साढ़े 5 बजे से एएसपी दीपक कुमार की अगुवाई में अंबाला पुलिस की फोर्स ने सेंट्रल जेल में रेड की। जेल अधीक्षक संजीव पातड़ को भी इसकी भनक बाद में लगी। पुलिस फोर्स ने लगभग 3 घंटे की कार्रवाई के दौरान गैंगस्टर लॉरेंस, काला राणा, काला जटेड़ी, भूप्पी राणा, मोनू राणा, नीरज बवाना, दिल्ली के गैंगस्टर मनजीत महाल, बंबीहा गैंग, सन्नी देव उर्फ कूकी गैंग, विनोद काला और कौशल गैंग से जुड़े बदमाशों के बैरक की गहनता से जांच की है। हालांकि, जेल परिसर खंगालने के बाद



कोई भी अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई। अंबाला पुलिस की तरफ से एएसपी दीपक कुमार की अगुआई में डीएसपी रमेश कुमार, सीआईए-1 इंचार्ज संदीप कुमार,सीआईए-2 इंचार्ज हरजिंदर सिंह, एसएचओ बलदेव नगर रामकुमार की टीम बनाई गई। इनकी निर्देशन में ही भारी पुलिस बल ने जेल का चप्पा-चप्पा छाना। कार्रवाई की सूचना मिलने के बाद एसपी जेल संजीव पातड़ पहुंचे। इसके पश्चात कार्रवाई के दौरान डिप्टी जेल सुप्ररिंटेंडेंट नीलम व डिप्टी जेल सुप्ररिंटेंडेंट प्रिंस कुमार भी कार्रवाई में शामिल हुए। अंबाला सेंट्रल में कैदी-बंदियों का नेटवर्क पहले से ही स्ट्रॉन्ग रहा है। सेंट्रल जेल किसी न किसी तरह सुर्खियों में बनी रहती है। लगातार कैदियों-बंदियों से स्मार्ट फोन

# जिले में लैबर की कमी के चलते मंडियों में गेहूं का नहीं हो पा रहा समय पर उठान

## उठान की धीमी प्रक्रिया के चलते आढ़तियों के साथ-साथ किसानों के उठानी पड़ रही परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**गेहूं की** सरकारी खरीद शुरू होने व लस्टर लॉस के नाम पर कटने वाली राशि सरकार द्वारा रद्द किए जाने के बाद भले ही किसानों ने राहत की सांस ली हो, परन्तु मंडियों में उठान प्रक्रिया बेहद धीमी होने की वजह से किसानों के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। सोनीपत अनाज मंडी सहित विभिन्न मंडियों में गेहूं का उठान समय पर न होने के कारण किसानों को गेहूं उतारने के लिए ही जगह कम पड़ रही है। बुधवार देर शाम को बदले मौसम ने चिंता बढ़ा दी है। बुधवार रात व बृहस्पतिवार को बारिश के आसार मौसम विभाग की तरफ से बताए गए है। ऐसे में मंडियों में गेहूं भीगने की सम्भावना बढ़ गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत अनाज मंडी सहित जिले में स्थाई व अस्थाई तोर से स्थापित 23 मंडियों व खरीद केन्द्रों पर गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया चल रही है। सरकार ने गेहूं की खरीद के लिए 1 अप्रैल से ही पोर्टल खोल दिया था, लेकिन गेहूं की खरीद प्रक्रिया गत सोमवार से ही शुरू हो पाई थी। खरीद प्रक्रिया शुरू होने व मौसम साफ होने के बाद बड़ी संख्या में हर रोज किसान अपना गेहूं लेकर मंडियों में पहुंच रहे है, लेकिन अब उठान की धीमी गति ने किसानों के सामने परेशानी खड़ी कर दी है।

सोनीपत अनाज मंडी सहित गोहाना, खरखौदा, मुरथल, गन्नौर मंडी में सहित केंद्रों पर उठान न होने के चलते आढ़ती व किसानों को गेहूं उतारने में दिक्कत झेलनी पड़ी। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसान अपना गेहूं लेकर नवनिर्मित सब्जी मंडी की साइट के साथ रास्तों पर गेहूं को उतारने लगे है। मंडी की सड़कों से लेकर शैड के अंदर हैफेड व एफसीआइ का खरीदे गेहूं के चट्टे लगे हुए है।

3 लाख 7 हजार एमटी गेहूं की हो चुकी है खरीद, लैबर बनी समस्या-बुधवार देर शाम तक सोनीपत अनाज मंडी सहित नाहरा, मुरथल, मोहाना खरीद केन्द्रों पर 3 लाख 27 हजार एमटी गेहूं की फसल पहुंची। जिसमें से 3 लाख 7 हजार एमटी गेहूं की खरीद की जा चुकी है। वहीं उठान में यह रफ्तार नजर नही आ रही है। बुधवार देर शाम तक मंडियों में से 1 लाख 49000 हजार एमटी गेहूं का ही उठान हो पाया था। अगले दो से तीन दिनों में मौसम साफ रहता है तो गेहूं की आवक बढ़ेगी। ऐसे में किसान उठान प्रक्रिया को तेज करने की मांग कर रहे है।

**खरखौदा मंडी में हालत बेहद खराब, सड़क पर गेहूं डालने को मजबूर किसान**-जिले की खरखौदा मंडी में हालत बेहद खराब हालत में पहुंच चुके है। मंडी में हर तरफ गेहूं की फसल व गेहूं के बोरे दिखाई दे रहे है। मिली जानकारी के अनुसार मंडी में 3 लाख 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं पहुंच चुका है।

> 8 जिले की खरखौदा मंडी में हालत बेहद खराब हालत में पहुंच चुके है। मंडी में हर तरफ गेहूं की फसल व गेहूं के बोरे दिखाई दे रहे

### रिलायंस ट्रेंडस ने रामा मंड़ी में खोला अपना तीसरा स्टोर




**जालंधरः** देश के सबसे बड़े और तेजी से विस्तार कर रही ऐपेरल और ऐसेजरिज चेन- रिलायंस ट्रेंडस ने जालंधर जिले के रामा मंड़ी में अपना तीसरा नया स्टोर खोला है। कंपनी का प्रयास है कि फैशन को एक नई दिशा प्रदान कर मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1, 2 और छोटे छोटे कस्बों तक ग्राहकों में अपनी पहुंच बना सके। रामा मंडी में खुला यह स्टोर आधुनिक शैली से बनाया गया है और यहां फैशन का सामान किफायती दामों पर उपलब्ध है। कंपनी उम्मीद करती है कि स्थानीय ग्राहकों को यह बहुत पसंद आयेगा। ग्राहक महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के परिधानों में व्यापक विकल्प दिलकश दामों पर प्राप्त कर सकते हैं।

11,218 स्केयर फीट में फैला यह स्टोर, रामा मंडी में अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन विशेष आफर के माध्यम से प्रदान कर रहा है। ऑफर 3999 रुपये की खरीदारी पर 249 रुपये का रोचक उपहार प्राप्त किया जा सकता है। यही नहीं 3999 रुपये की खरीदारी पर 2000 रुपये का निःशुल्क कूपन प्राप्त किया जा सकता है।

### डीजीपी अशोक कुमार और पूर्व रक्षा वैज्ञानिक मनोचा लिखित साइबर एनकाउंटर्स पुस्तक का दिल्ली में विमोचन आज

**चंडीगढ़, (राजेश जैन)**
उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक पानीपत वासी अशोक कुमार और रक्षा अनुसंधान एवम विकास संगठन के पूर्व वैज्ञानिक ओपी मनोचा द्वारा लिखित पुस्तक साइबर एनकाउंटर्स का विमोचन आज शाम चार बजे आईआईटी दिल्ली के सेमिनार हाल में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन भी आईआईटी दिल्ली एलुमनी एसोसिएशन की ओर से किया गया है।एसोसिएशन के अध्यक्ष कल्पेन शुक्ला और सचिव पंकज कपाड़िया ने कार्यक्रम के आमंत्रण जारी किए है। कार्यक्रम के अनुसार पुस्तक का विमोचन बॉक्सर एमसी मैरीकॉम,पीएमओ में नेशनल साइबर सिक्योरिटी कॉर्डिनेटर लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर राजेश पंत,जानी मानी लेखिका अद्वैत काला,पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार एवम पूर्व रक्षा वैज्ञानिक ओपी मनोचा सामूहिक रूप से करेंगे। पुस्तक की प्रस्तावना मशहूर अभिनेता अमिताभ बच्चन ने लिखी है।

## शिकंजा: नशीले कैप्सूलों सहित मां-बेटी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) अंबाला** में ड्रग्स की खेप के साथ मां-बेटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मां-बेटी के कब्जे से 1145 नशीले कैप्सूल बरामद हुए हैं। आरोपी मां-बेटी को पुलिस ने कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी महिला पर पहले भी एनडीपीसी एक्ट के तहत केस दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक, पड़ाव थाना की टीम अंबाला कैंट एरिया में गश्त पर तैनात थी। इस बीच मुखबिर ने गुप्त सूचना



दी कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (बलदेव नगर) निवासी महिला और उसकी बेटी बस स्टैंड अंबाला कैंट के अंदर एसटीडी बूथ चलाती हैं। इसके साथ-साथ नशीले कैप्सूल बेचने का धंधा करती हैं।

पुलिस को सूचना थी कि महिला अपनी बेटी के साथ स्कूटी पर रेलवे स्टेशन की तरफ से बस स्टैंड पर बने एसटीडी बूथ पर नशीले कैप्सूल रखने के लिए आएगी। पुलिस ने महिला स्टाफ के साथ रात साढ़े 11 बजे नाकाबंदी शुरू की। यहां काफी समय इंतजार के बाद अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन की तरफ से स्कूटी पर मां-बेटी आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने तुरंत मां-बेटी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी मां-बेटी से पूछताछ की और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष तलाशी ली। यहां उनके पास रखे पर्स की तलाशी लेने पर 1145 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

कैप्सूल का वजन करने पर 688 ग्राम हुआ। पड़ाव थाना पुलिस ने आरोपी मां-बेटी के खिलाफ धारा 22सी-61-85 एनडीपीसी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 21 अप्रैल को अंबाला पहुंचेगा फतेह मार्च

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) महाराजा जस्सा** सिंह रामगढ़िया 300 वर्ष शताब्दी समारोह पूरे देश में धूम धाम से मनाया जा रहा है। इसी के चलते दिल्ली से फतेह मार्च कल 20 अप्रैल को दिल्ली से चलकर करनाल पहुंचेगा और करनाल में ही फतेह मार्च का ठहराव होगा। 21 अप्रैल शुक्रवार को फतेह मार्च करनाल से चलकर 12 बजे दोपहर अम्बाला छावनी के मोहड़ा चौंक पर पहुंचेगा जहां पर एसजीपी प्रधान व इलाके की संगत द्वारा जोर शोर से स्वागत किया जाएगा। उसके बाद अम्बाला छावनी के काली पलटन पुल के नीचे अम्बाला छावनी की



सात संगत द्वारा वहां पर भी स्वागत किया जाएगा। फतेह मार्च इसके बाद अम्बाला शहर के गुरूद्वारा मंजी साहिब में पहुंचेगा। जहां पर संगतो के लिए लंगर की व्यवस्था कि गई है। उसके बाद सुबह यह फतेह मार्च 22 अप्रैल को पंजाब के पटियाला में गुरूद्वारा दुखनिवाराण साहिब में रात को ठहराव होगा। इस फतेह मार्च में शिरोमणी गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंद्र सिंह धामी, दिल्ली अकाली दल के प्रधान हरविद्रं सिंह शरणा जो फतेह मार्च के साथ चल रहे है। यह फतेह मार्च पटियाला से चलकर पंजाब के अलग अलग शहरों में होता हुआ अकाल तख्त साहिब दरबार साहिब अमृतसर पहुंचेगा।

आज से 300 वर्ष पूर्व महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया ने अपनी 30 हजारी फौज लेकर दिल्ली के लाल किला को फतेह किया था और औरंगजेब का वो तख्त जहां पर गुरू तेग बहादुर साहिब को शहीद करने का हुक्म दिया था

वह तख्त महाराजा जस्सा सिहं रामगढ़िया जी ने वह तख्त दिल्ली लाल किले से लाकर अमृतसर में शुशोभित किया था जो आज भी श्रद्धा का केंद्र है। प्रत्येक वर्ष यहां पर संगते माथाा टेकने आती है। आज इसी फतेह मार्च को लेकर गुरूद्वारा मंजी साहिब में एक बैठक हुई। जिसमें एसजीपीसी प्रधान हरपाल सिंह पाली, रणबीर सिंह फौजी, गुरचरण सिंह बलिस, एमएम सिंह, रणजीत सिंह विक्की, राजेंद्र सिंह शालू, सुरेंद्र पाल सिंह सिदड़, जगमीत सिंह जोश, मंजीत सिंह मिट्टू, अमरजीत सिंह सहित भारी संख्या में संगत मौजूद रही। हरपाल सिंह पाली ने संगतो से अपील की है कि वह फतेह मार्च में बढ़ चढ़ कर भाग लें।

## कोर मुख्यालय में डॉ॰ भीम राव अम्बेडकर, की 132वीं जयन्ती समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**बाबा साहब** डॉ॰ भीम राव अम्बेडकर की 132वीं जयन्ती कोर, मुख्यालय, प्रयागराज के प्रेक्षागृह में दीप प्रज्वलित एवं उनके फोटो पर माल्यार्पण कर दिनांक 17/04/2023 को प्रमोद कुमार, महाप्रबन्धक महोदय की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के अनुपम सिंघल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, के.के. सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, वी.के. गर्ग, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, अन्य सभी विभागाध्यक्ष, अन्य गणमान्य अधिकारिगण, मान्यता प्राप्त दोनों यूनियन के पदाधिकारी एवं



कर्मचारीगण उपस्थित थे। डॉ॰ भीम राव अम्बेडकर, के अमूल्य योगदान के सम्बन्ध में प्रमोद कुमार, महाप्रबन्धक, अखिलेश चन्द्रा, महानिरीक्षक एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) एवं अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया।

# "क्लब पंजाबियां दा" ने धूमधाम से मनाया बैसाखी का त्योहार

## "क्लब पंजाबियां दा"द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पंजाबी लोकगीतों और गानों पर थिरके लोग








**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर स्थित मरिना बैंक्वट में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की मशहूर संस्था "क्लब पंजाबियां दा" ने बैसाखी के अवसर पर "बैसाखी दी शाम पंजाबियां दे नां" बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

**पंजाबी लोकगीतों और गानों पर थिरके लोगः** कार्यक्रम में पंजाबी समाज से जुड़े लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के लोगो ने भी अपने परिवारों संग शिरकत की और कार्यक्रम का आनंद उठाया।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपनी विशेष प्रस्तुति से चार चांद लगा दिये। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को पंजाबी लोकगीतों, गानों पर थिरकने पर मजबूर कर दिया।

**लोगों ने की कार्यक्रम की सराहनाः** कार्यक्रम में आये हुए लोगों ने कहा कि "क्लब पंजाबियां दा" ने बड़े ही भव्य रूप में "बैसाखी दी शाम पंजाबियां दे नां" कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**आये हुए अतिथियों का हुआ भव्य स्वागतः** "क्लब पंजाबियां दा" के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का भव्य रूप में स्वागत किया।

**ये लोग रहे मौजूदः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन कुमार शर्मा, क्लब पंजाबियां दा के चेयरमैन सुरेन्द्र चोपड़ा, क्लब पंजाबियां दा के प्रधान राम कुमार बराड़, महासचिव मनोज दुआ, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष दीक्षित, आरडब्ल्यूए कोषाध्यक्ष नीरज कपूर, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, क्लब पंजाबियां दा के संरक्षक गुरदयाल छाबड़ा, एक्शन इंडिया समूह के मुख्य संपादक रवि भारद्वाज, क्लब पंजाबियां दा के उपप्रधान रिंकू कोहली, तरसेम सिंह, राकेश जुनेजा सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद रहे।
















**पवन कुमार शर्मा, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्रः** मैं सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं देता हूं और कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद करता हूं। क्योंकि बड़े ही भव्य रूप में संस्था ने कार्यक्रम का आयोजन किया है।

**सुरेन्द्र चोपड़ा, चेयरमैन, क्लब पंजाबियां दाः** कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं धन्यवाद करता हूं। ऐसे कार्यक्रम से लोग पंजाबी संस्कृति से अवगत होते है।






**राम कुमार बराड़, प्रधान क्लब पंजाबियां दाः** हमारा प्रयास रहता है कि हम पंजाबी संस्कृति से लोगों को अवगत करा सके। मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी का धन्यवाद करता हूं।

**मनोज दुआ, महासचिव, क्लब पंजाबियां दाः** मैं सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देता हूं और प्रभु से प्रार्थना करता हूं, प्रभु सभी के जीवन में खुशियां लाये।





**सुभाष दीक्षित, प्रधान, आरडब्ल्यूए मजलिस पार्कः** बैसाखी का त्यौहार हर किसी के चेहरे पर खुशियां लेकर आता है। मैं सभी को बैसाखी की बधाई देता हूं।

**नीरज कपूर, कोषाध्यक्ष, आरडब्ल्यूए मजलिस पार्कः** मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पंजाबी का प्रचार-प्रसार करें। जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। जिससे की सभी पंजाबी से अवगत हो।






**मोहन गर्ग, चेयरमैन आदर्श रसोईः** क्लब पंजाबियां दा की पूरी टीम को मैं बधाई देता हूं कि उन्होंने बड़े ही भव्य रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

**गुरदयाल छाबड़ा, संरक्षक, क्लब पंजाबियां दाः** इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से अवगत हो सके।





**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडिया दैनिकः** क्लब पंजाबियां दा की पूरी टीम बधाई की पात्र है, जो उन्होंने बड़े ही भव्य रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया है।

**रिन्कू कोहली, उपप्रधान, क्लब पंजाबियां दाः** ऐसे कार्यक्रम से पंजाबी समाज की युवा पीढ़ी समाज की गतिविधियों को जानती है और संस्कृति से अवगत होती है।



# मॉडल टाउन में पंजाबी सभा नार्थ वेस्ट ने मनाया बैसाखी उत्सव










**हंसराज अरोड़ा, प्रधान, पंजाबी सभा नार्थ वेस्टः** मैं सभी को बैसाखी की बधाई देता हूं और हमारी संस्था का प्रयास रहता है कि हम अधिक से अधिक वंचित लोगों की मदद कर सके। जिससे की उनके जीवन में भी सुधार हो सके।





**निर्भय नरूला, महासचिव, पंजाबी सभा नार्थ वेस्टः** मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करता हूं और सभी को बैसाखी पर्व की ढ़ेरो शुभकामनाएं देता हूं। संस्था गरीबों की मदद के लिए भी आगे रहती है।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मॉडल टाउन के रामलीला पार्क में पंजाबी सभा नार्थ वेस्ट के द्वारा बैसाखी मंगल मिलन समारोह का बड़े ही भव्य रूप में आयोजन किया गया।

**दीप प्रज्जवलन के उपरांत कार्यक्रम की हुई शुरूआतः** कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के बाद हुई। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की।

**पंजाबी के प्रसिद्ध कलाकारों ने गाये गीतः** कार्यक्रम के दौरान पंजाबी गायको ने मन को मोह लेने वाले गीत सुनाये, जिस पर लोग नचाने को मजबूर हो गये। गायक कलाकारों में विश्व प्रसिद्ध पंजाबी सिंगर शंकर साहनी के अलावा प्रमोद मेहता, गुरहम गुप्ता, मानसी सिसोदिया, कृष्णा वर्मा रही।

**संस्था ने कार्यक्रम में आये हुए लोगों का किया भव्य स्वागतः** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का पंजाबी सभा नार्थ वेस्ट के पदाधिकारियों ने भव्य रूप में स्वागत किया।

**ये लोग रहे मौजूदः** प्रधान हंसराज अरोड़ा, कार्यकारी प्रधान राकेश साहनी, महासचिव निर्भय नरूला, कोषाध्यक्ष अजीत चावला, सचिव सीएस मेहता सहित कई संस्थाओं के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**पंजाबी सभा नार्थ वेस्ट का उद्देश्यः** नई पीढ़ी व समाज के अन्य वर्गों को पंजाबी संस्कृति से अवगत कराना, मंदबुद्धि एवं विकलांग बच्चों की सहायता, साधन हीन परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में सहायता, वरिष्ठ नागरिकों, लाचार और बेसहारा बुजुर्गों की सहायता, रक्तदान व थैलिसेमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध कराना, वैवाहिक रिश्तों के लिए सहायता प्रदान करना आदि कार्य संस्था करती है।









# गेहूं की खरीद के साथ लिफ्टिंग पर दें जोर: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गेहूं की खरीद के साथ लिफ्टिंग पर बैठक आयोजित की गई। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में गेहूं खरीद के साथ और लिफ्टिंग पर अधिक जोर दें। वहीं बैठक में प्रशासनिक, खरीद, स्टोक एजेंसियों तथा पुलिस अधिकारियों और ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार व आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा की गई। डीसी विक्रम सिंह ने कहा है कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फसलों के रबी सीजन के दौरान जिला की मंडियों में खरीद का कार्य गत एक अप्रैल से किया जा रहा है और अब



लिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह आज बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरकारी एजेंसियों द्वारा जिला फरीदाबाद में रबी सीजन फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए जिला प्रशासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में क्रियान्वित की जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रही थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जमींदारों आढ़तियों को मंडियो में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। वहीं प्रत्येक मण्डी और गोदाम में एक प्रशासनिक नोडल अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डेलीबेसिज पर सम्बंधित एसडीएम मण्डी वार खरीद और उठान कार्यों समीक्षा व निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने एफसीआई के अधिकारी को ट्रकों की लोडिंग और अनलोडिंग में तेजी लाना सुनिश्चित करें और रोड मूवमेंट डेलीबेसिज पर चैकिंग। वहीं जो भी ठेकेदार ढिलाई बरतता पाए जाने पर उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करें। बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, हैफेड, एफसी आई, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन तथा मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से एक एक करके बारीकी से विस्तृत जानकारी ली गई। डीसी ने बैठक में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रबी सीजनल फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए साफ- सफाई, झराई, तुलाई, उठाई, फसलों की आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अदायगी सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से मंत्रणा की गई। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अधिकारी श्रीमती सीमा शर्मा ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा रबी की फसलों के खरीद के लिए सरकारी हिदायतों के अनुसार की जाने वाले संभावित क्रियान्वयन बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं एक एक करके अन्य विभागों और कारपोरेशन के अधिकारियों ने उनके विभागों की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन की बारीकी से जानकारी दी गई।

# एक दिन में मिले 15 कोरोना मरीज, स्वास्थ्य विभाग में हडकंप

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद। जिला फते**हाबाद में कोरोना रफ्तार पकड़ता नजर आ रहा है। बुधवार को जिले में नई कोरोना लहर में पहली बार एक साथ 15 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इतनी संख्या में कोरोना मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में भी हडकंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि एसपी आस्था मोदी, नगर परिषद डीएमसी अजय चोपड़ा, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. हमेश व मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश कुमार भी कोरोना की चपेट में आ चुके हैं और सभी अधिकारी होम आइसोलेशन में है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा गत दिवस



86 लोगों के कोरोना सैम्पल लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा गया था। बुधवार को आई रिपोर्ट में 15 लोगों के सैम्पल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इसके बाद जिले में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 21 तक पहुंच गई है। आज मिले सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है, किसी मरीज को अस्पताल में भर्ती करवाने की नौबत नहीं आई है। जिले में केवल एक मरीज का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिले में अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 लाख 29 हजार 923 लोगों के कोरोना सैम्पल लिए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने 8000 रुपए की कीमत के नशीले इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार व उनकी टीम ने अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध नशे के इंजेक्शन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी का नाम सुभाष है जो सारण थाना एरिया का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध नशे के इंजेक्शन सहित प्याली चौक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध नशे के 15 इंजेक्शन बरामद किए गए जिसमें प्रत्येक इंजेक्शन में दो-दो एमएल दवा थी। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करने लगा जिसके पश्चात उसे थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए ही नशा तस्करी करता है। आरोपी ने बताया कि नशे के इंजेक्शन वह मथुरा से लेकर आया था आरोपी ने बताया कि वह खुद भी इंजेक्शन का नशा करता है और अपना खर्चा निकालने के लिए इसे आगे बेच देता है। पुलिस रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेजा जाएगा और इसे नशा सप्लाई करने वाले इसके साथियों के बारे में पूछताछ करके उनके खिलाफ भी कानून के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### एचएसएससी के माध्यम से नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी, केस दर्ज

**झज्जर।** शहर के निवासी एक युवक से हरियाणा कमचारी चयन आयोग के माध्यम से सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर 15 लाख रुपये ठग लिए गए। थाना शहर पुलिस ने ठगे गए युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस को दी शिकायत में टीचर कालोनी बहादुरगढ़ के निवासी मनीष गुलिया ने बताया कि बहादुरगढ़ के शक्ति नगर में रह रहा दीपक कुमार उनका भाई है। दीपक बहादुरगढ़ के आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में रोहतक रोड के साथ प्रापर्टी डीलिंग का कार्यालय चलाता है। मनीष ने बताया कि फरीदाबाद के सेक्टर-75 निवासी हर्ष कौशिक पुत्र उग्रसैन कौशिक दीपक के कार्यालय में आता रहता था। वर्ष 2021 के जून-जुलाई में हर्ष कौशिक ने बताया कि उसकी जान पहचान हरियाणा कमचारी चयन आयोग (एचएसएससी। पंचकुला के चेयरमैन व कई सदस्यों से है। कभी किसी को नौकरी लगवाना हो तो मुझे बता देना, मैं पहले भी कई लोगों को पैसे देकर नौकरी लगवा चुका हूं। मनीष ने हर्ष को बताया कि उसने एचएसएससी का फार्म भरा हुआ है तो उसने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। अपना रोल नंबर आने पर मुझे दे देना। बाद में हर्ष ने नौकरी लगवाने के नाम पर 25 लाख रुपये की मांग की और कहा कि 15 लाख रुपये परीक्षा से पहले देने होंगे और 10 लाख रुपये काम होने के बाद देने होंगे। मनीष ने अपने भाई दीपक से सलाह करके 3 अगस्त 2021 को 5 लाख रुपये, 26 अगस्त 2021 को 2 लाख रुपये, 29 सितंबर 2021 को 7 लाख 50 हजार रुपये व 13 जनवरी 2022 को एक लाख रुपये हर्ष कौशिक द्वारा बताए गए इंडियन ओवरसीज बैंक के खाता नंबर 337633000000071 में जमा करवा दिए। इसके बाद 5 नवंबर 2022 को मनीष का पेपर हुआ। परिणाम आया तो उसका चयन नहीं हुआ।

मनीष ने हर्ष कौशिक को कहा, उसने मेरे साथ धोखा किया है तो हर्ष ने माना कि उसने लालच में आकर बहुत बड़ी गलती कर दी। हष को राशि दीपक के खाते से दी गई थी, इसलिए उसने 12 लाख 50 हजार रुपये का चेक दीपक के नाम से दे दिया। बाकी पैसे बाद में देने की बात कही। लेकिन दीपक ने चेक अपने खाते में डाला तो वह बाउंस हो गया। फिर हर्ष से संपर्क किया तो हर्ष पैसे लौटाने के लिए बार-बार समय देता रहा लेकिन पैसे नहीं लौटाए।

# 'वर्ल्ड लिवर डे पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों व कर्मचारियों दिया निःशुल्क परामर्श

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा रोटरी क्लब, फरीदाबाद, एसवीसी बैंक, लाइफ फर्स्ट फाउंडेशन और अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम के सहयोग से 'वर्ल्ड लिवर डे के उपलक्ष में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वय विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय और यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लिवर



स्वास्थ्य के महत्व और स्वस्थ लिवर को बनाए रखने के तौर-तरीकों के बारे में विद्यार्थियों के बीच जागरूकता बढ़ाना था। यह कार्यक्रम जी20ः स्वास्थ्य एवं सुरक्षा थीम के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। 'वर्ल्ड लिवर डे 2023इ का थीम 'सतर्क रहें, लीवर की नियमित जांच करें, फैटी लीवर किसी को भी प्रभावित कर सकता हैइ पर आधारित है। कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय तथायूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रयासों की सराहना की। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने भी स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में 150 से अधिक विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान फरीदाबाद के अमृता अस्पताल के चिकित्सा विशेषज्ञों ने लिवर की बीमारियों के कारणों और उन्हें रोकने के तरीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

उन्होंने लिवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित जांच, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर भी चर्चा की। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ और आहार विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों और कर्मचारियों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह की देखरेख में किया गया और इसका समन्वयन डिप्टी डीन डॉ. सोनिया बंसल, वाईआरसी समन्वयक डॉ. नवीश कटारिया और पूजा छोकर ने किया।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत क्राइम ब्रांच कैट ने भीख मांगते 4 बच्चों को रेस्क्यू किया

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश व ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने फरीदाबाद से भीख मांगने वाले 4 बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए बाल कल्याण भवन भेजने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट द्वारा फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर रेलवे फाटक के पास से भीख मांगते हुए 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। चारों बच्चों की उम्र क्रमशः 13,11,10,10 वर्ष है। पुलिस टीम द्वारा बच्चों को खाना पीना खिलाया गया और उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान सामने आया कि चारों बच्चों के माता-पिता का देहांत हो चुका है और जिसमें से दो दो बच्चे आपस में भाई हैं। बच्चे अपनी दादी के पास रहते हैं जिनकी उम्र 70 वर्ष है और वह एक वृद्ध महिला है इसलिए इन बच्चों का पालन पोषण करने में असमर्थ है। अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए बच्चे भीख मांगते हैं। पुलिस टीम ने बच्चों की दादी को समझाया कि यह उम्र उनके पढ? लिखने की है। यदि वह स्कूल नहीं जाएंगे तो सारी उम्र भीख मांगते ही रह जाएंगे इसलिए आवश्यक है कि उन्हें स्कूल भेजकर अच्छी शिक्षा दी जाए ताकि वह पढ़ लिख कर इस समाज में एक बेहतर स्थान प्राप्त कर सके और एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सके। पुलिस टीम द्वारा उक्त बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया।

## जेल में लगी लोक अदालत, पांच को मिली रिहाई

**पानीपत।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सुदेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को दूसरी विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उनके मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित शर्मा द्वारा अप्रैल माह में जिला जेल, पानीपत में कैदियों के लिए दूसरी विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सीजेएम अमित शर्मा ने कैदियों की समस्याओं को सुना व जेल अधीक्षक को उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। इस लोक अदालत में 14 मामले रखे गए।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को: सीजेएम

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 मई को न्यायिक परिसर सेक्टर-12 में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवादी इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए पिछले लगभग डेढ़ दशक से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, तो भी वह आपसी सहमति सुलह करके राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण कर सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। कानूनी रूप से राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह किए गए केसों का भी अन्य केसों



के बराबरी ही होती है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत कैसे लाभ मिलते हैं। सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाता है । डालसा सचिव ने आगे बताया कि आपसी सहमति से हल होने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

# अग्रवाल कॉलेज की छात्राओं ने जीते पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उडान 1.0 (17-18 अप्रैल 2023) में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न स्पधाओं में बाजी मारी। छात्राओं ने वाद - विवाद प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया । अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्रा सुजाता बी. ए द्वितीय वर्ष ने वाद विवाद प्रतियोगिता में शीर्षक- 'सदन के मत में सोशल मीडिया एक वरदान है- के पक्ष में राष्ट्रीय भाषा हिंदी में प्रथम



स्थान प्राप्त कर 2100रू का नगद पुरस्कार प्राप्त किया वहीं छात्रा हिमिका ने विपक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 1800रू का नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किया । अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकांत गुप्ता ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ0 कृष्णकांत गुप्ता ने छात्राओं की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके मन-मस्तिष्क में राष्ट्रवाद व राष्ट्रीय निर्माण के प्रति सकारात्मक समझ व दृष्टिकोण विकसित करती हैं। डॉक्टर यशिका यादव, फैमिली कोर्ट, फरीदाबाद में विजयी छात्राओं को नगद पुरस्कार व सर्टिफिकेट प्रदान किए। राज्य - स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ. के.एल. कोशिक व इंचार्ज डॉ. पूजा सैनी के कुशलमार्गदर्शन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य- डॉ. डिम्पल व मिस्टर सुभाष ने छात्राओं को जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी।

# 2023-24 में दाखिले और स्कॉलरशिप के लिए 23 अप्रैल को होगी परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** अगर एनीमेशन, वीएफएक्स, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, लिबरल आर्ट्स, और रोबोटिक्स जैसे आधुनिक कोर्स आपकी पहली पसंद हों, बीए व बीकॉम जैसे परंपरागत कोर्सों में दाखिला लेना चाहते हों या फिर किसी स्पेशलाइजेशन के साथ डिग्री पूरी करना चाहते हों मानव रचना में आपके इन सभी के विकल्प मिलेंगे। शैक्षणिक सत्र 2023-24 को लेकर मानव रचना में दाखिले के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 21 अप्रैल को समाप्त हो रही है। इसके लिए छात्र वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

**23 अप्रैल के होगी एंट्रेस कम**




**स्कॉलरशिप परीक्षा**

संस्थान में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया का दौर 21 अप्रैल तक जारी रहेगा। इसके बाद 23 अप्रैल को हाइब्रिड मोड में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा में प्राप्त हुए अंकों के आधार पर छात्रों को चयनित कोर्सों के लिए 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। दाखिला लेने के इच्छुक छात्र इस परीक्षा में शामिल होकर फीस में छूट का लाभ पा सकते हैं।

**परंपरागत कोर्स स्पेशलाइजेशन के साथ कर सकेंगे**

परंपरागत कोर्स के साथ स्पेशलाइजेशन डिग्री लेने के इच्छुक छात्रों के लिए संस्थान में कई बेहतरीन विकल्प मौजूद हैं। इन कोर्सों के जरिए छात्र बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए जैसे कोर्स स्पेशलाइजेशन मोड में कर प्रोफेशनल डिग्री पा सकते हैं। इनमें बीए (मीडिया एंड कम्यूनिकेशन), बीएससी (कुलीनरी आर्ट), बीएससी हॉस्पिटेलिटी, बीटेक विद रोबोटिक्स एंड आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इंजीनियरिंग, बीएससी बीएड इंटीग्रेटिड, बीकॉम विद एसीसीए कोर्स, बीबीए डिजिटल मार्केटिंग, बी डिजाइन विद एनीमेशन एंड वीएफएक्स जैसे कोर्स खास हैं। संस्थान में बीबीए (ग्लोबल) इंटरनेशनल बिजनेस कोर्स ऑकलैंड इंस्टीट्यूट ऑफ स्टडीज (एआईएस) न्यूजीलैंड के साथ कराया जा रहा है। इसी तरह बीए मीडिया एंड कम्यूनिकेशन (इंटरनेशनल) कोर्स वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया के संग मिलकर कराया जा रहा है। इन कोर्सों के तहत छात्र क्रेडिट लेकर अंतिम वर्ष में विदेशों के संबंधित संस्थानों में जाकर पढ़ाई पूरी करेंगे और उन्हें वहीं की डिग्री दी जाएगी। डॉ. गौरी भसीन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, मार्केटिंग, एडमिशन एंड आउटरीच, एमआरईआई, "संस्थान में दाखिले के लिए छात्र ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। छात्रों की दाखिला और करियर संबंधी दुविधाओं को दूर करने के लिए परिसर में काउंसलिंग टीम मौजूद हैं।

# साढ़े 500 पुलिसकर्मियों ने गैंगस्टर्स के सहयोगियों पर बोला धावा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम** जिला में गैंगस्टर्स के सहयोगियों पर प्रहार करते हुए बुधवार की सुबह 6 बजे से जिला पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार व अन्य सामान बरामद किया। जिला के करीब 550 पुलिस कर्मियों के साथ 7 एसीपी और 9 एसएचओ के अमले ने गैंगस्टर्स के करीबियों पर धावा बोला। पुलिस आयुक्त गुरुग्राम के मार्गदर्शन में डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह व डीसीपी पश्चिम भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने पटौदी के गांव खोड़, जट शाहपुर, बसुंडा, गोरियावास, खंडेवला, तिरपडी, बोहडा खुर्द, ताजनगर, शक्ति पार्क सेक्टर-10, नखडोला, बसई इत्यादि स्थानों सहित 19 ठिकानों पर एक साथ रेड की। पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन के मुताबिक इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले से संगठित अपराध को ध्वस्त करना व अपराधियों के नेटवर्क को खत्म करना था। छापेमारी, तलाशी अभियान के दौरान गैंगस्टर्स के करीबियों के घरों से 67 मोबाइल फोन, 2 टेबलेट, बैंक खाते, 13 सिम, 4 डोंगल वाई-फाई, 7 रजिस्ट्री सर्टिफिकेट, जमीन की फर्द, कार्ड, स्टेटमेंट्स, 1 गाड़ी (स्कॉर्पियो), 1 फॉर्च्यूनर गाड़ी, 1 ट्रैक्टर, 3 मोटरसाइकिल, 1 स्कूटी, 10 हस्ताक्षर किए हुए ब्लेंक चेक, 2 नोट गिनने की मशीनें व 2 लाख 97 हजार 822 नगदी बरामद की। इसके अलावा एक खुखरी लंबा चाकू सुमित उर्फ बबुआ निवासी फरुखनगर से, 1 मैगजीन संदीप निवासी तिरपडी व 1 चाकू सेक्टर-10 में एक महिला से बरामद कर उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग अंकित किए गए।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 20 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 10 राज्यों में तापमान 40 डिग्री पार

## 7 राज्यों में हीटवेव:एमपी-राजस्थान में बारिश के आसार, महाराष्ट्र में खुली जगहों पर दोपहर में रैली बैन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश के** 10 राज्यों में तापमान पिछले 24 घंटे में 40 डिग्री के पार चला गया है। इन राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार भी शामिल हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2 दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, ओडिशा, बंगाल, झारखंड और आंध्र में हीटवेव चलेगी। राजस्थान और मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन बारिश के आसार हैं। राजस्थान, एमपी, तेलंगाना में कई इलाकों में मंगलवार को तेज हवा के साथ बारिश भी हुई। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हुई है।

**केंद्र की एडवाइजरी: राज्य प्रवासी मजदूरों का खास ध्यान रखें:** केंद्र सरकार ने राज्यों से मजदूरों के लिए गर्मी से बचाव के इंतजाम करने के लिए कहा है। इंडस्ट्रीज और कंस्ट्रक्शन कंपनियों से अपने वर्कर्स को ठंडा पानी, ओआरएस और गर्मी से संबंधित बीमारियों की दवाइयां मुहैया कराने के लिए कहा गया है।

**महाराष्ट्र में दोपहर 12 से 5 बजे तक खुली जगहों पर रैली बैन:** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच सभी खुली सार्वजनिक सभाओं/ रैलियों पर बैन लगा दिया है। यह कदम महाराष्ट्र भूषण अवार्ड समारोह के आयोजन में 14 लोगों की मौत के 3 दिन बाद लिया गया है जम्मू-कश्मीर- जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में मंगलवार को बारिश और बर्फबारी हुई। एलओसी के पास माछिल में 3 इंच बर्फ गिरी। श्रीनगर समेत कई इलाकों में बारिश भी हुई।




**दिल्ली-** दिल्ली के कई हिस्सों में लू चली। यहां लगातार 4 दिनों से तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड हो रहा है।

**उत्तर प्रदेश-** राज्य के कई राज्य गर्मी से बेहाल रहे। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और हमीरपुर 44.2 डिग्री तापमान के साथ सबसे ज्यादा गर्म रहे।

**पश्चिम बंगाल-** पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा तापमान बांकुरा जिले में 43.7 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं कोलकाता में 40 डिग्री तापमान रहा।

### यूपी के कई जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी



**लखनऊ:** एक तरफ पूरा उत्तर प्रदेश गर्मी से बेहाल है। कई जगह तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। वहीं मौसम विभाग ने अब से कुछ देर पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज व बिजली चकमने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अगले दो दिनों में मौसम बदलेगा। सबसे ज्यादा असर सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाके में देखने को मिलेगा। आज भी प्रदेश के कुछ जिलों मे बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### नॉर्थ-वेस्ट इंडिया में 2-4 डिग्री तक कम होगा तापमान

**मौसम** विभाग के मुताबिक, वेस्टर्न हिमालय रीजन में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। इसके चलते नॉर्थ-वेस्ट इंडिया में बारिश होगी, जो 21 अप्रैल तक चल सकती है। इससे अगले दो दिन में तापमान में 2-4 डिग्री की कमी आ सकती है और उसके बाद 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

**उत्तर भारत के कई राज्यों में हल्की बारिश का अनुमान:** उत्तर भारत के कई राज्यों में हल्की बारिश हो सकती है। इन राज्यों में पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। अगले 4 दिनों में महाराष्ट्र के भी कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है और सेंट्रल महाराष्ट्र में ओले गिर सकते हैं।

**इस साल पड़ेगी सामान्य से ज्यादा गर्मी:** इससे पहले मौसम विभाग ने कहा था कि इस साल जून से अप्रैल तक देश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। वहीं, सेंट्रल, ईस्ट और नॉर्थ-वेस्ट हिस्से में लू भी सामान्य से ज्यादा चलेगी।

## न्यूज फ्लैश

### 'अतीक की पत्नी को मुजरिम बनाना गलत'

**टीम एक्शन इंडिया/बरेली**

**अतीक-अशरफ** की हत्या के बाद इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने बुधवार से अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान किया था। लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही नजरबंद कर धरना स्थल पर जाने नहीं दिया। पूरे इलाके में पीएसी-पैरामिलिट्री फोर्स और स्थानीय पुलिस ने पैदल गश्त पर है। इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। नजरबंद किए गए मौलाना तौकीर रजा ने एक फिर अतीक-अशरफ की हत्या का जिम्मेदार प्रदेश सरकार और उनके अधिकारियों को ठहराया है। तौकीर रजा ने अतीक और अशरफ की पत्नी का पक्ष लेते हुए कहा की अगर कोई आतंकवादी मारा जाता है, तो उनकी ख्वातिन (पत्नी) को मुजरिम नहीं बनाया जाता है। उन्हें मुजरिम बनाया गया है जो गलत है। इसका मतलब ये हुआ कि प्रदेश सरकार अतीक के खानदान से दुश्मनी निकाल रही है। प्रदेश सरकार पूरे खानदान को तबाह करना चाहती है। आगे उन्होंने कहा कि अतीक और अशरफ दोनों की बीवियां इद्दत (शौहर के मरने के बाद महिलाएं एकांत में रहती) में होगी। अगर वो मिल जाए तो उनको बेपर्दा न किया जाए, जब तक इद्दत पूरी न हो जाए। उन्हें गिरफ्तार करने की जगह इद्दत के समय तक उन्हें हाउस अरेस्ट किया जाए। तौकीर रजा ने कहा की मैं संविधान और अदालतों की हिमायत में धरना प्रदर्शन करने जा रहा था। लेकिन मुझे बलपूर्वक जबरदस्ती रोक दिया गया। उन्होंने कहा कत्ल करवाओ अपने गुंडो से, फिर 144 लगा दो। लोगों को घर से निकलने से रोको। अदालतों को घर बैठाने पर विवश किया जा रहा है। जो तीन शूटर सामने आए वो एक्टर थे, डायरेक्टर तो कोई और था, जिसने पूरी स्क्रिप्ट लिखी है।

### ऋषिकेश में दिनभर धूल भरी हवा चलती रही

**ऋषिकेश:** तीर्थ नगरी ऋषिकेश में बुधवार को दिनभर धूल भरी हवा चलती रही। गर्मी के बीच धूल के गुब्बार से सड़कों पर चलना मुश्किल रहा। जहां-तहां चल रहे निर्माण कार्य के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। चिकित्सकों की सलाह है कि सांस और दमा के रोगी विशेष सावधानी बरतें। मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच अब गर्मी जोर पकड़ने लगी है। मंगलवार का दिन काफी गर्म रहा था। आज बुधवार को भी सुबह से ही मौसम में गर्माहट थी, लेकिन हवा बहुत हल्की थी। दिन चढ़ने के साथ हवा तेज हो गई और चारों तरफ धूल का गुब्बार उठने लगा।तेज हवाओं में कई जगहों पर दुकानदारों का सामान भी गिर गया। हरिद्वार रोड पर पुरानी चुंगी के समीप सड़क चौड़ीकरण के लिए की गई खुदाई से आज दिक्कतें काफी बढ़ती नजर आई। यहां बाइक-स्कूटी सवारों को तो रुकना पड़ा और चौपहिया व अन्य वाहनों के चालकों को भी गति कम करनी पड़ी।

नगर के सरकारी चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. मुकेश पांडे का कहना है कि धूल से सांस एवं दमा के रोगियों की परेशानी बढ़ सकती है।

## अमृतपाल के साथियों का परिवार नहीं जाएगा डिब्रूगढ़



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**


वारिस पंजाब दे मुखी अमृतपाल सिंह के खिलाफ चलाए गए अभियान में एनएसए लगा डिब्रूगढ़ जेल भेजे गए 9 साथियों से उनके पारिवारिक सदस्य अभी मिलने नहीं जाना चाहते। अमृतपाल सिंह के 9 साथियों में से 7 ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को अभी जाने से इनकार कर दिया है। वहीं एक्टर दलजीत कलसी का परिवार खुद डिब्रूगढ़ पहुंचेगा। बीते दिनों अमृतसर की तरफ से पारिवारिक सदस्यों को 20 अप्रैल गुरुवार को मिलने की परमिशन दी गई थी। जिसकी तैयारियों के लिए 18 अप्रैल को तरफ से सभी 9 आरोपियों के पारिवारिक सदस्यों से संपर्क किया गया ताकि 19 अप्रैल को अमृतसर से रवाना हो सकें, लेकिन 9 में से 7 पारिवारिक सदस्यों ने अभी जाने से मना कर दिया है।

**फसलों की कटाई व सड़क मार्ग से जाने से किया इनकार:** अधिकतर पारिवारिक सदस्यों का कहना है कि खेतों में फसलें पक चुकी हैं। इस बीच वे डिब्रूगढ़ जेल अभी नहीं जा सकते। वहीं कुछ का कहना है कि वे सड़क मार्ग से डिब्रूगढ़ नहीं जाना चाहते। उन्हें हवाई मार्ग से भेजा जाना चाहिए। लेकिन से सड़क मार्ग से ले जाने की तैयारियां की जा रही थी।

**पपलप्रीत का परिवार हुआ रवाना:** 7 आरोपियों के पारिवारिक सदस्यों ने साफ मना कर दिया। जबकि पपलप्रीत सिंह के पारिवारिक सदस्य सुबह डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं।

## चारधाम यात्रा को हेलीसेवा बुकिंग से पहले करें सत्यापन





**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**पुलिस** ने आगामी चारधाम यात्रा में साइबर ठगों से बचाव के लिए बिना वेबसाइट सत्यापन के हेलीसेवा टिकट बुक नहीं करने की अपील की है। इसके लिए पुलिस की ओर से दो नंबर जारी किये गये हैं। एसटीएफ और साइबर क्राइम पुलिस हेली सेवा के नाम पर प्रयोग की जा रही अब-तक कुल 08 फर्जी वेबसाइटों को बंद कराया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से समय-समय पर बैठकें कर प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा में जनता को साइबर ठगी से बचाव के लिए अधिकारियों को लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक की ओर से एसटीएफ और साइबर पुलिस को ठगी करने वाले पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिये गये हैं। फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर देश के विभिन्न राज्यों में लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही है। पिछले वर्ष भी कई साइबर ठगी की शिकायतें साइबर थाने पर प्राप्त हुई थी, जिसमें विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ चारधाम यात्रा हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर ठगी की गई थी। इस प्रकार की ठगी का मुख्य कारण यह था कि लोगों को चार धाम यात्री की हेली सेवा बुकिंग की आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी। इस वर्ष चार धाम यात्रा के लिए हेलीकाप्टर सेवा की आधिकारिक बुकिंग 08 अप्रैल से प्रारम्भ हो चुकी है। जिसमें आईआरसीटीसी की ओर से अपनी वैबसाईट को चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अधिकृत किया गया है।

### बरतें सावधानी

- क्राइम पुलिस हेली सेवा के नाम पर प्रयोग की जा रही अब-तक कुल 08 फर्जी वेबसाइटों को बंद कराया है

## 'उन्नति एप्पल योजना किसानों को मजबूत बनाएगी'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** ने बुधवार को जीएमएस रोड स्थित वाडिया भू विज्ञान संस्थान में इंडो डच हार्टिकल्चर और कोका कोला इंडिया की 'संकल्प से परिवर्तन की ओर' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेब उत्पादन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया। उन्नति एप्पल योजना के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए इंडो डच हार्टिकल्चर और कोका कोला इंडिया सहयोग कर रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जीवन में किसी लक्ष्य को पाने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ना बहुत जरूरी है। जब हम किसी लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लेते हैं तभी कोई परिवर्तन आता है। कोका कोला इंडिया तथा इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी ने जिस कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया था, उसे सिद्धि तक पहुंचा रहे हैं। इसके अंतर्गत नाबार्ड के सहयोग से 18 हजार पॉली हाउस की स्थापना के लिए 280 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। सेब उत्पादन को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए एप्पल मिशन के तहत 35 करोड़ की योजना को भी प्रारंभ किया गया है। राज्य में उच्च मूल्य वाली फसलों कीवी, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी आदि को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।



### सम्मानित किया

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेब उत्पादन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया

## निकाय चुनाव में मायावती ने नहीं करेंगी प्रचार-प्रसार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए लगभग सभी राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इसी के साथ प्रचार-प्रसार भी तेज हो गया है। राजनीतिक गलियारों से आ रही खबर पर यकीन करें तो बसपा प्रमुख मायावती ने इस चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारे जरूर हैं लेकिन उनके प्रचार के लिए वे खुद प्रचार के मैदान में उतरने नहीं जा रही हैं। इससे जहां बसपा के उम्मीदवारों की पेशानियों पर बल पड़े हुए हैं।

**पौराणिक तीर्थ चित्रकूट** — कण-कण में आज भी भगवान श्रीराम के पद चिन्हों के दर्शन मिलते हैं

## 'राम शैय्या' पर आज भी मौजूद हैं श्रीराम-सीता के शयन चिह्न

**टीम एक्शन इंडिया/चित्रकूट**

**विश्व** प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में भगवान नारायण (विष्णु) ने स्वयं प्रभु श्रीराम के रूप में साढ़े 11 वर्षों तक तपस्या की थी। ब्रह्मांड के इस अद्वितीय तीर्थ के कण-कण में आज भी भगवान श्रीराम के पद चिन्हों के दर्शन मिलते हैं। राम शैय्या इन्हीं पावन स्थलों में से एक है। जहां प्रभु श्रीराम ने देवी सीता के साथ शयन करते थे। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत देश भर से लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष इस प्रमुख ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं।






अनादि,अचल एवं ऐतिहासिक पावन तीर्थ चित्रकूट भगवान श्रीराम के उपासकों के लिए अद्वितीय आध्यात्मिक ऊर्जा स्थली है। मान्यता है कि सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा ने पतित पावनी मां मन्दाकिनी के पावन तट पर सृष्टि यज्ञ किया था। वहीं ऋषि अगस्त,अत्रि ऋषि,महर्षि वाल्मीकि आदि देवऋषियों में इस पवित्र तीर्थ में तप कर जगत का कल्याण किया था। चित्रकूट की महिमा का बखान करते हुए डॉ. रामनारायण त्रिपाठी कहते हैं कि चित्रकूट ब्रह्मांड का सर्वश्रेष्ठ स्थल है। इसकी तुलना गोलोक से भी नहीं की जा सकती है। विंध्य पर्वत श्रृंखला के मध्य करीब 84 कोस में फैले पौराणिक धाम में सती जी की पांच सिद्ध शक्तिपीठ, पांच प्रमुख उप ज्योतिर्लिंग है। मनोकामना के पूरक कामदगिरि पर्वत के नीचे क्षीर सागर होने की बात का उल्लेख भी महर्षि वाल्मीकि द्वारा किया गया है। इसी वजह से कभी-कभी भगवान कामतानाथ जी के मुखारविंद से अमृत रूपी दुग्ध धारा का प्रवाह होता रहता है।

## कांग्रेस नेता ने अतीक के लिए की भारत रत्न की मांग





**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**कांग्रेस नेता** और वार्ड 43 से पार्षद उम्मीदवार माफिया अतीक अहमद के प्रेम में बहक गये। कांग्रेस नेता राजकुमार उर्फ रज्जू ने अतीक को भारत रत्न और शहीद का दर्जा देने की मांग कर डाली। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बहुत रोकना चाहा लेकिन वह अपनी रौ में कहते चले गये। अंततः जिलाध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। कांग्रेस वार्ड 43 से पार्षद उम्मीदवार राजकुमार ने कहा कि जब मुलायम सिंह को पद्म विभूषण मिल सकता है तो अतीक को भारत रत्न क्यों नहीं दिया जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी पर आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की भी मांग कर डाली। इस दौरान कई कांग्रेसी नेताओं ने उन्हें रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार ही नहीं थे। अंत में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की कार्यवाही की।

कई कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि गर्मी बहुत पड़ रही है। लगता है, इनका दिमाग फिर गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र ने बताया कि राजकुमार उर्फ रज्जू को माफिया अतीक से सम्बंधित बयान से रोके जाने के बावजूद ऐसा करने पर पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रज्जू का उक्त बयान उनका निजी बयान है। इससे पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी द्वारा पार्षद उम्मीदवारी वापस ली जाती है।

